Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 137
लखनऊ, शुक्रवार, 7 मार्च 2025
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

Established 1865
पायनियर
लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर
राष्ट्रीय-10
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन की वकालत की

ब्रिटेन में जयशंकर की सुरक्षा में चूक

इंग्लैंड के चैथम हाउस में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रॉनवेन मैडॉक्स की निदेशक और सीईओ के साथ बातचीत के दौरान। पीटीआई

भारत ने जताया ऐतराज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यू.के. यात्रा के दौरान खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों के सुरक्षा तोड़ने की बृहस्पतिवार को कड़ी आपत्ति जताई और ऐसी भड़काऊ गतिविधियों की निंदा की। साथ ही कहा कि उम्मीद करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने राजनयिक जिम्मेदारियों का पूरी तरह से पालन करेगी। यह घटना बुधवार को लंदन में उस समय हुई जब मंत्री एक कार्यक्रम में शामिल होकर चैथम हाउस से बाहर निकल रहे थे। तभी खालिस्तान समर्थकों ने विदेश मंत्री की कार को घेर लिया और तिरंगा लेकर उनके सामने पहुंचे और उसे फाड़ दिया। विदेश मंत्री मंगलवार से यू.के. और आयरलैंड की अपनी छह दिवसीय यात्रा के पहले चरण में लंदन में थे, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों की खोज करना है।

इस बीच ब्रिटेन ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा में सेंध लगाकर उनके काफिले की ओर खालिस्तान समर्थक चरमपंथी के बढ़ने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों को डराने, धमकाने या बाधित करने के ऐसे प्रयास पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुई सुरक्षा संबंधी चूक की घटना के फुटेज देखे हैं। हम अलगाववादियों और चरमपंथियों के इस छोटे समूह की, उकसावे वाली गतिविधियों की निंदा करते हैं। जायसवाल ने कहा, हम ऐसे तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए जाने की निंदा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि ऐसे मामलों में मेजबान सरकार अपने कूटनीतिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी।

सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों का एक छोटा समूह पीले झंडे पकड़े हुए चैथम हाउस से सड़क के दूसरी तरफ भारत और जयशंकर के खिलाफ नारे लगाते हुए दिखाई दे रहा था। जब जयशंकर संस्थान से निकलने वाले थे, तो एक खालिस्तानी प्रदर्शनकारी पुलिस सुरक्षा का घेरा तोड़कर जयशंकर के काफिले की ओर भागने की कोशिश करता हुआ दिखाई दिया। लंबे और दाढ़ी वाले इस व्यक्ति ने मंत्री के काफिले के सामने खड़े होकर उन्हें रोकने की भी कोशिश की। मेट्रोपॉलिटन पुलिस अधिकारियों ने उस व्यक्ति को तुरंत अपने साथ ले लिया। खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों द्वारा सुरक्षा भंग करने की यह पहली ऐसी घटना नहीं थी। इससे पहले मार्च, 2023 में, कुछ खालिस्तान समर्थकों ने लंदन में भारतीय उच्चायोग में भारतीय ध्वज को नीचे गिरा दिया, जिस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। घटना के बाद, भारत ने दिल्ली में सबसे वरिष्ठ ब्रिटिश राजनयिक को तलब किया और मिशन में सुरक्षा की पूरी तरह से अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगा। भारत ब्रिटेन से ब्रिटिश धरती से सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस बीच, 9 मार्च को समाप्त होने वाली अपनी ब्रिटेन (शेष पृष्ठ 9)

बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार

बिस्वजीत बनर्जी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उत्तर प्रदेश के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और पंजाब पुलिस ने एक बड़े आतंकवाद निरोधी अभियान में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान पंजाब के अमृतसर के रामदास क्षेत्र के कुरलियां गांव निवासी आरोपी लजर मसीह को तड़के करीब 3:20 बजे गिरफ्तार किया गया। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लजर मसीह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान एक बड़े आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा, हालांकि, धार्मिक आयोजन में कड़ी सुरक्षा जांच के कारण वह अपनी योजना को अंजाम देने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल के इस आतंकी की गिरफ्तारी से पाकिस्तान से भारत में हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी की पुष्टि भी हुई है। मसीह पाकिस्तान में आईएसआई के तीन एजेंटों के संपर्क में था और वह पूर्व में हथियारों और हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है, लेकिन 24 सितंबर 2024 को अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में इलाज के दौरान भाग गया था और तब से गिरफ्तारी से बच रहा था। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस ने भी महाकुंभ के दौरान एक बड़े आतंकवादी हमले की योजना बनाई थी। एसटीएफ ने आतंकी के पास से कुछ विस्फोटक सामग्री और (शेष पृष्ठ 9)

भारत प्रत्यर्पण पर तहव्वुर राणा ने की रोक लगाने की मांग

एजेंसी। न्यूयॉर्क

मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने भारत में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में एक आपातकालीन आवेदन दायर किया है, जिसमें दावा किया गया है कि चूंकि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है, इसलिए उसे वहां प्रताड़ित किया जाएगा। 64 वर्षीय राणा, पाकिस्तानी मूल का एक कनाडाई नागरिक है, जो वर्तमान में लॉस एंजिल्स में एक महानगरीय हिरासत केंद्र में बंद है। उसे पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़े होने के लिए जाना जाता है, जो 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। राणा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट के सर्किट जस्टिस के पास आपातकालीन आवेदन दायर किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने घोषणा की थी कि उनके प्रशासन ने 26/11 हमलों में अपनी भूमिका के लिए भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित 'बहुत दुष्ट' राणा के प्रत्यर्पण को भारत में न्याय का सामना करने के लिए मंजूरी दे दी है। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उसकी समीक्षा याचिका को खारिज किए जाने के बाद यह कदम उठाया गया।

अब, राणा 13 फरवरी को दायर की गई याचिका के गुण-दोष के आधार पर मुकदमेबाजी (सभी अपीलों की समाप्ति सहित) तक अपने प्रत्यर्पण और भारत के समक्ष आत्मसमर्पण पर रोक लगाने की मांग कर रहा है। उस याचिका में, राणा ने तर्क दिया कि भारत में उसका प्रत्यर्पण संयुक्त राज्य अमेरिका के कानून और यातना के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का उल्लंघन करता है, क्योंकि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि, यदि उसे भारत को प्रत्यर्पित किया जाता है, तो याचिकाकर्ता को यातना के अधीन होने का खतरा होगा। आवेदन में कहा गया, इस मामले में यातना की संभावना और भी अधिक है, क्योंकि याचिकाकर्ता मुंबई हमलों में आरोपी पाकिस्तानी मूल के मुस्लिम के रूप में गंभीर जोखिम का सामना कर रहा है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि उसकी गंभीर चिकित्सा स्थिति भारतीय हिरासत सुविधाओं में प्रत्यर्पण को इस मामले में वास्तव में मौत की सजा देती है। इसने जुलाई 2024 के मेडिकल रिकॉर्ड का हवाला दिया, जिसमें दिखाया गया कि उसे दिल के दौरे, संज्ञानात्मक गिरावट के साथ पार्किंसंस रोग, मूत्राशय के कैंसर का संकेत, चरण 3 क्रोनिक किडनी रोग, और क्रोनिक अस्थमा का इतिहास, और कई कोविड-19 संक्रमण शामिल हैं। इसके अनुसार, याचिकाकर्ता ने निश्चित रूप से एक विश्वसनीय, यदि सम्मोहक नहीं, तो तथ्यात्मक मामला उठाया है कि वास्तव में यह मानने के (शेष पृष्ठ 9)

ट्रंप की हमास को आखिरी चेतावनी

एजेंसी। वाशिंगटन

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को हमास को गाजा में बंधक बनाए गए सभी शेष बंधकों को रिहा करने के लिए 'अंतिम चेतावनी' दी है। व्हाइट हाउस द्वारा हमास की हाल ही में आतंकवादी समूह के साथ अभूतपूर्व प्रत्यक्ष वार्ता के लिए दूत भेजने की पुष्टि के बाद ट्रंप की तरफ से यह तीखे शब्दों में संदेश दिया गया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आठ पूर्व बंधकों के साथ बैठक के तुरंत बाद अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक बयान में कहा कि वह 'इज़राइल को वह सब कुछ भेज रहे हैं जो उसे काम पूरा करने के लिए चाहिए।' ट्रंप ने कहा, सभी बंधकों को अभी रिहा करें, बाद में नहीं, और जिन लोगों की आपने हत्या की है, उनके शवों को तुरंत वापस करें, अन्यथा आपके लिए सब खत्म हो जाएगा। केवल बीमार और विकृत लोग ही शव रखते हैं, और आप बीमार और विकृत हैं। ट्रंप की ओर से यह तीखी भाषा व्हाइट हाउस द्वारा यह कहे जाने के बाद आई कि अमेरिकी अधिकारी हमास अफसरों के साथ चल रही वार्ता और चर्चा में लगे हुए हैं, जो आतंकवादी समूह से सीधे तौर पर न जुड़ने की लंबे समय से चली आ रही अमेरिकी नीति से अलग है। (शेष पृष्ठ 9)

समीर वानखेडे के मुंबई से स्थानांतरण पर लगी रोक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने आईआरएस अधिकारी समीर वानखेडे का मुंबई से चेन्नई तबादला यह कहते हुए रद्द कर दिया कि राजस्व विभाग ने अपने स्वयं के तबादला दिशानिर्देशों का स्पष्ट तौर पर उल्लंघन किया है। वर्ष 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी वानखेडे वर्ष 2021 में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई में अपने कार्यकाल के दौरान बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के परिवार से उनके बेटे आर्यन खान को कॉर्डेलिया क्रूज मादक पदार्थ मामले में कथित तौर पर फंसाने की धमकी देकर 25 करोड़ रुपए की मांग को लेकर सुर्खियों में आए थे।

न्यायमूर्ति रंजीत मोरे और सदस्य राजिंदर कश्यप की कैट की मुख्य पीठ ने राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी स्थानांतरण निर्णय में प्रक्रियात्मक खामियां और संभावित पूर्वाग्रह पाया। अधिकरण ने कहा कि हालांकि सरकारी अधिकारियों का अखिल भारतीय सेवा दायित्व होता है, लेकिन स्थानांतरण नीतियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत तरीके से लागू किया जाना चाहिए। कैट के 20 फरवरी के आदेश में कहा गया है, हम इस तथ्य से भली-भांति अवगत हैं कि यह एक स्थापित कानून है कि स्थानांतरण, जो सेवा का हिस्सा है, में अदालतों द्वारा तब तक हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि यह स्पष्ट रूप से मनमाना या दुर्भावनापूर्ण या स्थानांतरण को नियंत्रित करने वाले किसी भी घोषित मानदंड या सिद्धांत के उल्लंघन प्रभावित न हो। हालांकि, प्रतिवादियों का कदम ऐसा है जो उनके द्वारा निर्धारित नीतिगत ढांचे के अंतर्गत नहीं आता है। पीठ ने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा उद्धृत निर्णय उसका बचाव नहीं करेंगे, क्योंकि उसने वानखेडे को स्थानांतरित करते समय दिशा निर्देशों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन किया था। उसने कहा, अत्यंत संयम के साथ, हम प्रतिवादियों पर जुर्माना लगाने से बच रहे हैं। आवेदक का स्थानांतरण प्रतिवादियों द्वारा 12 अप्रैल, 2018 को जारी भारतीय राजस्व सेवा (सीएंडसीई) अधिकारियों के लिए नए स्थानांतरण तैनाती (शेष पृष्ठ 9)

रोजा नहीं रखने पर शमी को घेरा

बिस्वजीत बनर्जी। लखनऊ

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी की रमजान के दौरान रोजा न रखने पर आलोचना की है। मौलवी ने कहा कि रोजा इस्लाम में अनिवार्य कर्तव्य है और जो कोई भी जानबूझकर इससे बचता है, वह पाप करता है। मौलाना रजवी ने दावा किया कि रोजा न रखने का फैसला करके शमी ने इस्लामी कानून की नजर में बहुत बड़ा पाप किया है। इस्लाम में रोजा रखना बुनियादी कर्तव्यों में से एक है। अगर कोई स्वस्थ व्यक्ति रोजा नहीं रखता है, तो वह धार्मिक दृष्टि से दोषी है। उन्होंने कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान मोहम्मद शमी को पानी पीते देखा गया, जिसका मतलब है कि वह रोजा नहीं रख रहा था। यह इस्लाम में एक गंभीर अपराध है।

मौलवी ने कहा कि चूंकि शमी मैच खेल रहे थे, इसलिए यह संकेत है कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। मौलाना रजवी ने कहा, अगर वह खेलने में सक्षम था, तो वह रोजा रखने में भी सक्षम था। सार्वजनिक रूप से पानी पीकर उसने समुदाय को गलत संदेश दिया है। उसे इसके लिए अल्लाह को जवाब देना होगा। मौलवी की टिप्पणी पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जहां कुछ धार्मिक हस्तियों ने अपनी निराशा व्यक्त की, वहीं अन्य ने क्रिकेटर का बचाव करते हुए तर्क दिया कि पेशेवर एथलीटों की अक्सर अपने खेल की शारीरिक मांगों के कारण अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं। मौलाना जहीर खान ने इस विवाद को बेवजह बताया। इस्लाम एक प्रगतिशील धर्म है। इसमें रोजा रखने वाले लोगों के लिए कुछ निषेध हैं। यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह उस दिन रोजा रखता है या नहीं। शमी के मामले में, उन्होंने कहा, वह राष्ट्रीय कर्तव्य पर है और यह सबसे महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक खेल के दौरान उसका शरीर पानी की कमी न हो। इसलिए, मैच के दिनों में पानी पीना या रोजा न रखना जायज़ है।

शमी के कोच मोहम्मद बदरुद्दीन ने आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि गेंदबाज गलत नहीं है। उन्होंने कहा, देश से ऊपर कुछ भी नहीं है। शमी अपने देश के लिए खेल रहे हैं और यही प्राथमिकता होनी चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता और एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने शमी का बचाव करते हुए कहा कि खेल और धर्म को आपस में नहीं जोड़ा जाना चाहिए। पाठक ने कहा, शमी एक समर्पित खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई मौकों पर भारत को गौरव दिलाया है। अगर उन्हें लगता है कि उपवास उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है, तो यह उनके लिए एक कठिन निर्णय रहा होगा। वह एक गौरवान्वित भारतीय हैं और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए। शमी ने ऑस्ट्रेलिया पर भारत की चार विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाने में मदद मिली। शमी की अगुआई में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण ने ऑस्ट्रेलिया को 264 रनों पर रोक दिया, जिसमें तेज गेंदबाज ने अपने (शेष पृष्ठ 9)

विवाद के बाद भैयाजी जोशी ने कहा, 'मुंबई की भाषा मराठी'

टीएन रघुनाथ। मुंबई

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नेता भैयाजी जोशी ने बृहस्पतिवार को अपने बयान 'मुंबई में बाहर से आने वालों को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है' के बयान से बृहस्पतिवार को पलटी मारते हुए कहा है कि मुंबई की भाषा मराठी है और इस महानगर में रहने वालों से 'मराठी सीखने, समझने और पढ़ने' की उम्मीद करना स्वाभाविक है। शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे ने जिस दिन भैयाजी जोशी के बयान के लिए उन पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की, उसी दिन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को मामले में हस्तक्षेप करने और राज्य विधानसभा में एक बयान जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसमें उन्होंने कहा कि मराठी मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा है। यह महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न अंग है और इसका सम्मान और संरक्षण किया जाएगा। जोशी द्वारा छेड़ी गई राजनीतिक आग को शांत करने की कोशिश करते हुए फडणवीस ने राज्य विधानसभा में एक स्पष्ट बयान दिया, 'मराठी मुंबई, महाराष्ट्र की भाषा है। राज्य सरकार और यहां रहने वाले लोगों को इसे अपनाना चाहिए। मराठी भाषा महाराष्ट्र की संस्कृति और पहचान का हिस्सा है और इसे सीखना हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। महाराष्ट्र में मराठी भाषा का सम्मान और संरक्षण किया जाएगा और यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है।' मुख्यमंत्री के बयान के बाद जोशी ने मुंबई और महाराष्ट्र में मराठी के महत्व पर अपने रुख पर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने ने बुधवार रात उत्तर-पूर्व मुंबई के घाटकोपर में आयोजित एक समारोह में कथित तौर पर की गई टिप्पणी पर चल रहे विवाद को खत्म करने की कोशिश की।

घाटकोपर में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए जोशी ने कहा था, मुंबई में एक ही भाषा नहीं है, मुंबई में कई भाषाएं हैं। अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग भाषाएं हैं। उदाहरण के लिए, घाटकोपर की भाषा गुजराती है। इसी तरह, गिरगांव में आपको हिंदी बोलने वाले कम लोग मिलेंगे। वहां, आपको मराठी बोलने वाले लोग मिलेंगे... मुंबई आने वाले लोगों को मराठी सीखनी पड़ सकती है। जल्द ही जोशी को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) और कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। जोशी पर देशद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग करते हुए उद्धव ठाकरे ने आरएसएस नेता को गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पश्चिम बंगाल में इस तरह की टिप्पणी करने (शेष पृष्ठ 9)

पहली महिला फाइटर पायलट बनीं तनुष्का सिंह

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। फ्लाइंग ऑफिसर तनुष्का सिंह ने इतिहास रचते हुए जगुआर फाइटर जेट स्क्वाड्रन में स्थायी तैनाती पाने वाली पहली महिला पायलट बनने का गौरव हासिल किया है। यह न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भारतीय वायुसेना में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का एक और बड़ा संकेत है। तनुष्का जल्द ही अपनी स्क्वाड्रन में सक्रिय ड्यूटी पर तैनात होंगी, और यह उपलब्धि उन तमाम लड़कियों के लिए प्रेरणा है, जो आसमान की ऊंचाइयों को छूने का सपना देखनी हैं।

हालांकि कुछ अन्य महिला पायलटों ने प्रशिक्षण के दौरान जगुआर फाइटर जेट उड़ाया है, लेकिन फ्लाइंग ऑफिसर तनुष्का पहली महिला हैं, जिन्हें स्थायी रूप से इस स्क्वाट में शामिल किया गया है। यह लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना के बेड़े में अपनी टैक्टिकल स्ट्राइक क्षमता और सटीक हमले की ताकत के लिए जाना जाता है। मिलिट्री बैकग्राउंड से आसमान की ऊंचाइयों तक तनुष्का का परिवार हमेशा से देश सेवा से जुड़ा रहा है। उनके पिता और दादा भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जिससे उनके भीतर बचपन से ही राष्ट्र की सेवा का जज्बा रहा। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली तनुष्का वर्ष 2007 से मंगलुरु में रह रही हैं। उन्होंने डीपीएस एमआरपीएल स्कूल, सुरतकल से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और फिर शारदा पीयू कॉलेज, मंगलुरु से आगे की पढ़ाई की। वर्ष 2022 में उन्होंने मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की। (शेष पृष्ठ 9)

प्रदेश में 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार: मुख्यमंत्री

● गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को किया 100 करोड़ रुपए का ऋण व टूलकिट का वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि युवा देश की ऊर्जा हैं। इन्हें सही राह दिखाकर उचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। पीएम मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है। सीएम योगी ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपए का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। एमएसएमई विभाग की तरफ से लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। सीएम ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपये वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है।

जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

● सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 250 से अधिक लोगों की समस्याएं, बोले हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

प्रदेश सरकार ने मिल्कीपुर के विकास के लिए खोला खजाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जाने लगा है। इसी ्म में 106.60 लाख रुपये से विकास खण्ड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। मिल्कीपुर में विधानसभा के उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यह घोषणा की थी कि गहनाग बाबा धाम का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इस क्रम में कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि मिल्कीपुर में सड़कों के निर्माण व कुछ विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वह सब निर्माणाधीन हैं। गहनाग बाबा धाम आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए इसका पर्यटन विकास करने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद ही यहां सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। पौराणिक स्थलों को डेवलप करने के उद्देश्य से ही परिषद का वर्ष भर पहले गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि गहनाग बाबा धाम का निरीक्षण किया गया था। इसके बाद प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। स्वीकृति मिलने के बाद काम शुरू करा दिया गया है। जिसमें धर्म स्थल का सौंदर्यीकरण और सरोवर को कुंड का स्वरूप दिया जाएगा। वहीं दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड, बेंच का निर्माण, पेयजल और शौचालय का निर्माण कराया जाएगा।

सीएम योगी ने उमेश यादव के परिजनों को बंधाया ढांढ़स

लखनऊ/ गोरखुपर। सीएम योगी गुरुवार को स्वर्गीय उमेश यादव के गांव बुढ़ियाबारी पहुंचे। जंगल कौड़िया ब्लॉक के बुढ़ियाबारी गांव के प्रधान उमेश यादव (60) का 25 फरवरी को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने स्व. उमेश यादव के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम अनुभवी द्विवेदी लिख गया है जो कि गलत है। आधारकार्ड व शैक्षिक अभिलेखों में मेरा सही नाम अनुभवी पुत्री संतोष कुमार दूबे निवा. सिनी-ग्राम जमथरा, थाना-कौडिया, तहसील-करनैलगंज जिला-गोण्डा है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने दोनों पुत्रों इसरारुद्दीन एवं मेराजुद्दीन को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया अब मेरा मेरे पुत्रो से कोई वास्ता व सरोकार नही है।शाहजहाँ पत्नी जलालुद्दीन निवासिनी 536/2/71 न्यू मदेहगंज खदरा लखनऊ

NOTICE

I No.15449910Y, Rank-Sep/AA Name - Aheibam Langamba Meetei. Unit-AMC Records Lucknow, hereby declare that my son name Aheibam Thoungamb Meetei is wrongly entered in my service record office, correct name is Thoungamba Aheibam.

NOTICE

I, NO-15450111N Rank-Hav Name, Amit Kumar Chouhan unit-Amc Records Lucknow. hereby declare that my mother name Pushpa Bai Chouhan wrongly entered in my Sevice records office. correct name is PUSPA BAI

NOTICE

I, NO-15450111N Rank-Hav Name, Amit Kumar Chouhan unit-Amc Records Lucknow. hereby declare that my father name Dhan Singh Chouhan Wrongly entered in my service record office Correct name is DHAN SINGH

आवश्यकता है

सर आर० एस० लॉ० कालेज
भरहरा-गोपाल नगर
(निकट तेलियानी ब्लाक) फतेहपुर (उ०प्र०)
(संबद्ध- प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज)
आवश्यकता है
(01) स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत विधि महाविद्यालय के प्राचार्य - 01 पद (योग्यता एल.एल.एम. 55 फीसदी अंकों के साथ, पी.एच.डी./डी. फिल एवं असिस्टेंट/एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर 15 वर्ष का शिक्षण अनुभव)
(02) पंचवर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के सहायक आचार्य विधि 05 पद (योग्यता- एल.एल.एम. 55 फीसदी अंकों के साथ, नेट/स्लेट/पी.एच.डी./डी. फिल)
(03) विधि संकाय के अन्तर्गत अतिरिक्त विषय अंग्रेजी, समाज शास्त्र, दर्शन शास्त्र, राजनीति शास्त्र विषयों के एक - एक पद सहायक आचार्य (योग्यता-नेट/स्लेट/पी.एच.डी./डी. फिल) की आवश्यकता हैं। शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी./विश्वविद्यालय तथा राज्य सरकार के मनकानुसार।
नोट :- इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों के साथ विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से पन्द्रह दिवसों के अंदर महाविद्यालय कार्यालय के पते पर स्वयं या पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दिया जाएगा।
प्रबन्धक-गोपाल कृष्ण गुप्ता
9415033263, 9956956827
sirrslawcollegeftp@gmail-com

बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मनी, मॉड्यूल और आईएसआई से है आतंकी का सीधा संपर्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के कौशांबी जिले में यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान आतंकवादी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियों के बीच हड़कंप मच गया, क्योंकि इस आतंकी का पाकिस्तान स्थित आईएसआई के नेटवर्क से सीधा संपर्क था।

आतंकी लजर आर्म्स और हेरोइन के तस्करी के मामले में जेल गया था। जेल के अंदर गैंगवार मे लजर को चोट लग गई थी। उसी के इलाज के लिए गुरू नानकदेव हास्पिटल अमृतसर में भर्ती हुआ था, वहां से इलाज के दौरान मौका देखकर 24 सितंबर 2024 को फरार हो गया था। जेल से फरार होने के पश्चात 23 अक्टूर 2024 को बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मन बेस्ड मॉड्यूल का हेड स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के कहने पर बटाला (पंजाब) में फिरौती हेतु एक व्यक्ति को गोली मारी थी। इस घटना को अंजाम देने के बाद लजर सोनीपत, दिल्ली आदि स्थानों पर छिपकर रहा। पीलीभीत एनकाउंटर में मारे गए आतंकी वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि से लजर की कई बार बात हुई थी। अमृतसर जेल से बाटला कोर्ट में पेशी के दौरान लजर का परिचय मुक्तसर जेल में बंद एक अपराधी से हुआ जिस पर पंजाब में यूएपीए एक्ट के दो मुकदमे दर्ज थे। उसने लजर का परिचय पाकिस्तान के आईएसआई एजेंट से परिचय करवाया जिसके माध्यम से लजर पाकिस्तान के पंजाब बॉर्डर से ड्रोन के माध्यम से विदेशी असलहे / ग्रेनेड/ हेरोइन मंगाता है। यही बात माफिया अतीक अहमद ने भी बताई थी कि आईएसआई द्वारा पंजाब बॉर्डर पर ड्रोन के माध्यम से विदेशी असलहे, गोला बारूद की खेप भारत भेजी जाती है। लजर का एक साथी जो कि बब्बर खालसा इन्टरनेशनल और आईएसआई के लिए काम करता है जिसे न्यायालय से 20 वर्ष की सजा हुई थी वह फर्जी पासपोर्ट बनवाकर दुबई भाग गया है।

रेवती रमण दास के घर पहुंचे सीएम योगी, दी श्रद्धांजलि

लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को वरिष्ठ समाजसेवी रेवती रमण दास अग्रवाल के आवास (पुरुषोत्तम निवास, आर्यनगर) पहुंचे। रेवती रमण दास (92) का 28 फरवरी को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने यहां उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वे महराणा प्रताप शिक्षा परिषद समेत कई अन्य शिक्षण संस्थाओं के वरिष्ठ सदस्य व आर्यनगर श्रीरामलीला समिति आर्यनगर के अध्यक्ष भी रहे हैं। वे पूर्व पार्षद व सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन समेत कई दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारीजनों को ढांढस भी बंधाया। इस दौरान स्व. दास की पत्नी विमला दास, पुत्र कीर्ति रमण दास, ज्योति रमण दास, परिवार के श्रीरमण दास, इंद्ररमण दास, कार्तिकेय रमण दास, रत्नेश रमण दास, वरिष्ठ व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन, पार्षद गौरव तिवारी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सैनी, संजय अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

आईटीआई के विद्यार्थियों की हो करियर काउंसिलिंग, विदेशी भाषाओं में बनाया जाए पारंगत: सीएम

● मुख्यमंत्री ने स्व. रामपति यादव राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जंगल कौड़िया का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जंगल कौड़िया स्थित स्व. रामपति यादव राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जोर दिया कि आईटीआई में विद्यार्थियों को कैंपस प्लेसमेंट, करियर काउंसिलिंग और वर्क एक्सपोजर का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रदेश में आईटीआई में विदेशी भाषाओं से संबंधित कोर्सेस का संचालन भी किया जाए, जिससे विदेशों में नौकरी के लिए जाने वाले छात्रों को किसी प्रकार की भाषाई असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्हें अलग से ट्रेनिंग करने के बजाए स्थानीय दक्ष वर्क फोर्स जैसी तरजीह मिले। सीएम योगी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ट्रेनिंग पूरी करने के बाद विद्यार्थियों की आय का मार्ग प्रशस्त हो, इसके लिए भविष्य की जरूरतों पर आधारित कोर्सेस का संचालन किया जाए। इसके साथ ही, सीएम योगी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें सफलता के मूलमंत्र भी सिखाए। आईटीआई में विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए सीएम योगी ने विद्यार्थियों को सफलता के मूलमंत्र सिखाए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें क्योंकि डिटेलिंग से ही बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान किया जा सकता है। स्वयं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने की सीख देते हुए सीएम योगी ने विद्यार्थियों को आत्मअनुशासन के पालन करने का पाठ भी पढ़ाया।

लाभार्थियों को भिखारियों की फौज बताना बेहद आपत्तिजनक : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह वंचित तबकों के कल्याण के लिए उपलब्ध धन का सही उपयोग करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के भाजपा मंत्रियों द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को भिखारियों की फौज कहकर संबोधित करना बेहद आपत्तिजनक है। यह बयान सरकार की गरीब विरोधी, संकीर्ण और जातिवादी मानसिकता को दर्शाता है।

गुरुवार को लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के लिए दलितों और वंचितों के वोट तो लिए जाते हैं, लेकिन बाद में उन्हें तिरस्कार झेलना पड़ता है। यह उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने जैसा है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। योगी आदित्यनाथ सरकार पर हमला करते हुए मायावती ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असफल रही है, जबकि उत्तर प्रदेश को देश के विकास का इंजन माना जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की तरह यूपी सरकार के पास भी संसाधनों की कोई कमी नहीं है, लेकिन जरूरतमंदों तक इसका लाभ नहीं पहुंच रहा है, जो कि बेहद चिंताजनक है। इसके साथ ही, यूपी ही नहीं बल्कि पूरे देश में भाजपा सरकारों द्वारा कानून व सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके धर्म विशेष के नागरिकों व उनके धार्मिक स्थलों आदि को जो टारगेट किया जा रहा है वह संविधान की मान-मर्यादा व उसके धर्मनिरपेक्षता के मूल सिद्धान्त के विरुद्ध वास्तव में देश के विकास को बाधित करने वाला कदम है। मायावती ने भाजपा पर कांग्रेस की तरह शासन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों दलों ने महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को निष्क्रिय कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि बसपा सरकार के दौरान शुरू की गई डॉ. भीमराव आंबेडकर ग्रामीण समग्र विकास योजना, जो ग्रामीण परिवारों के उत्थान के लिए थी, उसे कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और भाजपा सरकारों ने निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की आर्थिक नीतियां केवल पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को अमीरों को और अमीर बनाने की बजाय देश के 125 करोड़ आम नागरिकों की गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन को दूर करने पर ध्यान देना चाहिए।

अस्पतालों में स्टाफ की भारी कमी, इलाज के लिए भटक रहे मरीज और तीमारदार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और संसाधनों की भारी कमी है। गरीबों को दवा इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीज और तीमारदार इलाज के लिए भटक रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर झूठे दावे करती है। मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है। प्रदेश के कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ कुछ आधी-अधूरी बिल्डिंग बनी पड़ी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर मेडिकल कॉलेज तक चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। सरकार के पास झूठे आश्वासन देने के सिवा कुछ नहीं है। यादव ने कहा कि सरकार अस्पतालों ओर मेडिकल कॉलेजों में संसाधनों, जांच, मशीनों तथा आधुनिक उपकरणों के लिए पर्याप्त बजट नहीं दे रही। पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सरकार नाकाम हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग को जो बजट मिलता है उसका भी बंदरबांट हो रहा है। पूरे विभाग में कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार का पूरा ढांचा ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। गंभीर मरीजों को जांच और इलाज के लिए लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था। पूरे सिस्टम से त्रस्त मरीज इलाज और जांच के लिए निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाने पर मजबूर है। वहां इलाज के नाम पर उनकी जेब काटी जाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ साल में स्वास्थ्य विभाग से लेकर पूरे तंत्र को बीमार बना दिया है। भाजपा की झूठ, लूट और बेईमानी से प्रदेश की जनता परेशान और त्रस्त है।

मनरेगा को बचाने के लिए सड़क से सदन तक आवाज उठाएगी कांग्रेस: अजय राय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● एक करोड़ 10 लाख जॉब कार्ड धारकों को दिसंबर 2024 से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं कर रही केंद्र सरकार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 1 करोड़, 65 लाख, 11 हजार, 8 सौ 51 जॉब कार्ड धारक हैं, जिसमें एक्टिव जॉब कार्ड धारकों की संख्या 1 करोड़, 9 लाख, 33 हजार, 3 सौ 96 हैं। लगभग एक करोड़ 10 लाख जॉब कार्ड धारकों को पिछले 9 दिसंबर 2024 से उनकी मजदूरी का भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रही है। आज की तारीख में मजदूरों की बकाया धनराशि 99.75 करोड़ रुपए है जबकि अधिनियम में प्रावधान है कि मजदूर को अपनी मजदूरी करने के 15 दिन के अंदर उसके खाते में मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए। अन्यथा नियम अनुसार .05 प्रतिशत प्रति विलंबित दिवस का हरजाना मिलना चाहिए।

राय गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। इस मौके पर प्रदेश के निवर्तमान महासचिव अरशद खुर्शीद, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी और प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहीं। राय ने कहा कि प्रदेश की योगी और केंद्र की मोदी सरकार इन मजदूरों के खिलाफ एक षड्यंत्र कर रही है। भाजपा सरकार का मजदूरी विरोधी षड्यंत्र अब स्पष्ट हो चुका है और भाजपा चाहती है कि मजदूरों को जब मजदूरी इतनी देर से मिलेगी तो निश्चित तौर पर वह फिर से एक बार गांव से पलायन करके उद्योगपतियों के चौखट पर बंधुवा मजदूरी करने को मजबूर होंगे। ज्ञात हो कि इन संविदा कर्मियों को ईपीएफ का सामाजिक सुरक्षा कवच अप्रैल 2015 से ईपीएफ अधिनियम के अनुसार मिलना चाहिए, लेकिन आज तक कर्मियों के खाते में ईपीएफ का पैसा नहीं जमा हुआ। नतीजा यह है कि पिछले 8 वर्षों में 2000 से ज्यादा संविदा कर्मियों की मृत्यु हुई और उनके परिवारों को ईपीएफ का कोई लाभ नहीं मिल पाया। राय ने कहा कि इस प्रकरण में सबसे ज्यादा आपत्तिजनक बात यह है कि ईपीएफ में नियोक्ता का जो 13 प्रतिशत अंश होता है वह भी संविदा कर्मियों के मानदेय से काटा जा रहा है। यह न सिर्फ नियम विरुद्ध है बल्कि यह भाजपा सरकार की संविदाकर्मी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

प्रदेश के सभी गोआश्रय केंद्रों में कृषि विभाग की मदद से बनेंगी वर्मी कंपोस्ट यूनिट्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पौष्टिक चारे के उत्पादन और लंबे समय तक उसके संरक्षण के लिए दी जाएगी ट्रेनिंग

योगी सरकार की मंशा है कि गोआश्रय केंद्र अपने सह उत्पाद (गोबर, गोमूत्र) के जरिये स्वावलंबी बनें। साथ ही जन, जमीन और भूमि की सेहत के अनुकूल इकोफ्रेंडली प्राकृतिक खेती का आधार भी। यही वजह है कि सरकार छुट्टा गोवंश के संरक्षण का हर संभव प्रयास कर रही है। हाल ही में महाकुंभ के दौरान इस विषय पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्रालय ने भी गहन चर्चा की। साथ ही इस बाबत रणनीति भी बनाई।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में 7700 से अधिक गोआश्रय केंद्रों में करीब 12.5 लाख निराश्रित गोवंश रखे गए हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत करीब 1 लाख लाभार्थियों को 1.62 लाख निराश्रित गोवंश दिए गए हैं। योजना के तहत हर लाभार्थी को प्रति माह 1500 रुपये भी दिए जाते हैं। सीएम योगी की मंशा के अनुसार गोआश्रय केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संबन्धित विभाग कृषि विभाग से मिलकर सभी जगहों पर वहां की क्षमता के अनुसार वर्मी कंपोस्ट इकाई लगाएगा। गोबर और गोमूत्र को प्रसंस्कृत करने के लिए उचित तकनीक की जानकारी देने के बाबत इन केंद्रों और अन्य लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें चारे की उन्नत प्रजातियों के बेहतर उत्पादन उनको फोर्टीफाइड कर लंबे समय तक संरक्षित करने के बाबत भी प्रशिक्षत किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय चारा अनुसंधान केंद्र झांसी की मदद ली जाएगी। पशुपालक गोवंश का पालन करें, इसके लिए सरकार उनको लगातार प्रोत्साहन दे रही है।

सेमीकंडक्टर नीति 2024 के तहत वैश्विक निवेशकों की पहली पसंद बना उत्तर प्रदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है। राज्य सरकार की नीतियों और निवेश प्रोत्साहन योजनाओं के चलते प्रदेश देश में तकनीकी क्रांति का नया केंद्र बनता जा रहा है। उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017 के तहत अब तक 23,203 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी नीति-2017 के तहत 7,004 करोड़ रुपये का निवेश प्रदेश में आया है। यह निवेश न केवल प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार की डाटा सेंटर नीति में किए गए संशोधन के तहत अब 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डाटा सेंटर पार्क की स्थापना की जा रही है। इससे प्रदेश की डिजिटल बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी। सरकार ने 900 मेगावॉट क्षमता का लक्ष्य तय किया है, जिससे उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी डाटा सेंटर हब के रूप में स्थापित करने की योजना बनाई गई है। यह पहल न केवल बड़े तकनीकी निवेशकों को आकर्षित करेगी बल्कि प्रदेश में डिजिटल सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता को भी बढ़ाएगी।

प्रदेश सरकार ने वैश्विक सेमीकंडक्टर निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति-2024 को प्रख्यापित किया है। इस नीति के तहत प्रदेश सेमीकंडक्टर इकाइयों के लिए समर्पित प्रावधान शुरू करने वाला देश का चौथा राज्य बन गया है। यह नीति सेमीकंडक्टर उद्योग में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी और उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में सहायक होगी।

राज्य में अत्याधुनिक तकनीकों पर अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए 8 स्टेट ऑफ आर्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। इनमें से पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में कार्यरत है। इसके अलावा, आईआईटी कानपुर के नोएडा परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईआईटी कानपुर परिसर में ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी शुरुआत हो चुकी है। ये सेंटर तकनीकी अनुसंधान और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने में मददगार साबित होंगे।

HDFC BANK
We understand your world

कानूनी प्रकोष्ट : एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, एक्सपीरियो बिल्डिंग, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226010।

परिशिष्ट- IV-। [नियम 8 (6)] का प्रावधान देखें,
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

(प्लॉट नंबर- वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित) यह सूचना सार्वजनिक रूप से विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में गिरवी/बंधक रखी गई थी और जिसकी भौतिक कब्जेदारी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले ली गई है, उसे "जैसी है, जहां है", "जैसी है, वैसी ही", और "जो कुछ भी है" के आधार पर 07-04-2025 को बेचा जाएगा। यह बिक्री एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा रू. 62,99,626/- 15-07-2021 तक बकाया राशि तथा अतिरिक्त ब्याज एवं अन्य देय शुल्कों की वसूली हेतु की जा रही है, जो निम्नलिखित व्यक्तियों से देय है

(i) श्रीमती रश्मि वंदना मिश्रा (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता) (ii) श्री सतीश कुमार मिश्रा (सह-उधारकर्ता) इस संपत्ति की आरक्षित कीमत रू. 72,09,000/- तथा अर्जित धनराशि जमा (ई.एम.डी) रू. 7,20,900/- होगी।

अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण

प्लॉट नंबर 7, खसरा नंबर 241 के एक भाग पर निर्मित मकान, क्षेत्रफल 167.286 वर्ग मीटर, स्थित ग्राम बहादुरपुर, वार्ड शंकरपुरवा, तहसील एवं जिला लखनऊ।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक को देखें:
https://www.hdfcbank.com/personal/resources/important-notices.

तिथि : 07-03-2025 स्थान : लखनऊ
अधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

समाज में परिवर्तन लाने के लिए सबसे पहले स्वयं को मजबूत करें: राज्यपाल

राज्यपाल से गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने की शिष्टाचार भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से गुरुवार को राजभवन में गणतंत्र दिवस परेड, नई दिल्ली में प्रतिभाग करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 12 स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं और दलनायक डॉ. प्रीति ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए सबसे पहले स्वयं को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने गुजरात में एनएसएस कैंप के अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वहां के स्वयंसेवक किस प्रकार समाज सेवा में समर्पित थे। उन्होंने कहा कि वे अपने विश्वविद्यालय और छात्रावास में स्वच्छता अभियान चलाएं, जिससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित होकर इसमें शामिल हों। स्वच्छता युवाओं की आदत बननी चाहिए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए और अपने परिसरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों से समाज की समस्याओं को पहचान कर उनके समाधान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का उदाहरण देते हुए कहा कि वे स्वयं साफ-सफाई किया करते थे और स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते थे। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे भी स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करें और समाज में भी गरूकता फैलाएं। राज्यपाल ने यह भी कहा कि राष्ट्रपिता ने समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने के लिए अनेक कार्य किए। उन्होंने अस्पृश्यता के खिलाफ अभियान चलाया और समानता का संदेश दिया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे भी समाज में किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने में योगदान दें और एक समरस समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। राज्यपाल ने स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी) कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए बताया कि इसे प्रधानमंत्री ने इस उद्देश्य से शुरू किया है ताकि भारत के युवाओं में अनुशासन, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा का विकास हो। एसपीसी से जुड़कर विद्यार्थी समाज सेवा, कानून व्यवस्था की समझ और नेतृत्व क्षमता विकसित कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को अनुशासन के महत्व को समझाते हुए कहा कि उनकी सेवा भावना आजीवन बनी रहनी चाहिए।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री की स्वामित्व योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि विवादों का समाधान हो रहा है। ग्रामीण संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे भूमि के स्वामित्व को लेकर होने वाले विवाद समाप्त हो रहे हैं। यह योजना न केवल कानूनी समस्याओं को कम कर रही है, बल्कि ग्रामीण विकास में भी सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने नवाचार की आवश्यकता पर बल देते हुए प्रतिबद्धता के साथ अपने लक्ष्यों को पूरा करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की सलाह दी। अंत में, उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, गिरिजेश कुमार त्यागी ने प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 75 जिलों में उच्च शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा संस्थानों से जुड़े 3,21,000 छात्र-छात्राएं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक साथ सभी जिलों में आयोजित होगा 'मिशन शक्ति मेला'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● उत्कृष्ट कार्य करने वाल 955 नोडल अधिकारी होंगे सम्मानित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा को नए आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) के अवसर पर प्रदेश के 75 जिलों में मिशन शक्ति का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और शिक्षा को बढ़ावा देगा, बल्कि जमीनी स्तर पर बालिकाओं की आत्मरक्षा, जीवन कौशल और नेतृत्व क्षमता को भी सशक्त करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हुआ है। सरकार ने अब 880 ब्लॉक स्तरीय और 75 जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत शिक्षकों को महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही, प्रत्येक जिले में शिक्षा विभाग की उपलब्धियों और नवाचारों को दर्शाने वाले स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिला प्रशासन के निर्देशन तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में इस आयोजन को किया जाएगा और इसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाज के प्रबुद्धजनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से मीना मंच एवं मिशन शक्ति से जुड़े प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा।

होली पर 8 से 18 मार्च तक चलाई जाएंगी अतिरिक्त बसें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने होली के पर्व पर अत्यधिक बसों की व्यवस्था कराने एवं प्रोत्साहन योजना के संबंध में निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि होली पर्व से कुछ दिन पूर्व एवं इसके बाद तक देश एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से अपने घर लोग पर्व मनाने जाते हैं। 8 मार्च से 18 मार्च, 2025 तक अतिरिक्त बसों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे कि यात्रियों को होली पर्व के दौरान यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

परिवहन मंत्री ने कहा कि गाजियाबाद/ दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों से लोग ज्यादा यात्रा करते हैं, जिसके दृष्टिगत इन क्षेत्रों में बसों एवं कर्मचारियों की संख्या आवश्यकतानुसार निर्धारित करते हुए पहले से ही तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो सभी पूर्वी क्षेत्र के अधिकारी होली पर्व अवधि में अतिरिक्त सेवाओं के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत निगम बसों को आनरोड किया जाए व निरन्तर चलाये जाने की व्यवस्था यथा आवश्यतानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि पर्व अवधि में अनुबंधित बसों को अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी अपने वाहनों की मरम्मत कार्य कराकर संचालन के लिए अपनी बसें उपलब्ध करायें। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये कि जाम/ दुर्घटना के फलस्वरूप अवरूद्ध संचालन को क्षेत्रीय प्रबंधक सुचारू बनाये रखने की तैयारी कर लें और तत्काल यात्रा सुनिश्चित करायें, जिससे कि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। प्रवर्तन दल निरन्तर क्षेत्र में ड्यूटी पर उपलब्ध रहें और चालकों/परिचालकों का ब्रेथ एनलाइजर टेस्ट किया जाए, जिससे कि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा उपलब्ध हो। बसों के कल-पुर्जे, खिड़कियों के शीशे इत्यादि लगे होने के साथ सीटों की स्थिति अच्छी होनी चाहिए। साथ ही फायर सेफ्टी उपकरण भी बसों में मौजूद हो। उन्होंने बस एवं बस स्टेशनों पर साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था रखने के विशेष निर्देश दिये, जिससे कि यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर एवं सुखद यात्रा मिले।

परिवहन मंत्री ने कहा कि पर्व अवधि में ऐसे चालक/परिचालक जिसमें संविदा तथा आउटसोर्सिंग के चालक/परिचालक शामिल होंगे, को निर्धारित औसत किमी का संचालन करने पर 350 प्रति रुपए दिवस की दर से एकमुश्त 3500 रुपए विशेष प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जायेगा।

केजीएमयू में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय चाइल्डहुड कैंसर दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी यूनिट में कैनकिड्स संस्था के सहयोग से गुरुवार को सर्वाइवर फोरम और अंतर्राष्ट्रीय चाइल्डहुड कैंसर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में केजीएमयू में पीडियाट्रिक्स के प्रोफेसर डॉ निशांत वर्मा ने कैंसर जागरूकता और रोगियों और परिवारों का समर्थन करने में कैनकिड्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए मुख्य भाषण दिया।

केजीएमयू में नेत्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर संजीव गुप्ता कैंसर जागरूकता और आंख के कैंसर ने सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा की। कैनकिड्स के सहायक परियोजना प्रबंधक शशांक पटेल ने संगठन का परिचय दिया और निदान से लेकर ठीक होने तक रोगियों के लिए इसकी समग्र सहायता सेवाओं के बारे में बताया। साहस और तन्यकता की दो प्रेरक कहानियाँ सहायक सामाजिक कार्यकर्ता स्वेक्षा और सुगंधा ने साझा कीं, दोनों ही कैंसर से पीड़ित और अब अधिवक्ता बन चुके हैं। आहार विशेषज्ञ गरिमा ने कैंसर के उपचार और रिकवरी के दौरान आहार स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला, रोगियों और परिवारों द्वारा सामना किए जाने वाले सामान्य लक्षणों और चुनौतियों पर चर्चा की। इस मौके पर कैनकिड्स की तरफ से प्रोग्राम मैनेजर प्रीति रस्तोगी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष खरे, , रोगी नेविगेटर माधुरी ,संजीव और शिक्षिका गीता ,सीनियर एवं जूनियर डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ केजीएमयू बाल विभाग शामिल थीं।

पॉलीटेक्निक से किसान पथ तक मेट्रो चलाने की योजना सरकार को भेजी गई है: यूएमआरसी

● एलिवेटेड रोड की योजना तैयार हो रही है: एलडीए

विधि संवाददाता। लखनऊ

यूपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक/एमडी गुरुवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के समक्ष उपस्थित हुए। पीठ को उन्होंने बताया कि पॉलीटेक्निक से किसान पथ तक मेट्रो रेल चलाने की प्रारम्भिक योजना का खाका राज्य सरकार को भेजा जा चुका है। वहीं एलडीए ने बताया कि वे भी कमता तिराहे पर एलिवेटेड रोड बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। पीठ ने इस पर राज्य सरकार को आदेश दिया कि दोनों योजनाओं पर बिना विलम्ब किए निर्णय लें तथा कोर्ट को भी अवगत कराएं। पीठ ने इसके साथ ही अगली सुनवाई पर आवास एवं शहरी नियोजन तथा लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिवों को भी हाजिर होने का आदेश दिया है। जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश अवध बार एसोसिएशन की एक विचाराधीन जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष पूर्व आदेश के अनुपालन में मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक/एमडी आशीष द्विवेदी, एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव तथा पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता मुकेश चंद्र श्रीवास्तव हाजिर हुए। इन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पॉलीटेक्निक से किसान पथ के बीच मेट्रो चलाने के सम्बंध में जब तक राज्य सरकार द्वारा कोई सैद्धांतिक निर्णय नहीं ले लिया जाता, वे विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने में असमर्थ हैं। पीठ ने इस पर मामले की अगली सुनवाई के लिए चार अप्रैल की तिथि नियत करते हुए जल्द निर्णय लेने का आदेश दिया। साथ ही यह भी कहा है कि यदि इस सम्बंध में कोई निर्णय ले लिया जाता है तो दोनों अपर मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। पीठ इस मामले में टिप्पणी भी कर चुकी है कि शहीद पथ से कमता तिराहे पर ट्रैफिक जाम को लेकर जो अव्यवस्था फैलती है उसके समाधान की आवश्यकता है।

शराब के दुकानों का आवंटन हाईकोर्ट के आदेश के अधीन होगा

● लाटरी प्रक्रिया को दी गई है चुनौती

विधि संवाददाता। लखनऊ

लॉटरी के द्वारा शराब की दुकानों की आवंटन प्रक्रिया हाइकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के अंतिम निर्णय के अधीन होगी। पीठ ने इस मसले पर राज्य सरकार को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सात अप्रैल को होगी। जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ल की पीठ ने यह आदेश सीतापुर के रामचन्द्र व अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं ने लॉटरी के द्वारा शराब के दुकानों का नए सिरे से आवंटन करने सम्बन्धी छह फरवरी 2025 के शासनादेश को चुनौती दी है। याचिकाओं का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से पेश वकील एलपी मिश्रा का कहना था कि इसी विषय पर कुछ याचिकाएं इलाहाबाद हाईकोर्ट में एकल पीठ के समक्ष विचाराधीन है। लिहाजा वर्तमान याचिका भी एकल पीठ द्वारा ही सुनी जानी चाहिए। पीठ ने इस आपत्ति के सम्बंध में सम्बंधित अनुभाग से रिपोर्ट मंगाई थी। पीठ ने रिपोर्ट के आधार पर याचिका को खंडपीठ द्वारा ही सुने जाने योग्य करार दिया। वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि लाटरी प्रक्रिया से आवंटन का शासनादेश सम्बंधित नियमावली के नियम 5 के विरुद्ध है। कहा गया कि हालांकि राज्य सरकार ने तीन मार्च को नियमावली में संशोधन कर दिया है। लेकिन तीन मार्च को किए गए संशोधन से छह फरवरी का शासनादेश औचित्यपूर्ण नहीं माना जा सकता। गौरतलब है कि बुधवार को जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने इसी विषय पर दाखिल दर्जनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए उन्हें खारिज कर दिया था। एकल पीठ का कहना था कि शराब का व्यवसाय संवैधानिक अधिकार नहीं है।

निराश्रितों के अंतिम संस्कार की क्या है गाइडलाइन

विधि संवाददाता। लखनऊ

हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और लखनऊ नगर निगम से पूछा है कि निराश्रितों के अंतिम संस्कार की क्या कोई गाइडलाइन है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 11 मार्च की तारीख तय की है।

जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील ज्योति राजपूत की याचिका पर दिया है। इनका कहना था कि उषा नाम की एक निराश्रित महिला को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन संदिग्ध परिस्थितियों में उस महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्हें मिली जानकारी के मुताबिक उसकी मौत हो चुकी है। इस पर सरकारी वकील का कहना था कि 22 फरवरी को उक्त महिला की मौत हुई। जिसके पश्चात 24 फरवरी को उसका पोस्टमॉर्टम किया गया। तत्पश्चात तीन मार्च को नगर निगम द्वारा उसका अंतिम संकार किया गया। पीठ ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पोस्टमॉर्टम होने के बाद एक हफ्ते तक शव को रखना स्वीकृत सामाजिक नियमों के विरुद्ध प्रतीत होता है।

सीतापुर नगरपालिका के चेयरमैन पद की पुनर्मतगणना से इंकार का आदेश खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

सीतापुर नगरपालिका के चेयरमैन पद की पुनर्मतगणना संबंधी अर्जी खारिज करने के जिला जज, सीतापुर के आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने निरस्त कर दिया है। पीठ ने जिला जज को आदेश दिया है कि इस मामले में अब तक के उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुनर्मतगणना पर चार हफ्ते में फैसला करें। जस्टिस पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश सपा की प्रत्याशी रहीं रश्मि जायसवाल की याचिका पर दिया है। इनकी ओर से वकील गौरव मेहरोत्रा ने बहस की। उनका कहना था कि चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नेहा अवस्थी को विजयी घोषित किया गया। लेकिन चुनाव कंट्रोल रूम के अधिकारी द्वारा जारी सूचना के मुताबिक कुल 67,841 वोट डाले गए। जबकि रिटर्निंग ऑफीसर के रिकॉर्ड के अनुसार 66,998 वोट ही पड़े। यह भी दलील दी गई कि रिटर्निंग ऑफीसर के एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार 66,990 वोट पड़े। कहा गया कि इन तथ्यों को देखते हुए स्पष्ट है कि चुनाव में पारदर्शिता व निष्पक्षता नहीं बरती गई। कहा गया कि याचिकाकर्ता ने जिला जज के समक्ष चुनाव याचिका दाखिल की। साथ ही अंतरिम प्रार्थना पत्र देते हुए पुनर्मतगणना की मांग भी की। लेकिन 20 जनवरी 2025 को जिला जज ने मात्र इस आधार पर पुनर्मतगणना की मांग को खारिज दिया कि यह राहत याचिका के निस्तारण के समय ही दी जा सकती है। पीठ ने उक्त आदेश को निरस्त करते हुए कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुनर्मतगणना के प्रार्थना पत्र को निस्तारित किया जाना चाहिए था।

फर्जीवाड़े के आरोप में प्रधान व सचिव समेत कई पर एफआईआर दर्ज

मोहनलालगंज। मोहारी कला में प्रॉपर्टी डीलर ने प्रधान और सचिव की मिलीभगत से फर्जी महिला को लाऔलाद व्यक्ति की बेटी बनाकर करोड़ों की जमीन का सौदा कर दिया। मामले की भनक लगने के बाद मृतक के परिवार ने फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज कराई है। गोसाईंगंज के मोहारी कला निवासी रामनरेश की पिछले साल निधन हो गया था। उनके भाई सुंदरलाल के मुताबिक मृतक रामनरेश की पत्नी और बच्चे नही हैं। उनके पास परिवार रजिस्टर की नकल भी सुरक्षित रखी है। लेकिन सुंदरलाल का आरोप है कि ग्राम प्रधान रामकुमार और पंचायत सचिव से साठगांठ कर प्रॉपर्टी डीलर ने फर्जी महिला को उनकी बेटी बनाकर परिवार रजिस्टर की नकल जारी कर दी। फिर मृतक के करोड़ों की भूमि का तहसील जाकर एग्रीमेंट कर दिया। मामले की भनक लगने के बाद पीड़ित सुंदरलाल ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की।

डीजीपी को एफआईसीसीआई स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड सौंपा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी प्रशांत कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था/ एसटीएफ अमिताभ यश द्वारा फिक्की फेडरेशन हाउस, नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में 'त्रिनेत्र 2-0 पहल' के क्राइम इन्वेस्टीगेशन एडं प्रासिक्यूशन कटेगरी में प्राप्त एफआईसीसीआई स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि फिक्की अवॉर्ड हेतु नामित 16 राज्य पुलिस बलों, 6 सीएपीएफ व अन्य केन्द्रिय एजेन्सियों सहित 23 संगठनो की 129 प्रविष्टिया में उप्र पुलिस को सबसे अधिक चार कटेगरी में स्मार्ट पुलिसिंग पुरस्कार प्रदान किया गया था। जिसमें डीजीपी और अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था को 'त्रिनेत्र 2.0 पहल' के लिए सम्मानित किया गया। डीजीपी द्वारा इस पहल के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में सम्मलित समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी गई।

एडुरैंक में लखनऊ विश्वविद्यालय को मिला 28वां स्थान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एडुरैंक 2025 रैंकिंग में भारत में 28वां स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग 876 उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच की गई थी, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय ने उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसके अलावा, लखनऊ विश्वविद्यालय ने एशिया में शीर्ष 500 में स्थान प्राप्त किया है, जिसमें इसे 5830 विश्वविद्यालयों में से 462वां स्थान (शीर्ष 10 फीसद में स्थान) मिला है। वहीं, वैश्विक स्तर पर 14831 विश्वविद्यालयों में से 1611वां स्थान (शीर्ष 10 फीसद में स्थान) प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध और नवाचार में बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाती है और इसे देश के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों में स्थापित करती है। बता दें कि एडुरैंक, एक स्वतंत्र वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणाली है, जो संस्थानों का मूल्यांकन शोध कार्य, पूर्व छात्रों के प्रभाव, अकादमिक प्रतिष्ठा और शोध उद्धरणों जैसे व्यापक मापदंडों के आधार पर करता है।विश्वविद्यालय की निरंतर उन्नति, विशेष रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध एवं उद्योग सहयोग के कारण, इस मान्यता को प्राप्त करने में सहायक रही है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि एडुरैंक द्वारा दी गई यह मान्यता हमारे संकाय, विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं की अथक मेहनत का प्रमाण है। लखनऊ विश्वविद्यालय सदैव शैक्षणिक उत्कृष्टता और ज्ञान सृजन के प्रति समर्पित रहा है। हमारा निरंतर ध्यान शोध, नवाचार और वैश्विक सहभागिता पर केंद्रित है, जिसने हमें इस उपलब्धि तक पहुँचाया है। हम आगे भी उच्चतम स्तर पर पहुँचने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

शोध में उत्कृष्ट स्थान: शोध के क्षेत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें जीवविज्ञान में 17वां स्थान और कीटविज्ञान में 24वां स्थान व विषविज्ञान में 26वां स्थान है।

छावनी परिषद ने लगाया कैम्प, भवन स्वामियों व व्यापारियों ने जमा किया डेढ़ लाख रुपए टैक्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

छावनी परिषद द्वारा गुरुवार को ग्रहकर, जलकर, जलप्रभार एवं दुकानों के किराये को जमा करने के लिए सदर चौराहे के पास कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक भवन स्वामियों एवं व्यापारियों ने अपना ग्रहकर, जलकर, जल प्रभार एवं दुकानों के किराये को जमा करके कैम्प का लाभ उठाया। कैम्प से छावनी परिषद को लगभग डेढ़ लाख रुपए राजस्व की आय हुई। कैम्प में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर, प्रमोद शर्मा नामित सदस्य एवं पूर्व पाषर्द संजय दयाल एवं अंजुम आरा पूर्व पाषर्द भी उपस्थित रहीं। उनको मौके पर उपस्थित भवन स्वामियों एवं व्यापारियों ने अपना ऑनलाइन ग्रहकर, जलकर जल प्रभार एवं दुकान के किराये आदि टैक्स जमा करने में आ रही दिक्कतों की जानकारी भी दी। जिसके निस्तारण करने हेतु मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया। सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू एवं अन्य व्यापारियों द्वारा मांग की गई कि कैम्प को अगले 3 दिनों के लिए यथास्थान ही लगाया जाये जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग अपना ग्रहकर, जलकर, जलप्रभार एवं दुकानों के किराये आदि को जमा करके कैम्प का लाभ उठा सकें।

दिव्यांग पति को पीठ पर लादने का प्रकरण

डॉक्टर समेत तीन पर कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● डॉक्टर को सीएमओ कार्यालय से हटाकर सीएचसी भेजा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी निलंबित

रायबरेली में व्हील चेयर न मिलने पर दिव्यांग पति को पत्नी द्वारा पीठ लादकर सीएमओ कार्यालय पहुंचने के इस प्रकरण को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गंभीरता से लिया। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल को जांच कराने के आदेश दिए। जांच में डॉक्टर समेत दो कर्मचारियों की लापरवाही उजागर हुई। डिप्टी सीएम के आदेश पर सीएमओ ने तीनों पर कार्रवाई की।

सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए जाते हैं। बीते दिनों एक महिला अपने दिव्यांग पति का प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहुंची। आरोप है कि सीएमओ कार्यालय में दिव्यांग पति को व्हील चेयर नहीं मिला। नतीजतन पत्नी ने दिव्यांग पति को पीठ पर लाद लिया। दिव्यांग बोर्ड के समक्ष पेश हुई। इस मार्मिक घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल को जांच के आदेश दिए। अपर निदेशक ने रायबरेली सीएमओ डॉ. नवीन चन्द्रा को तीन दिन में प्रकरण की जांच के आदेश दिए। सीएमओ ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। जिसमें अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार, जतुआटप्पा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार और जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना शामिल थे। कमेटी की जांच में लापरवाही उजागर हुई।

जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डिप्टी सीएम ने सीएमओ को तीनों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की। उप मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला दिव्यांग बोर्ड के नोडल अधिकारी डॉ. अम्बिका प्रकाश को मुख्यालय से हटा दिया गया है। उन्हें जतुआटप्पा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती दी गई है। डाटा इंट्री ऑपरेटर अनुकांत आनंद को यूडीआईडी कार्य से हटा दिया गया है। उन्हें मूल तैनाती स्थल भेजा गया है। जांच कमेटी ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अनिल कुमार को निलंबित करने की सिफारिश की। कमेटी की सिफारिश पर अनिल कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें बेलाभेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबद्ध किया गया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि दिव्यांग बोर्ड में सभी आवश्यक संसाधन जुटाए जाएं। ताकि दिव्यांगजनों को असुविधा से बचाया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह डॉक्टर या कर्मचारियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा।

आयुष्मान भारत के लिए पंजीकरण आठ से : मंत्री

● डॉक्टर पंकज सिंह बोले, शहर की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बुनियादी बदलाव 100 दिनों के भीतर दिखाई देंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अधिकारियों संग बैठक करते स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह व अन्य।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि आयुष्मान भारत योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आठ मार्च के बाद शुरू होगी जो राष्ट्रीय राजधानी में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

दिल्ली सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करने के लिए केंद्र के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि शहर की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बुनियादी बदलाव 100 दिनों के भीतर दिखाई देंगे। डॉक्टर पंकज सिंह ने अस्पताल के बिस्तरों के आवंटन और ईडब्ल्यूएस कोटे की सख्त निगरानी पर जोर दिया और कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दो नोडल अधिकारियों की नियुक्ति हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली के किसी भी सरकारी अस्पताल में दवाओं की कमी नहीं होगी। पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना करते हुए सिंह ने दावा किया कि करीब 2,500 मोहल्ला क्लीनिक केवल कागजों पर ही थे और किराए के खर्च का दुरुपयोग किया जा रहा था। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए ऐसे क्लीनिक बंद करने का आदेश पारित किया गया है। सिंह ने यह भी बताया कि दिल्ली में लगभग 20 प्रतिशत बच्चों का जन्म अस्पतालों के बाहर होता है तथा सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर इस आंकड़े को सुधारने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर के बाहरी इलाकों में सचल डेंटल वैन तैनात की जाएंगी, ताकि वंचित आबादी को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकें। मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा, गलत काम करने के दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बैठक के दौरान माननीय मंत्री ने अधिकारियों से पिछले वर्षों में स्थानीय कंपनियों से खरीदी गई दवाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इसके अलावा माननीय स्वास्थ्य मंत्री ने 2018 से लंबित चल रहे राष्ट्रीय आयुष मिशन को दिल्ली में लागू करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया की नेशनल आयुष मिशन के लागु होने से आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थय मंत्री ने बैठक में अस्पतालों के प्रमुखों से कहा कि किसी भी अस्पताल का औचक निरिक्षण कर सकता है आप अपनी मेडिकल सुविधाओं को दुरुस्त कर लें। बैठक में मंत्री ने ज्वालापुर, मादीपुर हस्तसाल और सिरसपुर में चल रहे नए अस्पतालों के निर्माण की भी समीक्षा की। मंत्री ने इन अस्पतालों के निर्माण की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारियों से इन अस्पतालों के निर्माण के लिए अपनाए जा रहे सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी मांगी। इसके अलावा उन्होंने ने चल रही अस्पताल परियोजनाओं में देरी के कारण सरकार को होने वाले वित्तीय नुकसान की भी जानकारी मांगी।

पानी और साफ-सफाई को लेकर सीएम ने अफसरों को लगाई फटकार

● रेखा शर्मा ने शालीमार बाग स्थित एक सरकारी स्कूल में अचानक पहुंच कर हालात का जायजा लिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

व्यापारियों संग संवाद करतीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। फोटो: रंजन डिमरी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एक्शन में है। गत दिनों गुरु गुतेग बहादुर अस्पताल के बाद बृहस्पतिवार को शालीमार बाग स्थित एक सरकारी स्कूल में अचानक पहुंच कर हालात का जायजा लिया। यहां पानी और साफ-सफाई से संबंधित समस्याओं को लेकर उन्होंने प्रधानाचार्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई।

रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार को दोपहर अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग स्थित एक सरकारी स्कूल में पहुंचीं। यहां उन्होंने नल से पानी नहीं आने को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने प्रिसिंपल से पूछा इसमें पानी क्यों नहीं आ रहा है, नल है तो पानी क्यों नहीं आ रहा है।

मुख्यमंत्री ने शौचालय में जाकर भी हाल देखा और रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने स्कूल में व्यवस्था को दुरुस्त करनेका आदेश दिया। इसके अलावा सीएम ने शालीमार गांव चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर गांव चौक सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल, सफाई और सड़कों की स्थिति का जायजा लिया।

सीएम ने एक्स पर कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 55 के शालीमार गांव चौक, मैक्स रोड, हैदरपुर गांव चौक सहित अन्य क्षेत्रों में पेयजल, सफाई और सड़कों की स्थिति का गहन मूल्यांकन करने के लिए अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान, स्थानीय नागरिकों से उनकी समस्याओं पर बात की और उनके फीडबैक के आधार पर अधिकारियों को जल, सड़कों और गंदगी से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा उनका मकसद है कि दिल्ली के हर नागरिक तक सभी मूलभूत सुविधाएं उचित रूप से पहुंचें, और इसके लिए हम निरंतर कार्यरत हैं।

व्यापारी खराब बुनियादी ढांचे के कारण संघर्ष कर रहे हैं : सीएम

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहर भर के व्यापारियों और व्यवसाय मालिकों ने अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, खराब स्वच्छता और विकास की कमी पर निराशा व्यक्त की है और वे पिछली सरकार के कुप्रबंधन तथा अव्यवहारिक नीतियों से परेशान हैं। आगामी दिल्ली बजट 2025-26 से संबंधित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार को व्यापारियों और उद्योगपतियों से बहुमूल्य सुझाव मिले हैं और उन्हें ठोस कार्वाई का आश्वासन दिया गया है। पिछले कई सालों से व्यापारी और व्यवसाय मालिक अव्यवहारिक नीतियों, नौकरशाही बाधाओं तथा पिछली सरकार की लापरवाही के कारण परेशान थे। कोई वास्तविक विकास नहीं हुआ है सड़कें और जल निकासी व्यवस्थाएं खराब स्थिति में हैं, और यहां तक कि प्रमुख बाजारों में शौचालय जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाओं का भी अभाव है। उन्होंने चांदनी चौक, करोल बाग और लाजपत नगर जैसे छोटे और बड़े वाणिज्यिक केन्द्रों के समक्ष आ रही समस्याओं पर प्रकाश डाला, जो अपर्याप्त सीवर प्रणाली, सड़कों की खराब स्थिति और बुनियादी ढांचे की समग्र उपेक्षा से जूझ रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि उसने केवल समस्याओं का सार्वजनिक रूप से ढोल पीटने पर ध्यान केंद्रित किया था, लेकिन हम समाधान खोजने और राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

महिलाओं को कब मिलेंगे 2500 रुपए: आप

● आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर भाजपा से मांगा जवाब, कहा 8 मार्च में 2 दिन शेष

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

8 मार्च में 2 दिन शेष का बैनर लिए नारेबाजी करते आप कार्यकर्ता।

दिल्ली में वार-पलटवार का सिलसिला जारी है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के काफिले पर सियासत के साथ ही एक और मुद्दा गरमाया हुआ है।

भाजपा ने 8 मार्च यानी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी भाजपा को याद दिलाने के लिए गुरुवार को राजघाट, मूलचंद समेत कई अन्य चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेताओं ने जवाब मांगा कि आखिर महिलाओं के खाते में 2500 रुपए कब आएंगे। इस दौरान बस दो दिन और लिखे प्ले कार्ड के आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं ने उस रास्ते से गुजर रहे वाहन चालकों को भी भाजपा के वादे को याद दिलाया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक ऋजुराज झा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभा चुनाव के दौरान द्वारका में आयोजित एक रैली में महिलाओं से वादा किया था कि दिल्ली में सरकार के बाद पहली कैबिनेट में महिलाओं के खाते में 2500 रुपए प्रतिमाह देने की योजना पास की जाएगी और 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर उनके खाते में 2500 रुपए की पहली किस्त आ जाएगी।

यह मोदी की गारंटी है। मोदी जी ने यह भी कहा था कि सभी माताएं-बहनें अपने आधार कार्ड को बैंक अकाउंट के साथ लिंक करा लें, ताकि जब उनके खाते में पैसे आएं तो उसका मैसेज मोबाइल पर आ सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हर बार की तरह इस बार भाजपा को पीएम की गारंटी को जुमला नहीं बनने देगी। इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे और उनको 2500 रुपए दिलवाकर रहेंगे।

अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिक पकड़े गए, एक निर्वासित

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली में वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान सजल मिया और मोहम्मद अली के रूप में हुई है। वे पंजाबी बाग इलाके में रहते थे। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम जिला) विचित्र वीर ने बताया, पंजाबी बाग थाने के अंतर्गत मादीपुर पुलिस चौकी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें पकड़ा गया। उन्होंने कहा, बाद में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उचित प्रक्रिया के बाद एक को निर्वासित कर दिया गया।

अवैध स्पा सेंटर व रेस्टोरेंट पर होगी सख्त कार्रवाई: महापौर

● महेश ने 12 क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मेयर महेश कुमार ने दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए निगम स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी 12 क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक की।

मेयर श्री महेश कुमार ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी उप स्वास्थ्य अधिकारियों को दिल्ली में अवैध रूप से चल रहे स्पा सेंटरों, ओयो होटल एवं अवैध रेस्टोरेंट के ऊपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मेयर महेश कुमार ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग को दिल्ली नगर निगम के राजस्व को ओर बढ़ाने के लिए कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से चल रहे स्पा सेंटरों, ओयो होटल एवं अवैध रेस्टोरेंट के कारण संबंधित क्षेत्रवासियों को विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों एवं असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। मेयर ने कहा कि अवैध रेस्टोरेंट बिना किसी मंजूरी एवं लाइसेंस शुल्क दिए चलाए जाते हैं जिस कारण निगम को राजस्व की हानि होती है। उन्होंने बैठक में उपस्थित जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक कार्ययोजना बना कर इन सभी अवैध स्पा सेंटर, ओयो होटल एवं अवैध रेस्टोरेंट के ऊपर कड़ी कार्रवाई करें। मेयर महेश कुमार ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी सरकार दिल्ली के नागरिकों को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि निगम की आम आदमी पार्टी सरकार का उद्देश्य निगम के राजस्व में बढ़ोतरी करके उसे काफी हद तक आत्मनिर्भर बनाना है ताकि दिल्लीवासियों की भलाई के कार्यों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की कठिनाई न आए।

संगठन निर्माण के साथ जारी रखेंगे जनता की सेवा: गोपाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी दिल्ली में अपने संगठन को मजबूत करने को लिए तेजी से काम कर रही है।

दिल्ली प्रदेश संयोजक और पूर्व मंत्री गोपाल राय ने पार्टी के सभी पार्षदों के साथ बैठक कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान पार्षदों से संगठन निर्माण को लेकर पार्षदों के सुझाव भी लिए गए। राय ने कहा कि संगठन निर्माण की प्रक्रिया के तहत अब तक प्रदेश, विधानसभा, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के साथ बैठक हो चुकी है। सभी पार्षद पार्टी के संगठन निर्माण में अभी भूमिका निभाने के साथ-साथ नई परिस्थितियों में जनता की सेवा भी जारी रखेंगे।

गोपाल राय ने पार्टी के पार्षदों के साथ बैठक करने के बाद मीडिया को बताया कि उनकी पार्टी चुनाव के बाद से ही अपने संगठन के पुनर्गठन को लेकर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रही है। पहले संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। दूसरे चरण में सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी।

बैंड बाजा बारात गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार

● आरोपी शादी वाली जगहों से नकदी और आभूषण चोरी की कई घटनाओं में शामिल था : पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली और इसके आस-पास के इलाकों में महंगी शादियों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बैंड, बाजा, बारात गिरोह का भंडाफोड़ कर पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया और गिरोह के तीन अन्य बदमशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही शास्त्री पार्क, स्वरूप नगर और जीटीबी एन्क्लेव में शादियों में हुई चोरी के तीन मामलों को सुलझा लिया गया। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले का यह गिरोह शादी वाली जगहों से नकदी और आभूषण चोरी की कई घटनाओं में शामिल था।

पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया, यह गिरोह शादियों में घुसकर मेहमानों के साथ घुलमिल जाने में माहिर था। वे शादी में इस तरह शामिल होते थे जैसे उन्हें आमंत्रित किया गया हो, वे खाना खाते थे और धैर्यपूर्वक सही समय का इंतजार करते थे। मौका मिलते ही वे दूल्हा-दुल्हन के लिए रखे गए उपहार, आभूषण और नकदी से भरे बैग चुरा लेते थे और फिर कार्यक्रम स्थल से गायब हो जाते थे। दिल्ली एनसीआर में शादियों में चोरी की कई घटनाओं के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। विभिन्न विवाह स्थलों से सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण करने और बैंक्वेट हॉल तथा फार्महाउस पर मुखबिरों को तैनात करने के बाद पुलिस अपराधियों की पहचान करने में सफल रही। गिरोह की सबसे बड़ी चाल थी कि वह नाबालिगों से चोरियां कराते थे। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह का सरगना गांव में रहने वाले बच्चों के माता-पिता को बहलाता-फुसलाता था और उनसे बच्चों के काम की एवज में 10 से 12 लाख रुपए सालाना देने की पेशकश करता था।

इसके बाद नौ से 15 वर्ष की उम्र वाले इन बच्चों को दिल्ली लाया जाता था और उन्हें बिना किसी की नजर में आए चोरी करना सिखाया जाता था। इसके अलावा उन्हें शादी में आए मेहमानों से घुलने-मिलने, गोपनीय तरीके से काम करने और पकड़े जाने पर शांत रहना भी सिखाया जाता था। उपायुक्त ने बताया, पुलिस को गिरोह की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी और शास्त्री पार्क मेट्रो डिपो के पास छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया।

इमारत के भूमिगत तल में आग लगी

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के दरियागंज इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एक इमारत के भूमिगत तल में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग ने बताया कि इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि अपराह्न तीन बजकर 30 मिनट पर दरियागंज में एक इमारत के भूमिगत तल में आग लगने की सूचना मिली और इसके बाद दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। भूमिगत तल में बैटरियां रखी हुई थीं और आग बुझाने का काम जारी है। आग के कारणों का अभी पता नहीं चला है। दमकल विभाग के अनुसार शार्ट सर्किट हो सकता है।

निवेश का झांसा देकर युवक से ठगी, दो धरे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● आरकेपुरम इलाके की घटना, पीड़ित को 40 लाख का लगाया चूना

आरके पुरम इलाके में निवेश पर अधिक धन वापसी का झांसा देकर एक व्यक्ति से लगभग 40 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कुलदीप कुमार (22) और रंजय सिंह (32) के रूप में हुई है। अधिकारी के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत की है कि शेयर और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेश संबंधी सुझाव देने वाले सोशल मीडिया के एक ग्रुप से जुड़ने के बाद उसके साथ कथित तौर पर 39.50 लाख रुपए की ठगी की गई। अधिकारी ने बताया कि जालसाजों ने कथित तौर पर उन्हें एक संस्थागत खाता खोलने और निर्दिष्ट बैंक खातों में रुपए जमा करने के लिए राजी किया। उन्होंने बताया कि एक बार रुपए जमा हो जाने के बाद इसमें शिकायतकर्ता की पहुंच अवरुद्ध हो गई और रुपए वापस पाने के लिए आरोपियों ने उससे फिर से निवेश करने की मांग की। दक्षिण-पश्चिम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र चौधरी ने कहा, धोखे का एहसास होने पर पीड़ित ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद दक्षिण-पश्चिम जिले के साइबर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 419, 420 और 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान खुलासा हुआ कि धोखाधड़ी की गई राशि में से चार लाख रुपए फ्लाईअप सॉल्यूशंस नाम के निजी बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए थे, जो उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी रंजय का था। उन्होंने बताया कि बालाजी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से एक अन्य बैंक खाते में 9.30 लाख रुपए जमा होने का भी खुलासा हुआ। डीसीपी ने बताया, 10 फरवरी को टीम ने राजस्थान के जयपुर में कई ठिकानों पर छापेमारी की और जयपुर निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया।

संक्षिप्त समाचार

42 महिलाएं को दिये अहिल्याबाई होलकर पुरस्कार

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर महिला सम्मान के तहत 42 महिला पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने की, जबकि मनोहर लाल खट्टर मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, अनुप्रिया पटेल, श्रम और रोजगार मंत्री तथा युवा मामले और खेल मंत्री, मानसुख मंडाविया, विधायक वानाथी श्रीनिवासन, और लोक सभा के सदस्य, मनोज तिवारी जी भी उपस्थित रहे। यह वार्षिक पहल कमला अंकिबाई घामंद्रम गोवानी ट्रस्ट द्वारा आयोजित की जाती है और निदर्शना गोवानी द्वारा संचालित की जाती है। इस समारोह का आयोजन प्रधानमंत्री संग्रहालय में हुआ।

शनिवार और रविवार को खुलेंगे एनडीएमसी काउंटर



नई दिल्ली। करदाताओं की सुविधा के लिए और लंबित बकाया राशि जानने तथा अपने संपत्ति कर दायित्वों की पूर्ति के संबंध में अपने रिकॉर्ड को अपडेट करने के लिए टैक्स अधिकारियों के साथ बातचीत करने का पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने मार्च 2025 के महीने में सामान्य कार्य दिवसों से अलावा भी प्रत्येक शनिवार और रविवार को अपने संपत्ति कर संग्रह काउंटरों के साथ-साथ टैक्स कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार, एनडीएमसी ने घोषणा की है कि पालिका मुख्यालय में टैक्स विभाग- संसद मार्ग स्थित पालिका केंद्र और नई दिल्ली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों-गोल मार्केट, आरके पुरम और संसद मार्ग पर तीन टैक्स कलेक्शन काउंटर संपत्ति कर जमा करने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अंतिम चरण के कारण मार्च 2025 में सामान्य कार्य दिवसों से अलावा भी किसी भी प्रत्येक शनिवार और रविवार को खुले रहेंगे।

डीएमआरसी: फेज-4 गोल्डन लाइन पर टनल बोरिंग का काम का पूरा

तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर किशनगढ़ और वसंत कुंज मेट्रो स्टेशन के बीच भूमिगत सुरंग का हुआ निर्माण

● ब्रेकथ्रू के अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मौजूद थे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बृहस्पतिवार को फेज़-4 में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए तुगलकाबाद-एरोसिटी कॉरिडोर पर किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशन के बीच एक भूमिगत टनल का निर्माण पूरा कर लिया।

दिल्ली मेट्रो के वसंत कुंज स्टेशन पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के ब्रेकथ्रू के समय, मनोहर लाल केंद्रीय मंत्री, आवासन और शहरी कार्य एवं ऊर्जा मंत्रालय और तोखन साहू, राज्य मंत्री, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय मौजूद रहे। बृहस्पतिवार की सुबह वसंत कुंज स्टेशन पर टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने 1550 मीटर लंबी टनल की खुदाई कर के यह सफलता हासिल की। इस कार्य के लिए एक विशाल 91 मीटर लंबी टीबीएम का उपयोग किया गया। एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के हिस्से के रूप में इस खंड पर आवाजाही के लिए ऊपर और नीचे दो समानांतर गोलाकार सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी समानांतर टनल का कार्य जून 2025 माह में पूरा होने की संभावना है। इस नई टनल का निर्माण लगभग 23.0 मीटर (न्यूनतम गहराई 15.7 मीटर और अधिकतम 30.2 मीटर) की औसत गहराई पर किया गया है। टनल में लगभग 1107 रिंग लगाए गए हैं, जिनका आंतरिक व्यास 5.8 मीटर है। टनल का निर्माण ईपीबीएम (अर्थ प्रेशर बैलेंसिंग मेथड) की तकनीक का उपयोग करके किया गया है, जिसमें प्रीकास्ट टनल रिंग से बनी कंक्रीट लाइनिंग है। इन टनल रिंग को मुंडका में स्थापित एक पूरी तरह से मशीनीकृत कास्टिंग यार्ड में कास्ट किया गया था। कंक्रीट सेगमेंट को शीघ्र मजबूती प्राप्त करने के लिए स्टीम क्योरिंग सिस्टम से मजबूती प्रदान की गई।

गोलाकार सुंरग के लिए होता है टीबीएम का उपयोग

टीबीएम एक ऐसी मशीन है जिसका उपयोग मिट्टी और चट्टानी विभिन्न परतों के माध्यम से क्रॉस-सेक्शन वाली गोलाकार सुरंगों की खुदाई करने के लिए किया जाता है। इन्हें कठोर चट्टानों से लेकर रेत तक किसी भी चीज़ को भेदने के लिए डिज़ाइन किया जा सकता है। टीबीएम ने दुनिया भर में टनल बनाने के कार्य में क्रांति ला दी है, जिससे इमारतों और अन्य सतही संरचनाओं को नुकसान पहुंचाए बिना सुरंग खोदी जा सकती है। भीड़-भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों में भूमिगत टनल बनाने के काम के लिए टीबीएम विशेष रूप से उपयोगी हैं। डीएमआरसी ने फेज़-1 से ही टनल बनाने के काम के लिए टीबीएम का उपयोग किया है।

गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए

अभियान में बड़ी संख्या में लोगों को है जोड़नाः स्वामी धर्मगुरु महाराज



प्रयागराज। अंतरराष्ट्रीय धर्मगुरु स्वामी रंजीत महाराज का गौरक्षा अभियान तीर्थराज प्रयागराज के महाकुम्भ से शुरू होकर काशी के अखिल भारतीय धर्म संघ करपात्री धाम केदारघाट आश्रम आज पहुंच गया है। स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती महराज ने अंतरराष्ट्रीय धर्म गुरु स्वामी रंजीत महराज को आज लिखित रूप से दिया है कि गौ रक्षा और संवर्धन

स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती ने अंतरराष्ट्रीय धर्म गुरु के अभियान का किया समर्थन

अभियान में उनके साथ हूं। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने का पहला प्रयास धर्म सम्राट स्वामी करपात्री महाराज ने किया था। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय धर्म गुरु स्वामी रंजीत महराज द्वारा शुरू किए गये गौ संरक्षण और संवर्धन अभियान में बड़ी संख्या में शिष्यों सहित उनके साथ हूं। इस अवसर पर जगद्गुरु साध्वी रानी लक्ष्मी मां ने यह प्रतिज्ञा लिया कि गुरुदेव स्वामी धर्म गुरु रंजीत महराज द्वारा लिए गए संकल्प में पूरा सहयोग प्रदान करूंगी और गौ संरक्षण अभियान को सफल बनाऊंगी। अंतरराष्ट्रीय धर्मगुरु स्वामी रंजीत महाराज ने बताया कि वाराणसी में 15 दिनों तक रहकर सभी संत महात्मा वरिष्ठ समाजसेवी सहित अन्य प्रमुख लोगों से गौ संरक्षण अभियान में शामिल होने के एक होने के बाद कानपुर आगरा होते हुए दिल्ली पहुंचकर अभियान को आगे बढ़ाऊंगा।

श्री कृष्ण रासलीला में सुदामा चरित्र का मंचन देख भक्त हुए मंत्रमुग्ध

सोनभद्र। रासलीला समिति राबर्ट्सगंज द्वारा नगर के रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय रासलीला के आठवें दिन कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता का नृत्य के माध्यम से बड़ा ही मार्मिक मंचन किया। वृंदावन के कलाकारों द्वारा लीला के अंतर्गत बाल्यकाल में सुदामा जी उज्जैन नगरी स्थित शांति वन गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के लिए जा रहे थे। रास्ते में उनके पैर में कांटा गड़ गया। इस पर वे दर्द से चीखने चिल्लाने लगे। उसी रास्ते से होकर भगवान श्रीकृष्ण भी गुरुकुल शिक्षा ग्रहण करने जा रहे थे। सुदामा को मुसीबत में देख उन्होंने उनके पांव से कांटा निकाला और जड़ी बूटी लगाई। इस घटना के बाद दोनों मित्र बन गए। गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण के दौरान सुदामा अपना पाठ भूल गए। गुरु द्वारा पूछे जाने के बाद उन्होंने पाठ नहीं सुनाया। इस पर गुरु ने उन्हें जंगल जाकर लकड़ी लाने को कहा। मित्र को मुसीबत में देख भगवान भी अपने याद किए पाठ को भूलने का नाटक कर बैठे। इस पर क्रोधित गुरु ने उन्हें भी सुदामा के साथ जंगल से लकड़ी लाने का आदेश दिया। भूख लगने पर खाने के लिए सुदामा को दो मुट्ठी चने दिए। जंगल में कृष्ण लकड़ियां लाने चले गए। उसी समय सुदामा को भूख लगी और उन्होंने पूरा चना खा लिया। लकड़ी लेकर लौटे कृष्ण ने भूख लगने पर सुदामा से चने मांगे तो सुदामा ने सच सच बता दिया। इस पर भगवान ने उन्हें श्राप दिया कि हक पराया खाय के, यही मिलेगी सीख, हो दरिद्री आज से, दर दर मांगे भीख। पढ़ाई पूरी करने के बाद श्रीकृष्ण मथुरा के राजा बन गए और सुदामा भिखारी। फिर एक समय आया कि सुदामा श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे। देने के लिए कुछ नहीं था तो वे अपने साथ कच्चा चावल ले गए। सुदामा को देख श्रीकृष्ण अति प्रसन्न हुए। उन्होंने सुदामा के लाए चावल खाने शुरू किए। एक मुट्ठी खाकर एक तथा दूसरी मुट्ठी चावल खाकर जब उन्होंने सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। जब वे तीसरी मुट्ठी चावल खाने लगे तो वहां खड़ी रुक्मिणी ने उन्हें रोककर कहा कि तीनों लोक सुदामा को दे देंगे तो स्वयं कहां रहेंगे प्रभु। इस पर श्रीकृष्ण ने अपने हाथ रोक लिए और सुदामा को दो लोक का मालिक बना दिया। आठवें दिन के रासलीला का समापन द्वारकाधीश की दिव्य आरती के साथ हुई। इस अवसर पर समति के जितेन्द्र सिंह रामप्रसाद यादव कृष्णमुरारी गुप्ता पवन जैन अशोक श्रीवास्तव प्रमोद गुप्ता राकेश गुप्ता सचिन गुप्ता धीरज जालान सत्येन्द्र पांडे संदीप चौरसिया डॉ. अशोक डॉ. चन्द्रभूषण देव उमेश केशरी मनीष सोनकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

गर्भवती व धात्री महिलाओं को मिले दस हजार रुपए की सहायता- युवा मंच

सोनभद्र। जनपद में 20 फ़ीसदी गर्भवती महिलाओं के हाई रिस्क श्रेणी में होने और बड़ी संख्या में एनीमिक होने के आए आंकड़ों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए युवा मंच ने सरकार से गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार के लिए 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने और आईसीडीएस के आंगनबाड़ी केन्द्रों को कुपोषण दूर करने के लिए मजबूत करने की मांग की है। युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि जनपद में अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक 54249 गर्भवती महिलाओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 10294 में गर्भवती महिलाएं उच्च जोखिम की श्रेणी में है। इसमें सर्वाधिक महिलाएं 2061 म्योरपुर की है। 3594 गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर गंभीर रूप से बेहद कम है और इसमें भी सर्वाधिक संख्या म्योरपुर की 888 है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के बावजूद जिले में यह भयावह स्थिति है। पत्र में कहा गया कि गरीबी, बेरोजगारी और भीषण महंगाई के कारण लोगों की आमदनी बेहद कम है और लोग आवश्यक पुष्ट भोजन नहीं खा पा रहे हैं। इसलिए आवश्यकता है कि उन्हें पौष्टिक भोजन देने की सलाह देने के साथ कम से कम 10 हजार रुपए गर्भवती व धात्री महिलाओं को सरकारी सहायता दी जाए ताकि वह कुपोषण से मुक्त हो सके। कहा कि जनपद में आमतौर पर लोगों में हीमोग्लोबिन का स्तर बेहद कम रहता है। इसलिए आंगनवाड़ी पर केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त पोषण आहार महिलाओं और बच्चों को दिया जाए। पत्र में कहा गया कि जिला अस्पताल को छोड़कर जनपद में किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं है। घोरावल, चोपन व म्योरपुर में महिला डॉक्टर और अन्य जगह एएनएम से काम चलाया जा रहा है। मांग की गई कि सर्वाधिक पिछड़े जनपद सोनभद्र की हर सीएचसी पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति की जाए।

रिहंद में सीआईएसएफका स्थापना दिवस 10 मार्च को

बीजपुर/सोनभद्र। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिहंद इकाई में 10 मार्च, 2025 को 56वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। साथ ही पुरे सप्ताह भर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सीआईएसएफअपने 56वें स्थापना दिवस को एक नई पहल के साथ मनाने जा रहा है, सुरक्षित तट, समृद्ध भारत। यह एक अनूठी साइकिल रैली होगी, जो भारत की मुख्य भूमि तटरेखा को पार करते हुए 6375 किलोमीटर का रास्ता तय करेगी। 25 दिनों तक दो साइकिल दल भारत की तटीय सड़कों पर यात्रा करने के बाद दोनों दल 31 मार्च, 2025 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित प्रतीकात्मक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में एकत्रित होंगे। भारत सरकार के गृहमंत्री 7 मार्च, 2025 को इस उल्लेखनीय साइकिल रैली को वर्चुअली हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे।

ऑल इंडिया रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने दिया धरना

महिलाओ ने डीआरएम की गाड़ी घेरी

चन्दौली । ऑल इंडिया रनिंग स्टाफएसोसिएशन के डीडीयू रेल मंडल इकाई के सैकड़ों रनिंग कर्मचारियों व उनके परिवार के लोगों ने गुरुवार को मंडल रेल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया । संगठन की ओर से रेल प्रशासन को पूर्व में दी गई नोटिस के बावजूद मांगो पर ध्यान नहीं दिए जाने से रेलकर्मी नाराज थे। इस दौरान बिल्डिंग के अंदर जा रहे प्रदर्शनकारियों को आरपीएफ सुरक्षाबलों ने रोकने प्रयास किया । दोनों के बीच धक्का मुक्की भी हुई है। प्रदर्शन कर रहे रनिंग कर्मचारी व उनके परिवार जनों ने रेल प्रशासन के उपर सीधा आरोप लगाया है कि रनिंग स्टाफ की ड्यूटी 12 से 18 घंटे तक करवाई जा रही है और इस लंबी ड्यूटी को छिपाने के लिए ड्युटी को 2 से 3 भागों में बांटकर दिखाया जा रहा है। रनिंग कर्मचारियों को 2 से 4 दिन तक मुख्यालय से बाहर रहने को मजबूर किया जा रहा है। रनिंग रूम अंकोरहाए नवीनगरए डीडीयू जंक्शन बरवाडीहए टोरी इत्यादि स्टेशनों पर रेस्ट व खाने की क्वालिटी बहुत ही खराब है। बहुत से सुपरवाइजर रैंक व रनिंग कर्मचारी वर्षों से एक ही जगह अनुचित लाभ पर लोकल ड्यूटी ध् स्टेशनरी ड्यूटी में कार्यरत हैं। परिवार के लोगों का आरोप है कि समय से छुट्टी व रेस्ट पर्याप्त नहीं मिल पा रहा है। मुख्यालय में 142 व रनिंग रूम में 62 में कॉल कराया जा रहा है। समय से एलपीएस.1 व एस एएलपी का प्रमोशन नहीं ले रहा है। ऐसे ही दर्जनो समस्याओं का ज्ञापन का दिया गया है। इस कार्यक्रम को इसीआरईयूए एआईजीसीए एआइएलआरएसएए एटीसीसीध् एचआरसी व अन्य संगठनों का भी समर्थन मिला है। इस धरने में 300 से ज्यादा कर्मचारी व उनके परिवार के लोग शामिल रहे। इस धरना प्रर्दशन में मुख्य रुप से ईआईएलआरएसएएलईसीआर के जोनल महासचिव एएकेण् राउतए मंडल सचिन डी के मिश्राए मंडल अध्यक्ष वसीउल एक संतोष कुमारए जितेन्द्र यादव ए केण् वर्मा सुनील कुमारए डी के सिहाण् पुपेन्दर कु0 सिहए के के सिन्हा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सचिव ने मंडलीय अस्पताल का जायजा लिया

मीरजापुर। सचिव राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश शासन डॉ पिंकी जोवेल ने आज जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ मण्डलीय अस्पताल के तीसरे मंजिल पर नव निर्माणाधीन आई0पी0एच0एल0 लैब एवं पुराने जिला महिला अस्पताल ;मेडिकल कालेजद्ध परिसर में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज महिला विंग का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए प्रगति की जानकारी ली। आई0पी0एच0एल0 लैब के निरीक्षण के दौरान कार्य पूर्ण पाया गया। उन्होंने सी0एम0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से दो दिवस के अन्दर लैब भवन को हैण्डओवर करते हुए होली से पहले लैब में सभी सुविधाएंध्मशीने स्थापित करते हुए चालू कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि मेडिकल डाक्टर व अन्य स्टाफ की कमी को पूर्ण करते हुए मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक में टी0वी0 उन्मूलन कार्यक्रमए जननी सुरक्षा योजनाए आयुष्मान आरोग्य मन्दिरए लैब टेक्नीशियन तथा तकनीकी सहायको की तैनातीध्रिक्त पदो के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। टी0वी0 उन्मूलन कार्यक्रम अभियान के सम्बन्ध में उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 25 मार्च तक टी0वी0 उन्मूलन कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में चलाते हुए टी0वी0 मुक्त भारत बनाने की दिशा में चिकित्सक कार्य करे। उन्होंने कहा कि अपने.अपने क्षेत्रो में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी शत प्रतिशत टी0वी0 रोगियो को चिन्हित करते हुए उनका उपचार सुनिश्चित करेंए नियमित रूप से टी0वी0 रोगियो को दवा खिलाने हेतु जागरूक करते हुए उसका सत्यापन भी करे तथा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु निक्षय पोटली कार्यक्रम के तहत स्वंय सेवी संगठनो व गणमान्य लोगो से समन्वय स्थापित कर टी0वी0 रोगियो को निक्षय पोटली का वितरण कराएं तथा यह भी सुनिश्चित करे वे उस पौष्टिक आहार का नियमानुसार सेवन करें। उन्होंने कहा कि ओ0पी0डी0 में प्रत्येक चिकित्साधिकारी आने वाले मरीजो को विविधवत तरीके से जांच सुनिश्चित करें तथा उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान करे। उन्होंने सभी स्वास्थ्यय योजनाओं की जानकारी लेते हुए उसे गुणवत्तापूर्ण ढंग से लागू कराते हुए लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को देय भुगतान आनलाइन सिस्टम से शत प्रतिशत करना सुनिश्चित किया जाए। आयुष्मान मन्दिर को सक्रिय करते हुए दूरभाष के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सको से वार्ता कर मरीजो को लाभ पहुंचाए। उन्होंने लैब टेक्नीशियन तथा अन्य तकनीकी कार्मिको के प्रतिदिन की कार्य प्रगति की रिपोर्ट मुख्य चिकित्साधिकारी को प्राप्त कर समीक्षा करने का निर्देश दिया। अस्पतालो में विभिन्न जांच का सैम्पल निर्धारित समय सीमा तक करते हुए मरीजो को समय से जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी चिकित्सको को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय अपने ड्रेस में रहते हुए अपने अस्पताल परिसर की साफसफाई रखना भी सुनिश्चित करें।

नपा अध्यक्ष ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

सोनभद्र। आर्दश नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रुबी प्रसाद ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड नं 20 मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अन्तर्गत लगभग 46 लाख रुपए की लागत से बनायें गये गुड्डू तिवारी के घर से होते हुए खखन्डु से कुबेर सोनकर की ओर सीसी रोड व इंटरलाकिग के कार्य का लोकार्पण किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रुबी प्रसाद ने कहा कि प्रदेश व केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जन समस्याओं को दूर करने के साथ ही विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। जिसका लाभ आमजन मानस को मिल रहा है। इस अवसर पर सभासद चंद्रप्रकाश दुबे उर्फ पप्पू दुबे मनोज चौबे अमित दुबे रामचंद्र पांडे अनवर अली मनीष सोनकर मुन्ना दूबे समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

एआईएसएमएनएफ ने कुम्भ नगरी में पत्रकारों को किया सम्मानित

महाकुम्भ नगर। ऑल इण्डिया स्माल एण्ड मीडियम न्यूज पेपर फेडरेशन नई दिल्ली की उत्तर प्रदेश राज्य इकाई द्वारा राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार नवरतन की मौजूदगी में कुम्भ नगरी प्रयागराज में पत्रकार समागम कर पत्रकारों को उनके सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र भगवत गीता और तुलसी की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार नवरतन ने सभी प्रकाशकों एवं पत्रकारों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल की कामना की। अशोक नवरतन ने पूरे महाकुम्भ में प्रवास के दौरान अपने पत्रकार साथियों एवं स्वयं के कैम्प में वार्ष्णेय समाज के कई हजार लोगों को ठहरने एवं गंगा स्नान करने की व्यवस्था और पूरे भारत से आए उनके समाज के लोगों ने उनके इस कार्य को खूब सराहा। अशोक कुमार नवरत्न ने वार्ष्णेय समाज के हजारों लोगों की तन्मयता से सेवा की। दिन रात निन्द्रा का त्याग करके सेवा में लगे रहे। एक समय ही अल्प भोजन करके कल्पवास किया। सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करने के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन द्वारा किया गया। जिसमें सभी पत्रकारों को राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार गुरिंदर सिंह की ओर से सम्मान पत्र धर्म ग्रन्थ भगवत गीता तुलसी माला देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि उपर्युक्त कार्यक्रम में प्रयागराज मण्डल के वरिष्ठ सदस्य हफीज़ुल्ला उर्फचुन्नू मियां देवेन्द्र त्रिपाठी सतीश मिश्रा अनिल त्रिपाठी परवेज आलम सम्पादक अरूण कुमार सोनकर सम्पादक बलराम शुक्ला कमलेश मिश्रा सम्पादक देवेंद्र त्रिपाठी जिया सिद्दकी शैलेश यादव विमलेश मिश्रा अमरदीप सुशील चौधरी अरविंद पाण्डेय आदि प्रकाशकों के साथ वरिष्ठ पत्रकार कुन्दन श्रीवास्तव दूधनाथ पाण्डेय लवलेश मिश्रा मनोज आदि के साथ ही सूचना विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी उपस्थित रहकर महाकुम्भ के सफल समापन पर करोड़ों श्रद्धालुओं और सरकार के मध्य बेहतरीन सामनजस्य बनाए रखने हेतु सभी पर्व पर किए गए सकारात्मक प्रकाशन और सहयोग के लिए पत्रकार साथियों की प्रशंसा की गई।

रक्तदान और सामाजिक सेवा की संस्कृति को दिया बढ़ावा

प्रयागराज। रक्तदान और सामाजिक सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देकर एलजी कॉर्पोरेट नेतृत्व का एक नया मानक स्थापित कर रहा है। लाइफइज गुड व्हेन लाइफस शेयर्ड अभियान केवल एक रक्तदान शिविर नहीं है बल्कि यह एक आंदोलन एक प्रेरणा और सामूहिक सद्भावना की शक्ति का प्रमाण है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड अपनी पैन इंडिया मेगा रक्तदान पहल लाइफइज़ गुड व्हेन लाइफस शेयर्ड के माध्यम से समाज में एक क्रांतिकारी बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है। यह अभियान न केवल स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने का आह्वान है बल्कि यह जीवन बचाने और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने की एलजी की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है। इस पहल को अपार सफलता मिली है जिसके अंतर्गत अब तक पूरे भारत में पचास से अधिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। फरवरी दो हजार पच्चीस में ही छह हजार पांच सौ से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया। जिससे पांच हजार से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अभियान को विशेष रूप से युवाओं से भारी समर्थन मिला है। जहां छात्रों एनएसएस सदस्यों और शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है।

सकारात्मक और सहायक कार्य वातावरण को बढ़ावा

वाराणसी। भारत की सबसे बड़ी खाद्य और एफएमसीजी कंपनियों में से एक अदाणी विल्मर लिमिटेड को लगातार आठवें साल ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में मान्यता दी गई है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों से सीधे फीडबैक के आधार पर एक व्यापक सर्वेक्षण के बाद यह सर्टिफिकेशन हासिल किया। यह असाधारण उपलब्धि ब्रांड को उन चुनिंदा संगठनों के समूह में शामिल करती है जो लगातार सकारात्मक और सहायक कार्य वातावरण को बढ़ावा देते हैं।इस मान्यता पर टिप्पणी करते हुएए मुख्य मानव संसाधन अधिकारीए अदाणी विल्मर लिमिटेडए श्री सिद्धार्थ घोष ने कहाए ष्हमें लगातार आठवें वर्ष ष्ग्रेट प्लेस टू वर्कष् के रूप में मान्यता मिलने पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है। यह लगातार मान्यताए हमारे स्कोर में सुधार के साथ मिलकरए एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों को उजागर करती है जहाँ हमारे कर्मचारी अपने आपको मूल्यवानए सम्मानित और सशक्त महसूस करते हैं। हम समावेशिताए नवाचार और विकास की संस्कृति को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हैंए और यह सर्टिफिकेशन हमारे लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमें विश्वास है किए साथ मिलकरए हम ष्ग्रेट प्लेस टू वर्कष् बने रहेंगे।

अनुश्रवण व मूल्यांकन समिति की बैठक

अंबेडकर नगर। विकास भवन सभागार में निराश्रित गोवश संरक्षण से सम्बन्धित जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गई। समिति द्वारा जनपद में स्थापित सभी गो.आश्रय स्थलों को सुदृढ करने को निर्णय लिया गया। समिति द्वारा गोसंवर्धन एवं गोसंरक्षण कोष में जनता से जनप्रतिनिधियों से व्यापरिक प्रतिष्ठानों से चन्दाएदान आदि प्राप्त कर गोवंश आश्रय स्थलों को सुदृढ़ करने एवं गोवंशों के उचित रख.रखाव तथा देख.रेख के लिए मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने का निर्णय किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा की संरक्षित गोवंश के रख.रखाव में कमी नहीं होनी चाहिए उनको समय पर संतुलित पशु आहार हराचारा खिलाएं।

आर्म्स एक्ट में 10 वर्ष की कैद

सोनभद्र। करीब 18 वर्ष पूर्व अनपरा पुलिस द्वारा स्टेनगन और कारतूस के साथ गिरफ्तार किए गए भीम पासवान के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोष सिद्ध पाकर दोषी भीम पासवान को 10 वर्ष की कठोर कैद व 5 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थानाध्यक्ष रामदयाल चौहान 18 जून 2007 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में निकले थे कि मुखबिर खास के जरिए सूचना मिली कि एक व्यक्ति मध्य प्रदेश की ओर असलहा और कारतूस लेकर जा रहा है। अगर मौके पर पहुंचा जाए तो वह पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस बल के साथ पहुंचा तो पुलिस को देखकर जंगल झाड़ी की ओर भागने लगा, जिसे पुलिस वालों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से स्टेनगन और 10 कारतूस बरामद हुआ। जिसे रखने का उसके पास कोई लाइसेंस नहीं था। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम पता भीम पासवान पुत्र मुरली पासवान निवासी बुटबेढवा, थाना विंढमगंज, जिला सोनभद्र बताया। इस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर भीम पासवान पुत्र मुरली पासवान निवासी बुटबेढवा, थाना विंढमगंज, जिला सोनभद्र के विरुद्ध विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोष सिद्ध पाकर सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील विनोद कुमार पाठक ने बहस किया।

हितों के लिए होंगे समर्पित

प्रयागराज। देश का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड टाटा नमक उन्नीस सौ तिरासी से रहा है। इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान टाटा नमक देश भर के सौ नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। पहल के जरिए आत्मविश्वास से अपनी श्रेष्ठता का दावा करता है जिसकी तुलना देश भर के नमकों से की जाती है। इसलिए उन उपभोक्ताओं के लिए पहली पसंद रहा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अध्यक्ष पैकेज्ड फूड्स इंडिया दीपिका भान ने कहा कि शुद्धता और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के हित के प्रति समर्पित हैं।

वंचित वर्ग के उद्यमियों को सक्षम बनाने की पहल

वाराणसी। अपने प्रयासों के माध्यम से छोटे कारोबारियोंए ग्रामीण उद्यमियों और महिलाओं द्वारा संचालित उद्यमों को डिजिटल इकोनॉमी में आगे बढ़ने में सक्षम बना रहा है। फ्लिपकार्ट ने वंचित वर्ग के विक्रेताओं एवं उद्यमियों को सक्षम बनाने के लिए कई कार्यशालाओं का आयोजन किया हैए जिनके माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैए उनकी क्षमता बढ़ाई जाती है और उन्हें ऑनबोर्डिंग के बारे में बताया जाता है। इनमें ऐसे क्षेत्रों को लक्ष्य किया जाता हैए जहां डिजिटल साक्षरता एवं ई.कॉमर्स को लेकर जागरूकता की कमी के कारण उनके लिए बाजारों तक पहुंचना और लिंक पाना मुश्किल होता है।

व्याख्यान का हुआ आयोजन

गाजीपुर। सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के चौथे दिन प्राचार्य प्रोफेसर डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के दिशा निर्देश पर फेक न्यूज़ए मिस इनफॉरमेशन और डिसइनफॉरमेशन पर केंद्रित एक व्याख्यान का आयोजन स्वयंसेवकों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में वक्त के तौर पर पीजी कॉलेज के मीडिया समन्वयक अमितेश सिंह ने व्याख्यान दिया। सिंह ने स्वयंसेवकों को फेक ;गलत द्धसमाचार को चिन्हित करने व उपायों को साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरीके से गलत सूचना का प्रचार प्रसार वैश्विक स्तर पर एक व्यापक खतरे के तौर पर उभरा है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वयंसेवक किस तरीके से सोशल मीडिया के सार्थक उपयोग से अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। आम आदमी सजगता के साथ किस तरीके से इसे खुद को साइबर ठगी का शिकार होने से बचा सकता है। इन बिंदुओं पर कार्यक्रम में विस्तार से चर्चा की गई। स्वमसेवको की ओर से भी कार्यक्रम को लेकर खास रुचि दिखाई गई। स्वयंसेवको ने भी सोशल मीडिया के उपयोग और उससे जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से कार्यक्रम में चर्चा किया। इसके उपरांत द्वितीय सत्र में सीपीआर ट्रेनिंग का आयोजन हुआ। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीएमओ ने स्वमसेवको को इनको लेकर जागरूक किया।

योगी सररकार में हो रहा है चौतरफा विकासः डीएम

अंबेडकरनगर । जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विकासखंड अकबरपुर में आयोजित 'ष्लोकदृउपासना जन जागरूकता कार्यक्रम विकास खंडदृअकबरपुरष्' का दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया शुभारंभ।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड अकबरपुर में आयोजित लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना की संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनमानस को दी गई जानकारी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के द्वारा आम आदमी ;कॉमन मैनद्ध को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का संपूर्ण प्रदेश में संचालन किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है और उत्तर प्रदेशए देश में सबसे तीव्र गति से सभी सेक्टरों में आगे बढ़ रहा है इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रशासन गांव जाकर योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही हैए उन्हें योजनाओं का लाभ सुगमता से लेने हेतु आज एक एक योजना की समस्त प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और एक.एक जरूरतमंद तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सप्ताह एक विकास खंड में लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जहां पर कार्यक्रम में एक मंच पर समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को लाकर एकत्रित जनमानस को अधिकारियों द्वारा अपने.अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में कड़ी में आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड अकबरपुर में लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और जन सामान्य को विभागवार एकदृएक करके सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की दीदियों ने अपनी अपनी सक्सेस स्टोरी ;ष्मेरी जुवानी मेरी कहानीष्द्ध बताई और लोगों को कड़ी निष्ठा एवं आत्मबल के साथ अपना रोजगार स्थापित कर आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

आबकारी दुकानों की हुई ई लॉटरी

अंबेडकर नगर।नोडल अधिकारी प्रांजल यादव की उपस्थिति तथा जिलाधिकारीए पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आबकारी दुकानों की ई लॉटरी संपादित की गई। जिसमे 172 देसी शराबए81 कंपोजिट शॉप 4 मॉडल शॉप और 33 भांग दुकानों का आवंटन किया गया। संपूर्ण ई लॉटरी आवंटन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

ट्रंप की रणनीति

व्यापार युद्ध

डोनाल्ड ट्रंप की धमकी अब पूर्ण व्यापार युद्ध में बदल गई है। कनाडा, चीन और मैक्सिको ने अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने की प्रतिक्रिया की है। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा चीन, कनाडा और मैक्सिको के खिलाफ शुरू व्यापार युद्ध की प्रतिक्रिया अनेक उपायों के रूप में सामने आई है जिसने विश्व बाजारों में अस्थिरता पैदा कर आर्थिक स्थायित्व को खतरे में डाल दिया है। हालांकि, विभिन्न देशों की सरकारों ने राष्ट्रीय चिन्ताओं को देखते हुए टैरिफ लागू किए हैं, पर व्यापक रूप से इस उपाय के प्रयोग से अमेरिका तथा विश्व अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान की संभावना है। स्थितियां बदलने के साथ विश्व व्यापार पर इसके दीर्घकालीन विपरीत प्रभावों पर सावधानी से नजर डालना जरूरी हो गया है। अपने वादे के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से होने वाले आयातों पर कठोर टैरिफ लागू किए हैं। इस कदम ने महत्वपूर्ण रूप से विश्व व्यापार के क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है और जवाबी उपायों के रूप में इसकी त्वरित प्रतिक्रिया हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए मैक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी उत्पादों पर 25 प्रतिशत तथा चीनी आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिकी प्रशासन ने तर्क दिया है कि ये उपाय उन मुद्दों से निपटने के लिए जरूरी हैं जिनका संबंध अवैध आप्रवास तथा नशे के व्यापार से है और ये अमेरिकन उद्योगों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। किसी हानिकारक प्रभाव से बचने के लिए कनाडा से ऊर्जा आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है जिसमें बिजली, प्राकृतिक गैस और तेल शामिल हैं।

लक्षित देशों द्वारा इस पर तीखी और सशक्त प्रतिक्रिया सामने आई है।

बीजिंग ने इसके जवाब में प्रमुख अमेरिकी कृषि उत्पादों, जैसे चिकन, पोर्क, सोया और बीफ पर 15 प्रतिशत तक टैरिफ की घोषणा करने के साथ अमेरिकी बिजनेसों पर नियंत्रणों का विस्तार किया है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो ने 155 बिलियन डालर के अमेकिन उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है। इसी प्रकार मैक्सिको के राष्ट्रपति क्लाडिया शेनबाम ने अमेरिका के खिलाफ बदले की कार्रवाई के रूप में टैरिफ लगाते हुए एकपक्षीय निर्णय का विरोध किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इसका मैक्सिको में काम कर रही राष्ट्रीय और विदेशी कंपनियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि टैरिफ से आर्थिक वृद्धि में काफी बाधा आएगी। उनके अनुमानों के अनुसार इससे अमेरिका का जीडीपी 2.8 प्रतिशत घट सकता है। टैरिफ बढ़ाने से खुदरा मूल्यों में भी वृद्धि हो सकती है जिससे वर्तमान समय में जारी मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा तथा लंबे समय तक उच्च ब्याज दरों का सामना करना पड़ सकता है। विश्व बाजारों ने इस पर विपरीत प्रतिक्रिया की है जिससे प्रमुख अमेरिकी सूचकांकों और खासकर आटोमोबाइल क्षेत्र के शेयरों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। उद्योग व खासकर आटोमोबाइल क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सप्लाई श्रृंखलाओं पर निर्भर होते हैं जिसके कारण उत्पादन में विलंब तथा बाधाओं के कारण कीमतें बढ़ना संभव हो सकता है। अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दूसरे देशों पर नशे के व्यापार जैसे मुद्दों पर दबाव डालने तथा घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए टैरिफ में वृद्धि आवश्यक उपकरण की तरह है। लेकिन सच्चाई इससे अलग है। टैरिफ बढ़ाने का नकारात्मक प्रभाव अंततः अमेरिकन अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। इसके कारण अमेरिका में कीमतें बढ़ सकती हैं, उत्पादन घट सकता है तथा रोजगारों में वृद्धि पर भी विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार की बदलती परिस्थितियों में जहां अमेरिकन प्रशासन का लक्ष्य राष्ट्रीय सरोकारों को संबोधित करने पर अधिक है, वहीं इस व्यापार के दीर्घकालीन प्रभाव अमेरिका तथा विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ सकते हैं। इसके परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं।

विकास एवं संरक्षण में संतुलन

केरल के क्विलोन फिश बैंक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग व संसाधनों के लिए खोदाई परियोजनाओं से समुद्री जैव-विविधता के नुकसान तथा परिस्थितिकीय स्थयित्व पर चिन्ता पैदा हो गई है।

संतोष मैथ्यू
(लेखक, असोसिएट प्रोफेसर हैं)

भारत का महत्वाकांक्षी 'ब्लू इकोनोमी' दृष्टिकोण देश के विशाल समुद्री संसाधनों में परिवर्तन कर रहा है। केरल इस परिवर्तन के केन्द्र में है जहां क्विलोन 'फिश बैंक' टिकाऊ मत्स्यपालन के महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में विकसित हुआ है। लेकिन हाल में बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग, संसाधनों की खोदाई तथा समुद्री जैव-विविधता पर पड़ने वाले दीर्घकालीन प्रभावों को लेकर चिन्ता पैदा हो गई है।

इससे आर्थिक वृद्धि तथा परिस्थितिकीय स्थायित्व के बीच संतुलन बनाने को लेकर भी सवाल पैदा हो गए हैं। अपनी समृद्ध जैवविविधता तथा उच्च उत्पादकता के लिए क्विलोन फिश बैंक भारत के सर्वाधिक महत्वपूर्ण फिशिंग क्षेत्रों में है। कोल्लम और अलापुझा जिलों में फैला यह क्षेत्र अनेक मछली प्रजातियों और झींगों का महत्वपूर्ण प्रजनन स्थल है। केरल के मछुआरे लंबे समय से अपनी आजीविका के लिए इस क्षेत्र के समुद्र पर निर्भर रहे हैं जो राज्य की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के लिए टिकाऊ फिशरीज़ प्रबंधन का प्रतीक है।

लेकिन हालिया घटनाओं ने व्यापक चिन्ता पैदा की है जिनमें कोल्लम की समुद्री तलहटी के 242 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में नियमित ड्रेजिंग शामिल है। खबरों से संकेत मिलता है कि भारत के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने केरल के तटीय तथा अपतटीय क्षेत्रों में 7.45 बिलियन टन बालू का पता लगा है। हालांकि सरकार इसे आर्थिक विकास का अवसर मानती है, पर स्थानीय समुदायों को भय है कि इससे परिस्थितिकी का विनाश होगा, मछलियों की संख्या में कमी आएगी तथा तटीय क्षरण बढ़ेगा। विवादास्पद ड्रेजिंग परियोजना एक व्यापक 'ब्लू इकोनोमी पहल' का हिस्सा है जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास के लिए समुद्री संसाधनों का दोहन है।

हालांकि, इस दृष्टिकोण में संभावनायें हैं, पर इसके दीर्घकालीन टिकाऊपन तथा केरल की संवेदनशील समुद्री परिस्थितिकी पर इसके प्रभाव के बारे में चिन्ता पैदा हो गई है। ब्लू इकोनोमी की अवधारणा में आर्थिक प्रगति के लिए समुद्री संसाधनों के जिम्मेदार और टिकाऊ प्रयोग पर जोर दिया गया है। अपनी विशाल तटरेखा तथा समृद्ध समुद्री विरासत वाले भारत ने ब्लू इकोनोमी की पहचान इक्कीसवीं शताब्दी में विकास के महत्वपूर्ण संचालक के रूप में की है। सरकार के नीतिगत ढांचे में आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण को समेकित करने की बात कही गई है। जहां बालू के खनन तथा गहरे समुद्र में फिशिंग के माध्यम से बड़े पैमाने पर संसाधनों का दोहन इस नीति का हिस्सा हैं, वहीं परिस्थितिकीय बाधा न्यूनतम करने का प्रयास भी किया गया है। वैज्ञानिक शोध, पर्यावरण-हितैषी तकनीकों तथा कठोर विनियमनों के प्रयोग से टिकाऊ विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

भारत की ब्लू इकोनोमी योजना का एक प्रमुख लक्ष्य फिशरीज़ क्षेत्र का आधुनिकीकरण है। विकसित फिशिंग ढांचे, कोल्ड स्टोर सुविधाओं तथा वैकल्पिक आजीविका कार्यक्रमों में निवेशों से मछुआरों को आय प्राप्त करने के नए अवसर मिलेंगे। इनमें सीवीड खेती तथा मैरीकल्चर शामिल हैं। इन पहलों का उद्देश्य अत्यधिक शिकार वाली प्रजातियों पर निर्भरता घटाना तथा ज्यादा संतुलित समुद्री परिस्थितिकीतंत्र सुनिश्चित करना है। लेकिन ब्लू इकोनोमी के सकारात्मक आयामों के बावजूद समुद्री जैवविविधता पर इसके प्रभाव के बारे में चिन्तायें बनी हुई हैं। क्विलोन फिश बैंक इस दुविधा का प्रमुख उदाहरण है। ड्रेजिंग व बालू खनन भले ही आर्थि रूप से आकर्षक है, पर इससे मछलियों का प्रजनन चक्र प्रभावित होने का खतरा है। इसके साथ ही समुद्री लहरों में परिवर्तन से तटीय क्षरण का खतरा बढ़ जाता है। केरल की तटीय परिस्थितिकी पर पहले से ही जलवायु परिवर्तन तथा अनियंत्रित फिशिंग व्यवहारों से दबाव पड़ रहा है। ऐसे में समुद्री संसाधनों के और दोहन से स्थिति अपरिवर्तनीय रूप से बदल सकती है।

> **अपनी विशाल तटरेखा तथा समृद्ध समुद्री संसाधनों की दोहन की विरासत वाले भारत ने ब्लू इकोनोमी की पहचान इक्कीसवीं शताब्दी में आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण संचालक के रूप में की है। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित नीतिगत ढांचे में समुद्री संसाधनों के आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संरक्षण में परस्पर समन्वय स्थापित करने को प्रमुखता दी गई है।**

इससे न केवल समुद्री प्रजातियों को खतरा पैदा होगा, बल्कि हजारों मछुआ परिवारों की आजीविका भी प्रभावित होगी। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अरब सागर और पश्चिमी घाटों के बीच केरल की भौगोलिक स्थिति उसे खासकर पर्यावरण क्षरण के दृष्टिकोण से गंभीर खतरे में डालती है। इन सरोकारों को संबोधित करने के लिए सरकार ने मैरीन प्रोटेक्टेड एरियाज़-एमपीए का विस्तार किया है ताकि महत्वपूर्ण पर्यावासों को सुरक्षा मिल सके। ये संरक्षित क्षेत्र मछलियों की संख्या बढ़ाने तथा जैवविविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इसके साथ ही उत्कृष्ट निगरानी व्यवस्थाओं से मछलियों के आवागमन पैटर्न की जांच कर फिशिंग गतिविधियों को नियंत्रित कर समुद्र का दीर्घकालीन स्वास्थ्य भी सुनिश्चित किया जा सकता है। नार्वे, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे देशों ने टिकाऊ फिशरीज़ नीतियों का क्रियान्वयन किया है जिनमें आर्थिक हितों तथा संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया गया है।

इन माडलों से सबक लेकर भारत अपनी ब्लू इकोनोमी रणनीति में सुधार कर सकता है। केरल सरकार ने भी समुद्रतटीय क्षेत्रों को मजबूत करने के कदम उठाए हैं। बड़े पैमाने पर तटीय संरक्षण परियोजनायें शुरू की गई हैं ताकि क्षरण और परिस्थितिकी के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इनमें कृत्रिम रीफ़ बनाना तथा मैंग्रूव वनों की बहाली शामिल हैं। लेकिन इन प्रयासों को केन्द्र सरकार से ज्यादा मजबूत समर्थन की आवश्यकता है ताकि इनकी दीर्घकालीन प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। क्विलोन फिश बैंक तथा केरल के फिशरीज़ क्षेत्र का भविष्य आर्थिक विकास तथा पर्यावरण के टिकाऊपन के बीच एक मध्यमार्गी रास्ता तलाशने पर निर्भर करता है।

जहां प्रगति के लिए संसाधनों का दोहन तथा विकास परियोजनायें जरूरी हैं, वहीं उनको कठोर पर्यावरणीय सुरक्षा के अंतर्गत ही अनुमति मिलनी चाहिए। सरकार, स्थानीय समुदायों, पर्यावरणविदों तथा वैश्विक विशेषज्ञों को शामिल करने वाला बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। नीतिनिर्माताओं को बड़ी समुद्री परियोजनाओं को अनुमति देने से पहले वैज्ञानिक शोध तथा परिस्थितिकी प्रभाव आंकलनों को प्राथमिकता देनी चाहिए। वैकल्पिक आजीविका विकल्पों से स्थानीय समुदायों का सशक्तीकरण, संरक्षण प्रयासों के विस्तार तथा संसाधनों के दोहन पर कठोर नियमन लागू कर केरल में फिशरीज़ का टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। भारत के ब्लू इकोनोमी दृष्टिकोण में असाधारण संभावनायें निहित हैं, लेकिन इसकी सफलता अंततः इस बात पर निर्भर करेगी कि हम विकास एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी में कितना अच्छा संतुलन स्थापित करते हैं।

ईश्वर और गुरु को समझना

> **एक सच्चा गुरु अपनी सीमाओं को पहचानता है, केवल एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है जो शिष्यों को ईश्वर से जोड़ता है**

अजित कुमार विश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

हमें अपने जीवन में इन मूलभूत संस्थाओं के बीच अंतर को समझना चाहिए। सबसे पहले, मैं ईश्वर के कुछ सामान्य रूप से ज्ञात गुणों को गिनाता हूँ। वह सर्वशक्तिमान है। इस शब्द को असीमित शक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है। केवल ईश्वर ही इस विवरण में फिट बैठता है। क्या वह असंख्य आकाशगंगाओं का निर्माता नहीं है? इसी तरह, ईश्वर सर्वज्ञ है। इस शब्द को सब कुछ जानने के रूप में परिभाषित किया गया है। ईश्वर के अलावा और कौन इस विवरण में फिट बैठता है? एक साधारण मनुष्य कितना जान सकता है?

अल्बर्ट आइंस्टीन ने प्रसिद्ध रूप से कहा, जितना अधिक मैं सीखता हूँ, उतना ही मुझे एहसास होता है कि मैं कितना नहीं जानता। फिर, ईश्वर भी सर्वव्यापी है। इस शब्द को एक ही समय में हर जगह मौजूद होने के रूप में परिभाषित किया गया है। और ईश्वर एक है और हम अनेक हैं। भगवान कृष्ण कहते हैं, एक शाश्वत आत्मा मेरा ही अंश है। (भगवद-गीता 15.7) आइए देखें कि इन विशेषताओं में एक वास्तविक गुरु कैसा प्रदर्शन करता है। वह जानता है कि उसने आध्यात्मिक ज्ञान, वक्तृत्व कौशल आदि के मामले में जो कुछ भी सीखा है, वह ईश्वर की शक्ति के कारण है। भक्तों के बीच उपदेश देने से भगवान बहुत प्रसन्न होते हैं। एक सच्चा गुरु यह समझता है कि उसके ज्ञान का स्रोत केवल ईश्वर ही है। सर्वव्यापकता के संबंध में, एक सच्चा गुरु विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता है कि वह अपने शिष्यों के साथ उपस्थित होने में बहुत सीमित है। इसके अतिरिक्त, एक सच्चा गुरु कभी भी ईश्वर के साथ किसी भी समानता का दावा नहीं करता है, सिवाय ईश्वर का अंश होने के। क्योंकि ईश्वर हमसे बिल्कुल अलग है।

एक सच्चा गुरु इस तथ्य को दूसरों से अधिक जानता है, जो इतने ज्ञानी नहीं हैं।

ईश्वर का अवतार होना उसके दिमाग में कभी नहीं आता, क्योंकि वह जानता है कि ईश्वर विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अवतार लेते हैं। एक गुरु की भूमिका बहुत सीमित होती है। यह सिर्फ अपने शिष्यों को ईश्वर से जोड़ने में मदद करना है। और वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से अपनी ओर आकर्षित करने से सख्ती से बचता है। आदि शंकराचार्य उनके आदर्श हैं, जिन्होंने भज गोविंदम का उपदेश दिया। अब मैं प्रसिद्ध श्लोक को लूंगा, जो है, गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु, गुरुर देवो महेश्वर, गुरुर साक्षात परमब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः। क्या कोई भी नश्वर व्यक्ति ब्रह्मा, विष्णु या महादेव होने का दावा कर सकता है, तीनों की तो बात ही छोड़िए? यह कल्पना करना भी हास्यास्पद है। ये ईश्वर की अभिव्यक्तियाँ हैं, कोई साधारण सत्ता नहीं; वे शाश्वत हैं, जबकि हम मुक्ति मिलने तक बार-बार जन्म और मृत्यु के अधीन हैं। तो इस श्लोक का अर्थ क्या है? यह बस इतना है कि गुरु जो कुछ भी बोलता है, उसके लिए ईश्वर की अनुमति होती है; वह उनके निर्देशों से विचलित नहीं होता। वह केवल उनकी शिक्षाओं का सार बता रहा होता है। इस तरह वह ईश्वर का प्रतिनिधित्व करता है। एक सच्चा गुरु यह सुनिश्चित करता है कि वह अपने शिष्यों को अपने अनुचित कार्यों से किसी भी तरह के नुकसान से बचाए। वह ईश्वर के साथ एक अच्छा संबंध स्थापित करने में उनकी मदद करने के अलावा और कुछ नहीं वादा करता। वह भगवान की शरण में जाने के लिए एक आदर्श बनने की कोशिश करता है क्योंकि इसी तरह सभी को लाभ मिल सकता है। वह जानता है कि वह इससे अधिक कुछ नहीं दे सकता।

इस संबंध में वह अपनी गंभीर सीमाओं से अवगत है। वह अपने शिष्यों को भगवान से जुड़ने के लिए मार्गदर्शन करता है ताकि वे वह सब पा सकें जो भगवान दे सकते हैं। (9.25) निष्कर्ष यह है कि एक सच्चे गुरु से मदद मांगनी चाहिए, जो हमारी अनंत यात्रा में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। और हमें कभी भी आसान लाभ की उम्मीदों से विचलित नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसा कुछ भी नहीं है। हमें अपने प्रयासों से मुक्ति सहित जो कुछ भी पाने की उम्मीद है, उसे पाने का हकदार होना चाहिए, किसी और के प्रयासों से नहीं। एक सच्चा गुरु इस तथ्य को जानता है और उन लोगों के मन में कभी कोई संदेह नहीं छोड़ता जो उस पर भरोसा करते हैं। इस प्रकार वह अपने शिष्यों से सम्मान प्राप्त करता है, जिसके वह पूरी तरह से हकदार हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ शिष्य व्यक्तिगत रूप से उनकी सेवा कर सकते हैं और कुछ गुरु को अपना भरण-पोषण करने के लिए दान दे सकते हैं।

आप की बात

अराजक आंदोलन

अराजक किसान आन्दोलन-जीवियों द्वारा पंजाब को बंधक बनाने की आशंका पर पंजाब के मुख्यमंत्री को ध्यान आया कि वो पंजाब की 3 करोड़ जनसंख्या के संरक्षक हैं इसलिए वो किसानों के प्रति कठोर भी हो सकते हैं। ये उसी आम आदमी पार्टी-आप के मुख्यमंत्री हैं जिसके सर्वोच्च नेता अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद का दुरूपयोग करते हुए अराजक किसानों को दिल्ली की सीमा पर डटे रहने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई थीं, जिसका राजनीतिक लाभ भी उनको पंजाब में सत्ता प्राप्ति के रूप में मिला। केन्द्र सरकार, मोदी और भाजपा के विरोध में भारत के राजनीतिक विपक्ष ने पंजाब के अराजक किसानों के सर्वथा अनुचित हठ को समर्थन देकर पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व दिल्ली की शान्ति व स्थिरता को क्षति पहुंचाई है जो व्यापार, निर्बाध आवागमन और अर्थव्यवस्था ही नहीं कृषि के लिए भी हानिकारक है। इन तथाकथित किसानों की अनुचित मांगों के लिए अब तक भाजपा व मोदी को कोसने वाले पंजाब के मुख्यमंत्री अब किसानों को भला-बुरा कह रहे हैं। यदि मुख्यमंत्री भगवंत मान सचमुच समूचे पंजाब की जनता के प्रति गंभीर हैं तो पंजाब को अराजक किसानों की हठधर्मिता के चलते धरना राज्य बनने से बचाएं।

- जय प्रकाश गुप्त, अम्बाला

एआई पर जोर

भारत हर हफ्ते एक एआई वैश्विक क्षमता केंद्र खोल रहा है जो कि तकनीकी विकास और क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। यह कदम न केवल भारत की तकनीकी क्षमता को बढ़ावा देगा, बल्कि यह देश को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए भी तैयार करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआईद्ध का महत्व आज के समय में बढ़ गया है। इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है, जैसे कि स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, और सुरक्षा आदि। एआई की मदद से हम समस्याओं का समाधान अधिक तेजी से और सटीकता से कर सकते हैं। भारत में एआई की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने एआई के विकास के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे एआई फार ऑल और एआई इन इंडिया। इन योजनाओं का उद्देश्य एआई की क्षमता को बढ़ावा देना और इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में करना है। भारत में कई एआई स्टार्टअप भी शुरू हुए हैंए जो कि इसकी क्षमता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये स्टार्टअप एआई का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में कर रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने उचित ही भारत द्वारा अपना एआई तंत्र विकसित करने पर जोर दिया है।

सुभाष बुडावनवाला, रतलाम

विपक्ष में बिखराव

विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन राज्यों के विधानसभा चुनावों के चलते लगातार धराशाई हो रहा है। लोकसभा चुनाव तक ही सीमित एवं थोड़ा सफल रहा इंडिया गठबंधन अब लगातार पतन की और जा रहा है। लगभग सभी विधानसभा चुनावों में सारे विपक्षी एकजुट नहीं हो पा रहे हैं एवं अक्सर टिकट बंटवारे में एक दूसरे से लड़कर एक दूसरे के वोट काटते हैं। अब तक हुए विधानसभा चुनावों में राज्यों की क्षेत्रीय पार्टियों ने देश की राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस को अपने यहां कतई भाव नहीं दिया है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन, यानी भाजपा नीत राजग हर बार अपने साथ के दलों को कुछ न कुछ सीट देकर उनका सम्मान रखते हुए चुनाव लड़ रहा है। इसी कारण वह कामयाब भी है। अब एक बार फिर बिहार व पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही राजग ने सहयोगियों से बात करना प्रारंभ कर दिया है एवं गठबंधन की एकता पर बल देते हुए अगले 2 साल में आने वाले विधानसभा चुनावों को मिलकर लड़ने का फैसला किया है। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के दल अभी कांग्रेस के पर कतरने की तैयारी में लगे हुए हैं या उन्होंने कांग्रेस से हाथ मिलाने से ही इनकार कर दिया है। इससे विपक्ष में बिखराव बढ़ने की आशंका है।

-एमएम राजावत, शाजापुर

हिंदी विरोध की प्रवृत्ति

दक्षिण भारत में हिंदी विरोध नया नहीं है बल्कि इसकी चिंगारी 1937 से ही सुलग रही है जिसे राजनीतिक संरक्षण कायम रखता आया है। 1960 के दशक में राजभाषा अधिनियम में संशोधन के बाद यह धीमा तो पड़ा मगर अंदर ही अंदर धधकता रहा। हाल के दिनों में तमिलनाडु में हिंदी के खिलाफ आंदोलन फिर उग्र हुआ जिसमें रेलवे स्टेशन, डाकघरों और अन्य सरकारी स्थानों पर हिंदी में लिखे बोर्ड पर कालिख पोतने जैसी घटनाएं सामने आई हैं। यह अंध-विरोध न केवल असहिष्णुता को दर्शाता है, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता पर भी प्रहार करता है। द्रमुक जैसे दल केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हिंदी थोपने का प्रयास मानते है, जबकि केंद्र सरकार हिंदी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के प्रयास में लगी है। हिंदी महज एक भाषा नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता का सेतु है और कई राज्यों में संपर्क भाषा के रूप में इसका उपयोग आवश्यक हो जाता है। हिंदी के प्रति अतिवादी रुख और विक्षिप्त मानसिकता समझ से परे है। इस प्रवृत्ति पर लगाम लगाने की जरूरत है।

-अमृतलाल मारू, इंदौर

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

प्रशासन ने दोनों धर्मों से किया अपील सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

● अफवाहो से बचे कोई भी सूचना तत्काल अधिकारियों को दें: डीएम

संतकबीरनगर। डीएम महेन्द्र सिंह तवंर की अध्यक्षता में जनपद में होली एवं रमजान माह के दौरान नमाज को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के दृष्टिगत जिला शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे। डीएम ने जनपद की शांतिप्रिय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाये रखते हुए त्योहारों को आपसी ताल-मेल, अमन पसंदी से भाई-चारें के साथ मनाने की अपील किया। विभिन्न इलाकों में कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के बारे में उपस्थित सम्भ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरू एवं समिति के सदस्यों से फीडबैक प्राप्त करते हुए आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। धर्मगुरू सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए सम्भ्रान्त नागरिकों ने प्रशासन के साथ सामान्य परिचय के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में अमन चौन, आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहारो को मनाये जाने की परम्परा की याद दिलाते हुए आगामी त्योहारो को भी मिल-जुल कर मनाये जाने का आश्वासन दिया। समस्या अथवा शिकायत की दशा में तत्काल प्रशासन/पुलिस प्रशासन को सूचित करने की भी अपील की। शांति समिति की बैठक में आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि जनपद में होली का त्योहार आगामी 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को मनाया जाएगा और इसी दिन मुस्लिम भाईयों द्वारा रमजान माह में जुम्मे की नमाज भी अता की जानी है इसलिए आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि होली के दिन रंग खेलने का समय सुबह से अपरान्ह 01 बजे तक ही रहेगा एवं मुस्लिम भाईयों द्वारा अपरान्ह 02 बजे के बाद नमाज अता की जाएगी, जिसे सभी धर्मगुरूओं एवं गणमान्य नागरिकों

शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी।

द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए आपसी भाईचारों के साथ त्योहारों को मनाने हेतु आश्वस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित धर्मगुरूओं/अन्य गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनपदवासियों को त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं आपसी समन्वयता के साथ मानने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एक दूसरें की भावनाओं का आदर एवं सम्मान करते हुए अपने-अपने हिसाब से त्योहारों को मनाये। यदि कोई भी व्यक्ति आपसी भाई-चारें और सौहार्द के वातावरण में व्यवधान पैदा करने की कोशिश करते हुए पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने विशेष तौर पर सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाये जाने वाले अफवाहो पर ध्यान न देने तथा अपने स्तर पर ही इसे रोक देने की बात कही। सभी से पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी सम्भावित घटनाओं आदि बारे में तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करे। जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्रा. स्वास्थ्य केन्द्रों को अलर्ट मोड पर रखा जाये। अस्पतालों में जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये। बिजली, पानी, साफ-सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करने के दृष्टिगत ईओ नगर पालिका सहित सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। त्योहारों के दौरान किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये आवश्यकतानुसार निर्देशित किया। सीएमओ डा. रामानुज कन्नौजिया, डीएफओ, एसडीएम सदर शैलेश कुमार दूबे, एसडीएम मेंहदावल संजीव राय, एसडीएम धनघटा अरूण कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी मेंहदावल, पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह, प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज यादव, सहित समस्त थाना प्रभारीगण, धर्मगुरू, एवं संभ्रांत नागरिक, ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।

होली त्यौहार से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

अमेठी। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी अमेठी के निर्देश पर जनपद अमेठी के सहायक आयुक्त (खाद्य) राजेश द्विवेदी द्वारा होली त्यौहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के छापामार दल का गठन किया गया है। जनपद में ताबड़तोड़ छापे मार कर अमेठी बाजार में दो अलग अलग किराना व्यवसायियों से रंगीन कचरी के दो नमूने खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला से जॉच कराने के लिये संग्रहित किए। टीम के पहुंचने पर कुछ व्यवसाई अपने प्रतिष्ठान बंद कर मौके से गायब हो गएए ऐसे व्यवसाईयों को चिन्हित किया जा रहा है। होली पर्व के कारण छापेमारी के दौरान मौके पर जमा हो गए आम लोगों को भी विभाग के अधिकारियों द्वारा जागरूक किया गया कि मिठाईयोंए कचरी एवं नमकीन में रंग का प्रयोग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। मिलावट को छुपाने के लिए भी रंग का प्रयोग किया जा सकता है ताकि गुणवत्तापरक न होने पर भी रंग के कारण ऐसी खाद्य सामग्री को आम उपभोक्ता द्वारा परखा न जा सके। रामगंज बाजार में छापा मार कर एक किराना प्रतिष्ठान पर एक्सपायर्ड सॉस और पास्ता मसाला भी पकड़ा, जिसके नमूने लेकर जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। रामगंज बाज़ार में ही एक मिठाई प्रतिष्ठान से खोया का नमूना लेकर जाँच हेतु भेजा जा रहा है। दुर्गापुर में एक किराना व्यवसाई मौके पर कोई

बिल नहीं दिखा सका तो टीम द्वारा नमकीन और सुपारी का एक नमूना लेकर जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। टीम द्वारा टीकरमाफी में एक किराना प्रतिष्ठान से भी रंगीन कचरी का नमूना लिया गया और शेष लगभग 135 किलो कचरी को मौके पर ही सीज कर दिया गया। आश्चर्य की बात ये थी कि इसी खाद्य कारोबारी का पहले भी कचरी का नमूना फेल आ चुका है, एडीएम के न्यायालय से उसे 10000 रु का जुर्माना भी लगाया गया था। टीम द्वारा छापेमारी अभियान के पहले दिन ही 8 नमूने लिए गए हैं। छापे मारी टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीकिशुन चौहान, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमाशंकर पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी युगुल किशोर एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर शामिल रहे।

कार्यक्रम में मारपीट व उत्पात करने में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

ऊंचाहार। शादी कार्यक्रम में मारपीट व उत्पात करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैए अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही हैं। अलीगंज के कुशल भवन मैरिज लॉन में शादी कार्यक्रम के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने आधा दर्जन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया था, इस दौरान जमकर उत्पात मचाया था। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ थाएमामले में पुलिस ने राहुल मौर्य निवासी निगोहा की तहरीर पर स्टेशन रोड निवासी दीपू मौर्य, शानू मौर्य, पूरे तुला मजरे कोटरा बहादुर गंज निवासी अंशुल यादव व सवैयाधनी गाँव निवासी विजय मौर्य समेत आधा दर्जन लोगों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने कस्बे के स्टेशन रोड से दीपू मौर्य, अंशुल यादव व विजय मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

शांतिपूर्ण ढंग से ई-लॉटरी प्रक्रिया डीएम ने कराया संपन्न

● नोडल/आयुक्त की मौजूदगी में आबकारी विभाग के ई-लॉटरी प्रक्रिया से शराबो की दुकानो का हुआ आवंटन

संतकबीरनगर। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया है कि बृहस्पतिवार को नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह की उपस्थिति में एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जनपद की देशी मदिरा की 108, कम्पोजिट शॉप की 59, मॉडलशॉप की 01 व भांग की 01 दुकान का आवंटन ई-लाटरी प्रक्रिया के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में सकुशल सम्पन्न हुआ। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिये मण्डलायुक्त बस्ती मंडल बस्ती अखिलेश सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया था। जिला चयन समिति द्वारा चयन प्रक्रिया को आबकारी विभाग के पोर्टल पर किया गया। ई-लाटरी प्रक्रिया से प्रोसेसिंग शुल्क के

शराबो के दुकानो के आवंटन कार्यवाही में उपस्थित अधिकारीगण।

मद में सरकार को 18.68 करोड़ रूपये प्राप्त हुए है। ई-लाटरी प्रक्रिया द्वारा आवंटित दुकानों से बेसिक लाइसेंस फीस लाइसेंस फीस के मद से 27.80 करोड़ धनराशि और जमा होगा। जनपद की समस्त आबकारी दुकानों का शत् प्रतिशत आवंटन हो चुका है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि इन दुकानों के व्यवस्थापन से लगभग रूपया 4278.8 करोड़ की लाइसेंस फीस राज्य सरकार को प्राप्त होगी। देशी मदिरा की व्यवस्थित हुई दुकानों में लगभग 75.80 करोड़ बल्क लीटर कोटा व्यवस्थित हुआ। ई-लॉटरी के प्रथम चरण के उपरांत बची हुई देशी मदिरा की 146, 21 कम्पोजिट शॉप्स, भांग की 142 दुकानों तथा 5 मॉडल शॉप का व्यवस्थापन ई-लॉटरी के द्वितीय चरण में संपन्न कराया जायेगा। बृहस्पतिवार को संपन्न हुई ई-लॉटरी के प्रथम चरण के अन्तिम आवंटियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने आवंटनादेश संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से 07, मार्च, 2025 को संपर्क करके प्राप्त कर सकते है तथा आवंटित दुकान से संबंधित निर्धारित देयताएं अनिवार्य रूप से आगामी 12, मार्च, 2025 तक जमा करना होगा।

अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर एक कि मौके पर ही दर्दनाक मौत

नसीराबाद रायबरेली। अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर। जिससे बाइक पर सवार दो लोगों में से एक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत। उसका साथी गम्भीर रूप से हुआ घायल। घायल को 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी नसीराबाद में भर्ती कराया गया जहां मौके पर मौजूद सी एच सी अधीक्षक ने घायल की गंभीरता को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बुधवार की शाम करीब आठ बजे नसीराबाद थाना क्षेत्र के जायस सलोन मार्ग पर बबुरी चौराहे के ठीक सामने एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, दूसरा ज़िला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। बाइक सवारों में करन सिंह पुत्र संग्राम सिंह 24 वर्षए निवासी चतुरपुर की मौके पर ही मौत हो गयी दूसरा उसका साथी नागेंद्र सिंह पुत्र परमासिह 22 वर्ष निवासी ग्राम चतुरपुर गम्भीर रूप से घायल हुआ है।

धारा-24 के प्रकरणों की सूची बनाकर 5 दिनों में करें प्रस्तुत: जिलाधिकारी

संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्राय: जनता दर्शन में यह शिकायत प्राप्त होती है कि धारा-24 के प्रकरण पत्थर नसब हेतु राजस्व निरीक्षक के पास काफी दिनों से लम्बित है और उनके द्वारा जानबूझकर पत्थर नसब की कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि राजस्व परिषद स्तर से इस पर समीक्षा की जा रही है और यह निर्देश भी दिये जा रहे हैं कि धारा-24 के प्रकरणों का समयान्तर्गत निस्तारण किये जाए। माह मार्च एवं अप्रैल में गेहूं की फसल कट जायेगी, जिससे प्रत्येक तहसील में लम्बित धारा-24 के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही कराया जाना आवश्यक है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार तहसील स्तर पर धारा-24 के लम्बित प्रकरणों की सूची बनवाकर 05 दिवस में प्रस्तुत करें, जिससे माह मार्च एवं अप्रैल में फसल कटने के बाद तहसील स्तर पर लम्बित धारा-24 के प्रकरणों में पत्थर नसब की कार्यवाही पूर्ण हो जाए। इसके लिए आवश्यक है कि तहसील के प्रत्येक राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त कर लें कि उपलब्ध करायी गयी सूची के अतिरिक्त अब धारा-24 की कोई पत्रावली या प्रकरण उनके पास लम्बित नहीं है और उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूची के समस्त प्रकरणों का प्रत्येक दशा में पत्थर नसब की कार्यवाही समय से सम्पन्न करा ली जाय। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके बावजूद भी यदि जनता दर्शन में किसी तहसील की शिकायत प्राप्त होती है, तो उस तहसील के तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करायी जायेगी।

स्थानीय अवकाश की तारीख 12 मार्च की जगह 15 मार्च को घोषित करने की मांग

रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने जिलाधिकारी से स्थानीय अवकाश की तारीख में परिवर्तित करने की मांग की है। संघ ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि बोर्ड परीक्षा होने की वजह से स्थानीय अवकाश के बाद भी शिक्षक काम करेंगे। संघ ने जिलाधिकारी 12 मार्च को घोषित स्थानीय अवकाश की तारीख को बदलकर 15 मार्च को करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि होली के दूसरे दिन लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं और मिलन करने के लिए घर जाते हैं। ऐसे में अगर 15 मार्च को स्थानीय अवकाश रहेगा तो लोगों को एक दूसरे से मिलने में आसानी होगी। जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करके संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव ने बताया कि इस बार होलिका दहन 13 मार्च और रंगों को खेलने की तारीख 14 मार्च हैं। उक्त दोनों ही दिवस की सरकार की तरफ से अवकाश घोषित किया गया है। 12 मार्च को स्थानीय अवकाश जिलाधिकारी की तरफ से घोषित किया है। उक्त दिवस पर बोर्ड परीक्षा हैं और वर्तमान में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के हज़ारों कर्मचारी बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी कर रहे हैं। ऐसे में 12 मार्च का अवकाश निरस्त करके 15 मार्च को स्थानीय अवकाश कर दिया जाए तो जिले के हजारों कर्मचारियों के लिए अच्छा रहेगा। महामंत्री सियाराम सोनकर ने बताया कि होली के अगले दिन लोग एक दूसरे को बधाई देने के लिए भी जाते हैं। ऐसे में इस दिन कर्मचारी भी एक दूसरे को शुभकामनाएं और मिलन करने के लिए अपनों के घर जा सकेंगे। 15 मार्च को शिक्षक और कर्मचारी अपने कार्य क्षेत्र में आने में असहज महसूस करेगा।

टक्कर से सड़क पार कर रही महिला गम्भीर रूप से घायल

ऊंचाहार। टैंकर की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला गम्भीर रूप से घायल हो गईए जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पाईन्दापुर मजरे हटवा गाँव निवासी शिवा की पत्नी नीलम 23 वर्ष गुरुवार की दोपहर लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर मनीपुर भटेहरी मोड़ पर सड़क पार कर रही थी।तभी टैंकर ने उसे टक्कर मार दीए घटना में महिला गम्भीर रूप से घायल हो गईए जिसे स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल महिला सीएचसी आई हैए जिसका उपचार किया जा रहा है।

ओवरटेक के दौरान कार-बाइक में हुई भिड़ंत बाल-बाल बचे राहगीर

जालौन (उरई)। ओवरटेक करने के प्रयास में कार बाइक में टक्कर हो गई। गांव पहुंचने पर बाइक सवारों ने कार चालक को रोककर कार से उतार लिया और घर में ले जाकर मारपीट की। पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है। रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी लोकेन्द्र सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि वह चार मार्च की शाम करीब साढ़े छह बजे कार से जालौन से अपने गांव खकसीस जा रहा था। बंगरा मार्ग पर सुढ़ार के पास आगे बाइक सवार कुछ युवक जालौन की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सुढ़ार के पास बाइक सवार युवकों ने गलत साइड से आकर कार में टक्कर मार दी और सड़क पर गिर गये। इसके बाद युवकों ने गांव में फोन कर दिया। जब तक वह छिरिया सलेमपुर पहुचंते तब तक इन लोगों ने अपने साथियों के साथ सड़क पर ट्रैक्टर लगाकर रास्ता बंद कर दी।

फर्जी दस्तावेजो के आधार पर नौकरी कर रहे पांच शिक्षक गिरफ्तार

श्रावस्ती। भिनगा। बेसिक शिक्षा विभाग में श्रावस्ती में फर्जी शिक्षकों के खुलासे होते रहे हैं शासन द्वारा फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गठित जनपदीय जांच समिति के द्वारा कराई की जा रही जांच के क्रम संज्ञान में आया कि जनपद में कुछ शिक्षक फर्जी दस्तावेज के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग/विद्यालय में नौकरी कर रहे है जांच में प्रकाश में आने पर डीएम अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा 4 मार्च 2025 को बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई। 5 मार्च को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिहरपुर रानी, जमुनहा व सिरसिया की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। एडीएम अमरेंद्र कुमार वर्मा अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में गठित अलग.अलग थानो की टीम द्वारा गिरफ्तारी की कार्यवाही की गई।

एसडीएम की अगुवाई में सरसों तेल पनीर, दूध, नमकीन के नमूने भरे

● खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच के प्रयोगशाला भेजा जा रहा

संवाददाता। जालौन (उरई)

होली को लेकर मिलावट खोर सक्रिय हो गये हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग भी औपचारिकता करने में लग गया है उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने नगर से 4 व्यापारिक प्रतिष्ठानों से सरसों के तेल, पनीर, दूध व नमकीन के नमूने भरे हैं। भरे गये नमूनों को जांच के प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

रंगों के त्योहार होली पर मिष्ठान्न का खास महत्व होता है। लगभग हर घर में इस पर्व पर खोया की गुजिया बनायी जाती है। ऐसे में खोया व दूध की मांग बढ़ जाती है। बढ़ती मांग को

खाद्य पदार्थों का नमूना संग्रहीत करती टीम।

देखते हुए मिलावट खोर सक्रिय हो जाते हैं तथा बाजार में जमकर मिलावटी खोया की बिक्री होती है।मिलावट रोकने के नाम पर खाद्य विभाग भी अपना कोरम पूरा करने में लग गया है। त्योहार के मौके हो रही मिलावट को रोकने के लिए गुरुवार को उपजिलाधिकारी विनय मोर्य के नेतृत्व में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डां जतिन कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार शंखवार, कन्हैयालाल यादव, महेश कुमार, सुनील कुमार, पी के त्रिपाठी की टीम जैसे ही नगर में निकली खबर लगते ही खोया के साथ मिष्ठान व मिलावटी खाद्य पदार्थों की दुकानों के शटर डाउन हो गये। व्यापारिक प्रतिष्ठानों के बंद होने के कारण टीम खोया, पनीर व दूध का नमूना सिर्फ संतोष कुमार पोरवाल के यहां भर पायी।जवालागंज में स्थित विवेक कुमार पुत्र राजू चौरसिया की दुकान से बच्चों के लिए आने वाले नमकीन खाद्य पदार्थ, प्रमोद गुप्ता की ज्वालागंज गेट पर स्थित तेल की दुकान से सरसों के तेल व सुरेश चन्द्र राठौर सरसों का तेल व देवनगर चौराहे पर देवांश अग्रवाल उर्फ रामजी अग्रवाल की पनीर व नमकीन की दुकान से खाद्य पदार्थों के नमूने भरे गये। खाद्य विभाग की टीम ने पांच व्यापारिक प्रतिष्ठान सरसों के तेल, खोया पनीर, दूध व नमकीन के भरे नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वास्तविक को.शा. 7250 नहीं है यहां बोया गया गन्ना: जिला गन्ना अधिकारी

● वैज्ञानिकों की टीम ने घोषित किया अस्वीकृत प्रजाति

संवाददाता। गोंडा

बजाज चीनी मिल कुन्दरखी परिक्षेत्र में सामान्य गन्ना प्रजाति को.शा. 7250 के नाम से बोई गई बेनामी गन्ना प्रजाति को उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहाँपुर ने जांचोपरान्त अस्वीकृत घोषित कर दिया है। उक्त जानकारी देते हुये जिला गन्ना अधिकारी गोंडा सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बजाज चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना) डा. अनिल कुमार त्रिपाठी ने उप गन्ना आयुक्त देवीपाटन मण्डल एवं जिला गन्ना अधिकारी गोंडा को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया था कि बजाज चीनी मिल कुन्दरखी परिक्षेत्र

में को.शा. 7250 के नाम से बोई गई गन्ना प्रजाति वास्तविकता से परे हैए इसकी जांच करायी जाय। उक्त के क्रम में नियुक्त वैज्ञानिकों की टीम डाण् अरबिन्द कुमार के साथ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मैजापुर अफसर हुसैन, चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) डा. एके त्रिपाठी एवं वरिष्ठ प्रबन्धक गन्ना एन.के. सिंह के द्वारा किये गये संयुक्त स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपरोक्त गन्ना प्रजाति को.शा. 7250 वास्तविकता से परे मिली। टीम की रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहाँपुर ने बजाज चीनी मिल कुन्दरखी परिक्षेत्र में गन्ना प्रजाति को.शा. 7250 के नाम से बोई गई बेनामी/डुप्लीकेट गन्ना प्रजाति को अस्वीकृत श्रेणी का घोषित कर दिया है, शीघ्र ही एसजीके पोर्टल पर इसे संशोधित भी करा दिया जायेगा।

जिला गन्ना अधिकारी गोंडा श्री सिंह व वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना) डा. त्रिपाठी ने गन्ना किसानों से अपील किया है कि चीनी मिल क्षेत्र में बोई गई इस बेनामी/डुप्लीकेट गन्ना प्रजाति की बुवाई कदापि न करें। उन्होने किसानों से उन्नतिशील व स्वीकृत गन्ना प्रजातियों जैसे को. 0118, को. 15023, को.लख. 14201, को.शा. 13235, को.लख. 94184 एवं को. 98014 आदि की बुवाई करने की सलाह दी है। यह भी कहा कि बीज प्राप्त करने के लिये गन्ना विकास विभाग/चीनी मिल के अधिकारियों से किसान भाई सम्पर्क करें।

आबकारी दुकानों की ई.लॉटरी प्रक्रिया स्वच्छ व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई

● कुल 233 आबकारी दुकानों को ई.लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया आवंटित

अमेठी। जनपद में आज 233 आबकारी दुकानों की ई.लॉटरी स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारी पंकज कुमार एमडी यूपीपीसीएल की अध्यक्षता में एवं डीएम निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्र की उपस्थिति में आबकारी दुकानों की ई.लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। आवेदकगण भी मौजूद रहे। जनपद अमेठी में कुल 233 आबकारी दुकानों के लिए 1307 आवेदनकर्ताओं द्वारा 2907 आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए गए थे जिनमें 142 देशी दुकानों के लिए 1565 आवेदन, एक मॉडल शॉप के लिए 14 आवेदन, 85 कंपोजिट दुकानों के लिए 1318 आवेदन तथा 5 भांग की दुकानों के लिए 10 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनका आज ई.लॉटरी की प्रक्रिया के माध्यम से स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया।

खीरों में कागजों तक सीमित एंटी भूमाफिया कानून

● खंड विकास कार्यालय की जमीन पर खड़ी कर ली गईं निजी दुकानें व मकान

खीरों, रायबरेली। क्षेत्र में भूण्माफिआओं के हौसले बुलंद हैं। कीमती जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं या फिर साठण्गांठ के चलते कार्रवाई करना नहीं चाहते हैं। विकास विभाग के जिम्मेदारों ने भी खंड विकास कार्यालय परिसर की जमीन को भूण्माफिया के चंगुल से खाली कराने का आज तक कोई प्रयास नहीं किया। भूमाफियाओं ने खंड विकास कार्यालय की जमीन को भी नहीं छोड़ा। सेमरी रायबरेली वाया गुरुबख्शगंज मुख्य सड़क के किनारे स्थित खंड विकास कार्यालय की करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन पर आधा दर्जन से अधिक दुकानें व मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। खीरों/निहस्था सम्पर्क मार्ग के किनारे स्थित खंड विकास कार्यालय की

करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन पर भी भूमाफिआओं ने कब्जा करना शुरू कर दिया है। सरकारी जमीन पर पिलर खड़े कर दिए गए हैं।

सेमरी रायबरेली मुख्य संपर्क सड़क पर स्थित खंड विकास कार्यालय की बेशकीमती जमीन पर भूण्माफिया द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लगभग आधा दर्जन से अधिक दुकानें व मकान बना लिया गया है। जिम्मेदार कर्मचारी व अधिकारी जानकर भी मामले से अंजान बने बैठे हैं। क्षेत्र में छोटेण्मोटे अवैध कबजेदारों पर कार्रवाई दिखाकर तहसील प्रशासन अपनी झूठी पीठ थपथपाता है। जब्कि हकीकत यह है कि करोड़ों रुपये कीमत की खंड विकास कार्यालय की सरकारी जमीन को भूण्माफिया द्वारा हजम कर लिया गया है। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खीरों/निहस्था संपर्क मार्ग के किनारे भी खंड विकास कार्यालय की जमीन है। उस सरकारी जमीन पर भी एक अन्य भूमाफिया ने आंखें गड़ा दिया है। भूमाफिया द्वारा पिलर खड़े कर दिए गए हैं। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जरूरत है। हलका लेखपाल जितेन्द्र सिंह ने बताया की यादव मार्केट और मकान खंड विकास कार्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया गया है।

अभी कुछ दिनों पहले ही खंड विकास कार्यालय की बाउंड्री वॉल पर पेंटिंग व स्लोगन लेख का कार्य होना था। जिसके चलते बाउंड्री वॉल के किनारे अवैध तरीके से जमे दर्जनों दुकानदारों व गुमटी वालों को नोटिस दी गई थी। नोटिस प्रक्रिया के बाद अवैध कब्जे हटा लिए गए थे।

हलके के लेखपाल जितेन्द्र सिंह ने खंड विकास कार्यालय की सरकारी जमीन पर भूमाफिया द्वारा अवैध कब्जा करने की बात स्वीकार की है। योगी सरकार की मंशानुसार भूण्माफिया पर कड़ी कार्रवाई का इंतजार है।

समस्त आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन ऑनलाईन ई-लाटरी प्रक्रिया से हुआ सम्पन्न

कानपुर देहात। डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति तथा शासन द्वारा नामित पर्यवेक्षक सचिव राजस्व परिषद डा. वेदपति मिश्र की उपस्थिति में कानपुर देहात में देशी शराब दुकानों, कम्पोजिट शॉप, मॉडलशॉप एवं भांग की समस्त आबकारी दुकानों का व्यवस्थापन ऑनलाईन ई.लाटरी प्रक्रिया के द्वारा सामुदायिक केन्द्र माती, कानपुर देहात में सम्पन्न हुयी। देशी शराब की कुल 192 दुकानों के सापेक्ष 3046 आवेदन, कम्पोजिट शॉप की 114 के सापेक्ष 749 आवेदन, मॉडलशॉप 05 के सापेक्ष 112 आवेदन एवं भांग की 01 दुकान के सापेक्ष कुल 04 आवेदन (जनपद की कुल 312 मदिरा दुकानों के सापेक्ष 3911 आवेदन) प्राप्त हुयें। जनपद में आवेदित उक्त आवेदनों की प्रोसेसिंग फीस से कुल 18,03,70,000 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2025.26 हेतु देशी शराब दुकानों से 34,19,40,000 रूपये बेसिक लाईसेंस फीस, कम्पोजिट शॉप से 9,35,55,000 रूपये लाइसेंस फीस, मॉडल शॉप से 2,32,000,00 रूपये लाइसेंस फीस तथा भांग दुकान से 3,71,000 रूपये लाइसेंस फीस (जनपद में बेसिक लाइसेंस फीस ध् लाइसेंस फीस से कुल 48,90,66,000 रूपये) राजस्व की प्राप्ति होगी। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, जिला आबकारी अधिकारी नीरेश पालिया सहित अन्य अधिकारी व आवेदक उपस्थित रहे।

होली अभियान में खाद्य विभाग की टीम ने लिए चार नमूने

● तीस किलो रंगीन कचरी व पापड़ को कराया नष्ट, सरसों तेल को किया जब्त

संवाददाता। फतेहपुर

सहायक आयुक्त (खाद्य) देवेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सदर तहसील स्थित खाद्य पदार्थ निर्माण केंद्रों पर छापामार कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। टीम ने चार नमूने लेकर तीस किलो रंगीन कचरी व पापड़ को नष्ट कराते हुए बीस किलोग्राम सरसों के तेल को जब्त कर लिया।

खाद्य विभाग की टीम ने कामता नाथ स्वीट हाउस से कालाजाम मिठाई का एक नमूना, अरविंद स्वीट हाउस नऊवाबाग से छेना मिठाई का एक नमूना, यादव किराना स्टोर नऊवाबाग से रंगीन कचरी/पापड़ का नमूना संग्रहित कर तीस किलोग्राम रंगीन कचरी व पापड़ को मौके पर ही नष्ट किया। जिसकी अनुमानित मूल्य 3300 रूपए है।

इसी तरह कोढई मोड़ स्पेलर (राहीमल साहू) से सरसों तेल का नमूना संग्रहित किया। 20 किलोग्राम सरसों तेल को जब्त किया, जिसकी अनुमानित मूल्य 3400 रूपए है। अभियान आगामी होली के त्यौहार तक अनवरत रूप से जनपद के विभिन्न कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा। आम जनमानस से आहवान किया कि मिलावट की किसी भी प्रकार की सूचना हेतु विभाग के मोबाइल नंबर 9454468439 सूचना दी जा सकती है। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूजा गुप्ता उपस्थित रहे।

उद्यमियों की समस्याओं का नियमानुसार कराएं तत्काल निस्तारण: जिलाधिकारी

● स्वीकृत ऋण का जल्द करें वितरण, लंबित आवेदनों का ससमय कराएं निस्तारण

फतेहपुर। जिलास्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में डीएम रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित आवेदनों का निस्तारण ससमय कराने के निर्देश दिए। वित्त पोषण योजना (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, सीएम युवा विकास योजना) के तहत उद्योग स्थापना के लिए जो ऋण बैंक से स्वीकृत हो गए है उनका जल्द से जल्द वितरण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जो आवेदन लंबित है उनका ससमय निस्तारण कराएं। एचवी-2 एवं विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति हेतु बिंदकी टाउन से निर्मित 11 केवी दक्षिणी फीडर का लोड बांटने हेतु नए 11 केवी फीडर का निर्माण मुगल रोड पर बिंदकी टाउन पावर हाउस से सम्राट मोड तक किया जाना है जो पोल लगाने एवं नाले का निर्माण कार्य शेष है उसको जल्द से जल्द मानक के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश संबंधितों को दिए।

कैंची मोड से कानपुर को बनी सर्विस लेन को यूपी सीड़ा के लिए बनी सर्विस लेन में जोड़ने के संबंधी में एवं औद्योगिक स्थान चौडगरा में वाहनों आवागमन की सुगमता के लिए अंग और चौडगरा के बीच में कोई ओवर ब्रिज नहीं है, जिसे बनाने की मांग उद्यमियों द्वारा की गई है जिस पर डीएम ने उपजिलाधिकारी बिन्दकी को निर्देश दिए कि स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट से अवगत करायें। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में विद्युत संबंधी समस्या को हल करने के लिए उद्यमियों के बैठक कर समस्याओं का निदान करे। 144 एमओयू प्राप्त हुए है जिसमें 70 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हो गए है इसके लिए आवश्यकतानुसार जो सहायता की जरूरत हो वह नियमानुसार की जाये। उद्यमियों की जो समस्याएं है उनका नियमानुसार कार्यवाही कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए समस्याओं का निदान करे।

समय से बिलों का भुगतान कर कार्यवाही से बचें: राजीव कुमार

● अधिशासी अभियंता ने क्षेत्रीय उपभोक्ताओं से की सहयोग करनें की अपील

विद्युत उपखण्ड कार्यालय में जानकारी देते अधिसाषी अभियंता राजीव कुमार।

गुरसहायगंज, कन्नौज। उपभोक्ताओं को बिजली के बिलों का भुगतान नियमित रूप से और समय से करना चाहिए। ताकि बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट न आए और उन्हें जुर्माने या कटौती जैसी कार्यवाही का सामना न करना पड़े। विद्युत उपखण्ड कार्यालय में छिबरामऊ विद्युत अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने कही। विभाग ने पहले ही ओटीएस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को पर्याप्त समय दिया है। कई उपभोक्ता फिर भी भुगतान में लापरवाही बरत रहे हैं। अधिशासी अभियंता ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि उपभोक्ताओं ने निर्धारित समय के भीतर अपना भुगतान नहीं किया। तो विद्युत आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया जा सकता है। बिलों में विलंब शुल्क भी लगाया जाएगा। कार्यवाही से बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान करना आवश्यक है। उपभोक्ताओं से निकटतम विद्युत विभाग कार्यालय में जाकर त्रुटिपूर्ण बिलों का संशोधन कराकर भुगतान करनें की अपील की है। उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही, अवर अभियंता विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

बीजेपी के पूर्व विधायक की पत्नी से 50 लाख की धोखाधड़ी

● जमीन रजिस्ट्री के नाम पर कानपुर देहात के एक व्यक्ति ने की ठगी

फतेहपुर। जिले में भाजपा के पूर्व विधायक की पत्नी से 50 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। कानपुर देहात के एक आदमी ने जमीन रजिस्ट्री के नाम पर यह ठगी की है। पूर्व विधायक के बेटे ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के गौरी गांव की है। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले भाजपा के पूर्व विधायक करण सिंह पटेल के बेटे विक्रम सिंह ने पुलिस को शिकायत की है, जिसमें बताया कि कानपुर देहात के आदित्येश प्रभाकर गुप्ता उर्फ आदित्य प्रभाकर गुप्ता ने उनकी मां शांति सिंह के साथ धोखाधड़ी की है।

आदित्य के पास गौरी गांव में कुछ जमीन थी। उसने पहले ही उस जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया था, लेकिन उसने विक्रम की मां को अपने पास मौजूद जमीन से तीन गुना ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री कर दी। इसके लिए उसने 42 लाख रुपये लिए। पूरी धोखाधड़ी में शांति देवी को कुल 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आदित्य के पास गौरी गांव में गाटा संख्या 92 में 1.1306 हेक्टेयर जमीन थी। 14 सितंबर 2023 को उसने 0.8480 हेक्टेयर जमीन बेच दी थी। उसके पास सिर्फ 0.2826 हेक्टेयर जमीन बची थी, लेकिन उसने शांति सिंह को इससे ज्यादा जमीन की रजिस्ट्री दिखाकर पैसे ले लिए। यह एक सुनियोजित धोखाधड़ी थी। आदित्य का इरादा शुरू से ही पैसे हड़पने का था। थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ भी हो चुकी धोखाधड़ी: यह पहला मामला नहीं है, जब जिले में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी हुई है। कुछ दिन पहले ही भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू सिंह के साथ भी 50 लाख रुपये की ठगी हुई थी। यह मामला भी सदर कोतवाली में दर्ज है। जिले में जमीन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। लोगों को जमीन की खरीद-फरोख्त में बहुत सावधानी बरतने की जरूरत है। सभी कागजात अच्छी तरह से जांच लेने चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके भरोसा नहीं करना चाहिए। वरना आप भी धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं।

कागजात जांच करने के बाद ही खरीदें जमीन: पुलिस को इस तरह के मामलों में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। जमीन के सौदे में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सभी दस्तावेजों की पूरी जांच पड़ताल जरूरी है। यदि कोई संदेह हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अपनी मेहनत की कमाई को बचाने के लिए सावधानी बहुत जरूरी है। इस तरह की घटनाएं समाज के लिए एक चिंता का विषय हैं।

पुलिस की दबिश चाकू से हमले के आरोपी दो गिरफ्तार

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत गुरुवार दोपहर पुलिस ने देवमई नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया। सादे कपड़ों में तैनात पुलिस टीम ने घात लगाकर करीब 1रू10 बजे दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए किशोरों की पहचान विकास (14 वर्ष), पुत्र अनीश सोनकर, और अंश (15 वर्ष), पुत्र रामप्रताप कोरी, निवासी ग्राम मुसाफा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ मुकदमा, धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और विकास की शर्ट बरामद की। पुलिस टीम का नेतृत्व बकेवर थाना प्रभारी के निर्देशन में उपनिरीक्षक राकेशचंद्र शर्मा और सिपाही राहुल यादव ने किया।

क्विक न्यूज

डंपर की चपेट में आकर पत्रकार की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बाईपास ओवरब्रिज सर्विस लाइन में बुधवार की शाम तेज रफ्तार बाइक ने एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार को रौंद दिया, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद पत्रकारों में शोक की लहर दौड गई। जानकारी के अनुसार खागा कस्बे के पुराना बस स्टाप के रहने वाले एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार उग्रसेन गुप्ता पुत्र जगदीश गुप्ता 50 वर्ष अखबार के काम से थरियांव कस्बा आए थे। बताते हैं कि वह अपना काम निपटाने के बाद सर्विस लेन होते हुए जैसे ही एनएच 2 में चढने लगे तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे पत्रकार की मौके ही पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद जहां पत्रकार के परिजनो में मातम छा गया।

ट्रेन की चपेट में आकर दंपत्ति की मौत

फतेहपुर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 एक पर बुधवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आ जाने से दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर मजरे रायपुर भसरौल निवासी स्व0 ललित किशोर द्विवेदी का 43 वर्षीय पुत्र जगदीश द्विवेदी की पत्नी ज्योति द्विवेदी 40 वर्ष इटावा जनपद अपने रिश्तेदारी में गई थी। शाम ट्रेन से लौटते समय उन्होने अपने पति जगदीश को फोन करके बताया कि वह उन्हे लेने रेलवे स्टेशन आ जाएं। जिस पर वह पत्नी को लेने स्टेशन पहुंचे ट्रेन लेट होने के कारण 11:30 बजे ट्रेन प्लेटफार्म नं0 एक पर आयी। बताया जा रहा है कि जब ट्रेन से उतरने के बाद दम्पत्ति की नॉन स्टाप ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुयी है। या फिर जिस ट्रेन से उतरी है उसी की चपेट में आ गये है। पुलिस ने दोनो शवो को विच्छेदन गृह भेज दिया।

संदिग्ध अवस्था में महिला ने लगाई फांसी

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर मुआरी में बुधवार की देरशाम सदिग्ध अवस्था में 29 वर्षीय महिला ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रायपुर मुआरी निवासी चन्द्रपाल की पत्नी सुमित्रा देवी ने बुधवार की देरशाम घर के अन्दर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब के घर के सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। तभी परिवार के ही लोगो की नजर जब कमरे मे गयी तो सुमित्रा का शव फांसी पर लटका देख घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बीबीहाट के समीप एनएच-2 में बुधवार की देर शाम बाइकों की भिडन्त में एक 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरी बाइक में सवार दो लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बीबीहाट गांव निवासी रमेश का पुत्र आशाराम ज्वालागंज स्थित मोटर पार्टस की दुकान में मिस्त्री का काम करता था। देर शाम लगभग 7:30 बजे वह काम खत्म कर बाइक से घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह बड़े पुल के आगे पहुंचा तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही बाइक से सीधी भिड़ंत हो गयी। जिससे आशाराम की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं दूसरी बाइक में सवार दो लोग घायल हो गये, जिन्हे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

आटो की टक्कर से युवक की मौत

कानपुर देहात। दो दिवस पूर्व रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे के शास्त्री नगर निवासी श्याम बाबू सविता का पुत्र प्रवीण अपने खेत को देखने के लिए बहादुरपुर गया था। जहां से वापस आते समय छुईया नाला के निकट अनियंत्रित ऑटो यूपी से 77 एटी 6488 ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उपचार के लिए सीएचसी ले गए थे। जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट से वापस घर ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले में मुकदमा दर्ज किया।

मिट्टी से अनियंत्रित हुयी मोटरसाइकिल से सवार की मौत

रूरा, कानपुर देहात। रूरा कस्बे की अकबरपुर रोड पर सड़क पर मौजूद मिट्टी से अनियंत्रित हुयी मोटरसाइकिल पर सवार की मौत हो गयी, सूचना पर पहुँचे रूरा चौकी ईंचार्ज ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। बुधवार व गुरूवार की देर रात्रि बुढिया अकबरपुर के मूल निवासी रामकुमार मोटरसाइकिल से अपने किराये के मकान भटौली जा रहे थे, रास्ते में कस्बे के पावर हाउस के सामने सडक पर मिट्टी पडे होने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गिर गई मोटरसाइकिल गिरने से रामकुमार के सर पर गम्भीर चोटें आयी, सूचना पर पहुँचे रूरा चौकी ईंचार्ज राकेश सिंह रामकुमार को सीएचसी रूरा लेकर जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चौदह वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या

संडीला (हरदोई)। एक 14 वर्षीय छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली संडीला के अंतर्गत ग्राम सांक निवासी सरोज कुमार की 14 वर्षीय पुत्री सरस्वती बेगमगंज स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा थी। छात्रा के परिजन के अनुसार सरस्वती बुद्धवार की रात बैठी पढ़ाई कर रही थी। पढ़ाई करने के बाद वह कमरे में सोने चली गयी। बृहस्पतिवार की सुबह जब सरस्वती का कमरा नहीं खुला तो घरवालों को कुछ आशंका हुई। घरवाले काफ़ी देर तक आवाज़ देते रहे लेकिन दरवाज़ा नहीं खुला। इस पर परिजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचीए और कमरे का दरवाज़ा तोड़कर कमरे में प्रवेश कियाए तो कमरे में सरस्वती का शव पंखे से लटका दिखाई दिया। पुलिस ने सरस्वती के शव को कब्ज़े में लेकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

विद्युत विभाग ने वसूला तीन लाख तीस हजार रुपयों का राजस्व

● विद्युत चेकिंग से अवैध रुप से बिजली का उपभोग कर रहे लोगों में मचा हडकम्प

विद्युत चेकिंग अभियान चलाते एसडीओ व जेई।

गुरसहायगंज, कन्नौज। अधिसाषी अभियंता के निर्देश पर विद्युत उपखण्ड अधिकारी सहित अवर अभियंता नें टीम के साथ नगर में बकाया बसूली व चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन विच्छेद करनें एवं भार बढानें सहित विभाग ने लाखों रुपये का बकाया राजस्व वसूला।

गुरूवार को अधिसाषी अभियंता राजीव कुमार के निर्देशन में विद्युत उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही व अवर अभियंता विकास कुमार नें टीम के साथ नगर के तिर्वारोड सहित अन्य मोहल्लों में चेकिंग अभियान के तहत वाणिज्यिक बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची के अनुसार चेकिंग की और तीस बकायेदारों के कनेक्शन विच्छेद किये गए। अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने तीन घरों का विद्युत भार बढ़ाया साथ ही दो घरेलू कनेक्सनों को कामर्शियल में बदला। वहीं मौके पर ही कई उपभोक्ताओं से तीन लाख तीस हजार रुपयों का राजस्व शुल्क वसूला गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। इस दौरान आशीष कुमार, आसिफ खॉ, संजय यादव, संतोष कुमार, सरमू आदि मौजूद रहे।

लखीमपुर खीरी में ई-लाटरी से हुआ 426 मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन

लखीमपुर खीरी। जिले में गुरुवार को ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल, राजकीय आईटीआई राजापुर लखीमपुर में शासन से नामित नोडल अफसर मिनिस्ती एस की निगरानी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी की देखरेख में वित्तीय 2025-26 प्रथम चरण की ई.लाटरी के जरिए 426 मदिरा दुकानों का आवंटन हुआ। पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ-साथ सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई। ई.लॉटरी से पूर्व प्रतिभागियों के मध्य सिमुलेशन प्रकिया की गईए जिसके माध्यम से यह दिखाया गया कि सभी आवेदकों के लॉटरी के सफल होने की संभावना लगभग बराबर है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम है। तय समय पर वास्तविक ई.लॉटरी शुरू हुई। देशी मदिरा की 264, मॉडल शॉप 02, 156 कंपोजिट शॉप (विदेशी मदिरा और बियर) और भांग की 04 दुकानों ई.लाटरी के माध्यम से 2025-26 के लिए अनुज्ञापियो का चयन किया। इस प्रकार जनपद की कुल 426 दुकानों का व्यवस्थापन हो गया। भांग की 01 दुकान पर कोई आवेदन नही आया।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने ई.लॉटरी शुरू होने से पूर्व पूरी प्रक्रिया बताते हुए ई.लॉटरी प्रक्रिया के सभी कायदे.कानून की विस्तृत जानकारी दी। लॉटरी में प्रतिभाग करने पहुंचे व्यक्तियों के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

लिंक पर देखे ई-लाटरी से चयनित दुकानों का विवरण

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि आमजन हेतु जनपद की आधिकारिक वेबसाइट एवं इस लिंक के माध्यम से ई.लाटरी से चयनित मदिरा दुकानों का विवरण देख सकते हैं। एडीएम संजय कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदित्य राघव एवं उनकी तकनीक टीम सहित आबकारी महकमें के अधिकारीगण मौजूद रही।

त्यौहारों पर हर हालत में कायम रहे शांति व्यवस्था: डॉ. अरुणिमा श्रीवास्तव

● तहसील में प्रबुद्ध जन की बैठक सम्पन्न

बैठक को संबोधित करते अधिकारीगण

संडीला (हरदोई)। आने वाले त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने त्यौहारों को शांतिपूर्ण तथा सौहरपूर्ण तरीके से मनाने पर जोर दिय। तहसील सभागार में आसन्न होली, ईद उल फ़ित्र तथा अन्य त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियोंए जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए एसडीएम डॉ. अरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि सभी त्यौहार प्रेम, भाईचारा मजबूत करने के लिए आते हैं। इनको इसी भावना के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंनें कहा कि किसी भी छोटी से छोटी बात की उपेक्षा न की जाए। राजस्वकर्मी होलिका दहन स्थलों आदि को बारीकी से देख लें। इसके अलावा अलविदा और ईद की नमाज़ को लेकर भी पूरी सतर्कता बरती जाए और यदि कहीं कोई विवाद की स्थिति उत्पन्न हो तो उसकी सूचना तुरंत दी जाए।

उन्होंनें राम नवमी के त्यौहार पर विशेष नज़र रखने के भी निर्देश दिए। इसी अवसर पर सीओ सत्येन्द्र सिंह ने पुलिसकर्मियों का आह्वान किया कि वे विशेष रूप से संदिग्ध छवि के लोगों पर नज़र रखें। किसी प्रकार की खुराफ़त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करें। किसी असामाजिक तत्व के साथ किसी प्रकार की नरमी न बरती जाए। उन्होंनें होली, राम नवमी और ईद उल फ़ित्र को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस कर्मियों को अपनी भूमिका का निर्वाह करने के निर्देश दिए। इस बैठक में तहसीलदार आकांक्षा जोशी के अलावा नगर पालिका तथा ब्लाक के अधिकारी, क्षेत्रपंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान तथा नगर पालिका के सभासद भी मौजूद रहे।

बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाएं श्रमिक

फतेहपुर। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि वेल्डिंग, राजमिस्त्री, प्लम्बरिंग, सडक निर्माण पुताई, इलेक्टिक वर्क, सुरंग निर्माण, टाईल्स लगाने, चट्टान तोडने, खनिज कार्य, मिट्टी कार्य, बॉथ पुल, सड़क निर्माण या भवन निर्माण के अधीन कोई प्रक्रिया ईंट-भटटों पर ईंट निर्माण का कार्य, मिट्टी, बालू व मौरंग के खनन का कार्य, सीमेन्ट, कंक्रीट ईंट आदि ढोने वाले बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत लोगों के जीवन स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, निर्माण कामगार गंभीर बीमारी सहायता योजना एवं अटल आवासीय विद्यालय योजना आदि संचालित की जाती है। बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत होने के लिए 18 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु का होना चाहिए एवं विगत 12 माह में 90 दिन का निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत होना चाहिए। पंजीयन का शुल्क 20 रूपए व तीन वर्ष का एक मुश्त नवीनींकरण शुल्क 60 रूपए निर्धारित है। निर्माण श्रमिक जो शर्तों को पूरा करते हैं, अपने आधार कार्ड, बैंक एकाउण्ट विवरण व मोबाइल नम्बर के साथ लोक वाणी केंन्द्र अथवा जन सुविधा केंन्द्र से अपना पंजीयन करा सकते है।

सिरफिरे ने फांसी लगाकर जान दी

मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र के टिकरी हार में एक सिरफिरे युवक ने बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम गुसियारी निवासी सुनील कुमार (30) पुत्र टीपू केवट बुधवार की शाम से घर से गायब था। गुरुवार की सुबह उसका शव टिकरी हार में एक बबूल के पेड़ पर फांसी पर लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत सीएमओ ने दो तालाबों में गैम्बुजिया मछली डाला

लखीमपुर खीरी। जनपद में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को शहर के दो तालाबों में सीएमओ डॉ सतोष गुप्ता द्वारा गैम्बुजिया (लार्वा भक्षी) मछली को डाला गया। मच्छरों के प्रजनन को रोकने/मच्छरों के लार्वा के घनत्व को कम करने तथा शासन से प्राप्त निर्देशों तथा लोकहित के दृष्टिगत गैम्बुजिया (लार्वा भक्षी) मछली को राजापुर एवं नौरंगाबाद स्थित तालाबों में डाला गया है। जनपद वेक्टर जनित रोगों के लिए संवेदनशील रहा है। अधिकांशत: वेक्टर जनित रोगों का प्रसार मच्छर के काटने से फैलता है। इसलिए मच्छरों को प्रजनन से रोकना/मच्छर के लार्वा के घनत्व को कम करना वेक्टर बार्न डिजीज का जनमानस में फैलने से रोकने का एक प्रमुख घटक है। गैम्बुजिया मछली मच्छरों के लार्वा को खा जाती हैए जिससे कि मच्छरों के लार्वा का घनत्व कम हो जाता है एवं मच्छरों का प्रजनन कम हो जाता है।

गैम्बुजिया मछली को मास्कीटो फिश के नाम से जाना जाता है। ये मछली मच्छरों के लार्वा को खाकर उनकी तादात बढ़ने से रोकती है जिससे मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू इत्यादि पर प्रभावी नियंत्रण होता है। गैम्बुजिया मछली मच्छरों के लार्वा को नियंत्रित करने के लिए जैविक एजेंट के तौर पर व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाती है। एक पूर्ण विकसित गैम्बुजिया मछली प्रतिदिन करीब 300 मच्छरों के लार्वा खाती है। 2024 में वेक्टर जनित रोगों से प्रभावित उच्च जोखिम युक्त एवं अति संवेदनशील ग्रामोंध्मुहल्लों में कर्मियों द्वारा सोर्स रिडक्शन, एंटीलार्वा स्प्रे एवं जनपद के लोगों को मच्छर जनित बीमारियों से जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार का कार्य भी संपादित किया जा रहा है। उनके साथ एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा, डीएमओ हरि शंकर वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक दावा लामा एवं मलेरिया निरीक्षक विकास मिश्रा भी उपस्थित रहे।

होली के रंग से धर्म भ्रष्ट होता है तो उस दिन घर से न निकलें: संभल के सीओ

भाषा। संभल

उत्तर प्रदेश के संभल कोतवाली पुलिस थाने में बृहस्पतिवार को हुई शांति समिति की बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी ने कहा कि अगर किसी को लगता है कि होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले।शांति समिति की यह बैठक होली के त्यौहार और रमजान माह में शांति सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से हुई। चौधरी ने बैठक में दोनों समुदायों के लोगों से एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने का आग्रह किया।

चौधरी ने शांति समिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, जिस प्रकार से मुस्लिम बेसब्री से ईद का इंतजार करते हैं, ठीक उसी तरह हिंदू होली की प्रतीक्षा करते हैं। होली का त्यौहार 14 मार्च को है और इसी दिन जुमा की नमाज भी होगी। अधिकारी ने कहा, होली का दिन वर्ष में एक बार आता है, जबकि जुमा साल में 52 बार आता है। अगर किसी को लगता है होली के रंग से उसका धर्म भ्रष्ट होता है तो वह उस दिन घर से ना निकले।

चौधरी ने निवासियों से उन लोगों को जबरदस्ती रंग ना लगाने की अपील की जो होली नहीं मनाना चाहते।अधिकारी ने कहा कि शांति समिति की बैठक सभी स्तर पर जारी है। चौधरी ने शरारती तत्वों को चेतावनी भी दी और कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। सपा के प्रवक्ता शरवेंद्र बिक्रम सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री की नजरों में बने रहने के लिए अधिकारी उनकी बातों की नकल कर रहे हैं। ऐसे बयान देने वालों और खुलेआम पक्षपात करने वालों के खिलाफ कार्वाई होनी चाहिए। यह निंदनीय है और अधिकारियों को भाजपा के एजेंट की तरह काम नहीं करना चाहिए।

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई की मीडिया कमेटी के उपाध्यक्ष मनीष हिंदवी ने पुलिस अधिकारी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कोई भी अधिकारी, चाहे वह कोई भी हो, उसे धर्मनिरपेक्ष होना चाहिएअ तभी इस देश में शासन ठीक से चल सकता है। अन्यथा, इससे अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा, अगर किसी धर्म विशेष के लोगों ने रंग खेलने पर असहजता जताई है, तो अधिकारी का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि भय या असुरक्षा का माहौल न बने। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि होली भी मनाई जाए और नमाज भी शांतिपूर्वक अदा की जाए। यह कहना कि होली साल में एक बार आती है, जबकि जुमे की नमाज 52 बार होती है और जो लोग रंगों से नफरत करते हैं, उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए, यह एक राजनीतिक बयान है। हिंदवी ने कहा, वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग इस तरह की टिप्पणी करते हैं। एक अधिकारी के तौर पर कोई इस तरह की टिप्पणी नहीं कर सकता क्योंकि कल को वे कह सकते हैं कि वे सिर्फ हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे, मुसलमानों की नहीं। उन्होंने कहा, इस पुलिस अधिकारी द्वारा दिया गया बयान बेहद निंदनीय है। मेरा मानना है कि अधिकारियों की आचार संहिता के अनुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

एसडीपीआई के खिलाफ धन शोधन मामले में ईडी ने देश भर में छापेमारी की

नई दिल्ली।(भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के खिलाफ धन शोधन मामले में जांच के तहत बृहस्पतिवार को देश भर में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

संघीय जांच एजेंसी द्वारा एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम. के. फैजी को तीन मार्च को दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए जाने के बाद यह छापेमारी की गई। फैजी वर्तमान में ईडी की हिरासत में है।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में निजामुद्दीन पश्चिम में एसडीपीआई मुख्यालय सहित दो स्थानों पर छापेमारी की गई। इसके अलावा, केरल में तिरुवनंतपुरम और मलप्पुरम, आंध्र प्रदेश में नांदयाल, झारखंड में पाकुड़, महाराष्ट्र में ठाणे, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ और जयपुर में छापेमारी की गई।

ईडी ने फैजी (55) की गिरफ्तारी के बाद दावा किया था कि दोनों संगठनों के बीच एक संगठित संबंध है और पीएफआई राजनीतिक दल (एसडीपीआई) के माध्यम से अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।

पीएफआई के आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण उसे एक गैरकानूनी संगठन बताते हुए केंद्र सरकार ने सितंबर, 2022 में उसे प्रतिबंधित कर दिया था। पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने से पहले ईडी, एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) और विभिन्न राज्य पुलिस संगठनों ने मिलकर उसके खिलाफ छापेमारी की थी।

ईडी ने इस सप्ताह की शुरुआत में फैजी की हिरासत का अनुरोध करते हुए अदालत से कहा था कि पीएफआई और एसडीपीआई आपस में संगठित रूप से जुड़े हुए हैं और एसडीपीआई कुछ और नहीं बल्कि पीएफआई का राजनीतिक मोर्चा है तथा इसे पीएफआई द्वारा वित्त पोषित और नियंत्रित किया जाता है। ईडी ने दावा किया कि उसके पास यह साबित करने के लिए सबूत है कि दोनों संगठनों के बीच गहरी साठगांठ हैं क्योंकि उनके काडर दोनों संगठन के सदस्य हैं। एसडीपीआई की स्थापना में पीएफआई पदाधिकारियों की भागीदारी थी और उन्होंने एक-दूसरे की संपत्ति का उपयोग किया गया था। ईडी ने आरोप लगाया था, एसडीपीआई पीएफआई का एक मुखौटा संगठन है, जिसके माध्यम से पीएफआई अपनी राष्ट्र-विरोधी और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है जबकि प्रकट तौर पर उसका यही रुख रहता है कि पीएफआई एक सामाजिक कल्याण संगठन है।

एसडीपीआई इस तरह के संबंध से इनकार करता है और खुद को एक स्वतंत्र संगठन कहता है। जांच एजेंसियों के अधिकारियों के अनुसार, संगठन का केरल, कर्नाटक और कुछ अन्य दक्षिणी राज्यों के विभिन्न इलाकों में मजबूत प्रभाव है।

पार्टी पदाधिकारी के साथ दुर्व्यवहार के खिलाफ तहसील का घेराव करेंगे ओपी राजभर

बलिया। (भाषा) सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर अपनी पार्टी के एक स्थानीय पदाधिकारी के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में आरोपी पुलिस उप निरीक्षक सहित दो पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्वाई के बावजूद सात मार्च को बांसडीह तहसील के घेराव का नेतृत्व करेंगे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय महासचिव और ओम प्रकाश राजभर के पुत्र अरुण राजभर ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि जिला प्रशासन ने आरोपी पुलिस उप निरीक्षक सहित दो पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है और मुकदमा भी दर्ज हो गया है, लेकिन अभी तक दोषी तहसील कर्मी दीपक के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्वाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि तहसील कर्मी के खिलाफ कार्वाई नहीं होने के खिलाफ सात मार्च को बांसडीह कोतवाली अंतर्गत बांसडीह तहसील पर घेराव और प्रदर्शन होगा जिसका नेतृत्व पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को बांसडीह थाना कोतवाली में नियुक्त उप निरीक्षक रंजीत विश्वकर्मा और आरक्षी शैलेश कुमार को सुभासपा नेता उमापति राजभर के साथ दुर्व्यवहार और कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बांसडीह क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक प्रभात कुमार की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर यह कार्वाई की है।

एएमयू में होली की अनुमति के लिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने का अनुरोध

अलीगढ़। (भाषा) उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में होली मनाने के संबंध में दक्षिणपंथी हिंदू समूह के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया।

करणी सेना के सदस्यों ने एएमयू के अधिकारियों पर परिसर में हिंदू विद्यार्थियों को होली मिलन समारोह आयोजित करने की अनुमति देने से इनकार करने का आरोप लगाया।सदस्यों ने होली मिलन समारोह के लिए एक दिन पहले यानि बुधवार को विश्वविद्यालय से अनुरोध किया था।करणी सेना के सदस्यों ने जिला कलेक्ट्रेट तक मार्च किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नगर अमित कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में इस मामले में प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया और एएमयू के उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया गया, जिन्होंने हिंदू विद्यार्थियों को अनुमति देने से कथित तौर पर इनकार किया।

यह विवाद बुधवार को उस समय शुरू हुआ, जब हिंदू छात्र नेता अखिल कौशल ने एएमयू अधिकारियों को एक आवेदन देकर नॉन-रेजिडेंट हॉल में एक विशेष होली समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी।यह कार्यक्रम नौ मार्च को आयोजित किया जाना था। कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि वह ज्ञापन की विषय-वस्तु के बारे में एएमयू अधिकारियों को अवगत कराएंगे। एएमयू के वरिष्ठ अधिकारियों ने हालांकि करणी सेना द्वारा लगाए गए आरोपों का दृढ़ता से खंडन करते हुए दावा किया कि होली हमेशा की तरह विभिन्न रेजिडेंट हॉल में पारंपरिक तरीके से मनाई जाएगी।

मरांडी को झारखंड में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया

रांची। (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को धनवार क्षेत्र से विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में पार्टी विधायक दल का नेता नियुक्त किया। यहां एक बैठक के दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मरांडी को सर्वसम्मति से पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा ने झारखंड में विधायक दल के नेता के चयन के लिए बुधवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चे के अध्यक्ष के. लक्ष्मण को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। यादव ने कहा कि नवीन जायसवाल, नीरा यादव, राज सिन्हा और प्रकाश राम जैसे वरिष्ठ विधायकों ने बैठक के दौरान विधायक दल के नेता के रूप में मरांडी के नाम का प्रस्ताव रखा और इसे सभी ने सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, राज्य विधानसभा में मरांडी के नेतृत्व में विधायक झारखंड और यहां की जनता की भलाई के लिए काम करेंगे। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मरांडी ने उन्हें दी गई जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का आभार जताया। मरांडी ने कहा, मैं संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम करूंगा और विधानसभा के अंदर और बाहर सभी को एक साथ लेकर चलने का हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष ने पिछली विधानसभा में विपक्ष के नेता के नाम की सिफारिश पार्टी द्वारा किए जाने के बावजूद जानबूझकर देरी की थी। उन्होंने कहा, लेकिन हमारे विधायक विधानसभा के अंदर और बाहर दोनों जगह सरकार से लड़ते रहे। मरांडी ने कहा कि वह राज्य और यहां की जनता के हितों के लिए लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, हम उन खामियों को भी दूर करने का प्रयास करेंगे जिनके कारण पार्टी को (पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव में) हार का सामना करना पड़ा था। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हमें खुशी है कि कल से सदन में विपक्ष का नेता होगा। पूरे सदन को इस बात से खुश होना चाहिए। यह सदन के लिए गर्व की बात है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायक अब मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के कार्यालय को पत्र सौंपेंगे, जिसके बाद पार्टी अध्यक्ष को 81 सदस्ईय सदन में विपक्ष का नेता घोषित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष महतो ने भी मरांडी को बधाई दी। महतो ने कहा, सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

पेज 1 का शेष

ब्रिटेन में...

यात्रा के दौरान, जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने राजनीतिक सहयोग, शिक्षा, गतिशीलता, लोगों के बीच आदान-प्रदान और रणनीतिक समन्वय सहित कई विषयों पर बात की। चैथम हाउस में चर्चा के दौरान, विदेश मंत्री को एक पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल का सामना करना पड़ा, जिससे वह थोड़ असहज हुए। इसके बाद पत्रकार ने भारत पर कश्मीर पर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि भारत ने सात मिलियन कश्मीरियों को नियंत्रित करने के लिए दस लाख सैनिक तैनात किए हैं। इससे पहले कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से चले आ रहे कश्मीर मुद्दे को हल करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपनी दोस्ती का उपयोग कर सकें। इसका बेबाकी से जवाब देते हुए जयशंकर ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के बारे में एक श्रोता के सवाल का जवाब देते हुए कहा था, कश्मीर के संबंध में, उन्हें लगता है, वास्तव में हमने इसके ज्यादातर मुद्दों को हल करने की दिशा में अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-370 को हटाना पहला कदम था, कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधियों और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था तथा बहुत अधिक मतदान के साथ चुनाव कराना तीसरा कदम था। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जब ऐसा हो जाएगा, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर मुद्दे का समाधान हो जाएगा।

बब्बर खालसा...

अवैध हथियार बरामद करने में सफलता पाई है। जब्त किए गए हथियारों में तीन जींदा हथगोले, दो डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्तौल और 13 विदेशी कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा, उसके पास से एक सफेद रंग का विस्फोटक पाउडर, गाजियाबाद के पते वाला एक आधार कार्ड, बिना सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। मसीह बीकेआई के जर्मनी स्थित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा था। वह कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित आईएसआई के सीधे संपर्क में था। भारत में संभावित आतंकवादी गतिविधियों को रोकने में उसकी गिरफ्तारी को एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। अधिकारी उसके नेटवर्क और संचालन के बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए पूछताछ कर रहे हैं। इस गिरफ्तारी के बाद, उत्तर प्रदेश के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सुरक्षा बलों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई ने संभावित हमले को रोका और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। मसीह से फिलहाल पूछताछ की जा रही है और सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि उनकी गिरफ्तारी से देश में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया जा सका है।

भारत...

लिए पर्याप्त आधार हैं कि यदि वह भारतीय अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करता है तो उसे यातना का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, उसके मुस्लिम धर्म, उसके पाकिस्तानी मूल, पाकिस्तानी सेना के पूर्व सदस्य के रूप में उसकी स्थिति, 2008 के मुंबई हमलों से कथित आरोपों के संबंध और उसकी पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों के कारण उसे अन्यथा की तुलना में अधिक यातना दिए जाने की संभावना है, और उस यातना से उसे शीघ्र ही मार दिए जाने की बहुत संभावना है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को राणा की मूल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका से संबंधित प्रमाणिक रिट के लिए याचिका को अस्वीकार कर दिया। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उसी दिन, नव-नियुक्त विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की थी। जब प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी को ट्रम्प से मिलने के लिए वाशिंगटन पहुंचे, तो राणा के वकील को विदेश विभाग से एक पत्र मिला, जिसमें कहा गया था कि '11 फरवरी, 2025 को, विदेश मंत्री ने संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि' के अनुसार राणा को भारत के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए अधिकृत करने का फैसला किया है। राणा के वकील ने विदेश विभाग से पूरा प्रशासनिक रिकॉर्ड मांगा जिसके आधार पर सचिव रुबियो ने राणा के भारत के समक्ष आत्मसमर्पण को अधिकृत करने का निर्णय लिया। वकील ने राणा के उपचार के संबंध में भारत से अमेरिका द्वारा प्राप्त किसी भी प्रतिबद्धता के बारे में तत्काल जानकारी भी मांगी। आवेदन में कहा गया है, सरकार ने इन अनुरोधों के जवाब में कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया। इसमें कहा गया है कि राणा की अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियों और कैदियों के उपचार के संबंध में विदेश विभाग के निष्कर्षों को देखते हुए, यह बहुत संभावना है कि राणा भारत में मुकदमा चलाने के लिए लंबे समय तक जीवित नहीं रहेगा। याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों पर पूरी तरह से और सावधानीपूर्वक विचार किया जाना चाहिए, और उसके लिए दांव बहुत बड़ा है। अमेरिकी अदालतों को कम से कम याचिकाकर्ता को इन मुद्दों पर मुकदमा चलाने का पूरा मौका देना चाहिए, जिसमें उनके अपीलीय अधिकारों का प्रयोग करना भी शामिल है, इससे पहले कि वह भारत सरकार के हाथों उस भाग्य को सौंप दिया जाए जो उसका इंतजार कर रहा है, आवेदन में कहा गया है। इसमें कहा गया है कि यदि स्थगन दर्ज नहीं किया जाता है, तो कोई समीक्षा नहीं होगी, और अमेरिकी अदालतें अधिकार क्षेत्र खो देंगी, और याचिकाकर्ता जल्द ही मर जाएगा। इसलिए, हम सम्मानपूर्वक अनुरोध करते हैं कि यह न्यायालय याचिकाकर्ता के प्रत्यर्पण और आत्मसमर्पण पर रोक लगाने का आदेश पारित करे, जिला न्यायालय, सर्किट न्यायालय द्वारा याचिकाकर्ता के दावों पर पूरी तरह से विचार-विमर्श किए जाने तक, और यदि आवश्यक हो, तो इस न्यायालय के समक्ष प्रमाणिक रिट और आगे की कार्यवाही तक।

ट्रंप....

कतर की राजधानी दोहा में वार्ता की पुष्टि ऐसे समय में हुई है जब इजराइल-हमास युद्ध विराम अधर में लटका हुआ है। यह अमेरिका और हमास के बीच पहली ज्ञात प्रत्यक्ष भागीदारी है, जब से विदेश विभाग ने 1997 में समूह को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने वार्ता के सार के बारे में विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूतों को किसी से भी बात करने के लिए अधिकृत किया है। हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमले के बाद शुरू हुए के बाद से मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने अमेरिका और इजराइल के लिए हमास के साथ मध्यस्थ के रूप में काम किया है।

उन्होंने कहा, अमेरिकी लोगों के सर्वोत्तम हित में जो कुछ भी हो, उसके लिए दुनिया भर के लोगों से बातचीत करना और संवाद करना कुछ ऐसा है जिसके बारे में राष्ट्रपति का मानना है कि यह अमेरिकी लोगों के लिए सही काम करने का एक नेक प्रयास है। लेविट ने कहा कि हमास अधिकारियों के साथ सीधे जुड़ाव के बारे में इजराइल से सलाह ली गई है, और उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोगों की जान दांव पर लगी है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने अमेरिका-हमास वार्ता की संक्षिप्त स्वीकृति दी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, इजराइल ने हमास के साथ सीधी वार्ता के बारे में अपनी स्थिति अमेरिका के समक्ष व्यक्त की है। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि लगभग 24 जीवित बंधकों, जिनमें एक अमेरिकी नागरिक एडन अलेक्जेंडर भी शामिल है, उसके साथ-साथ कम से कम 35 अन्य लोगों के शव अभी भी गाजा में रखे हुए हैं। बंधक मामलों के लिए विशेष दूत के रूप में ट्रंप द्वारा नामित एडम बोहलर ने हमास के साथ सीधी वार्ता का नेतृत्व किया। हेल्थकेयर निवेश फर्म रूबिकॉन फाउंडर्स के संस्थापक और सीईओ बोहलर, ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अब्राहम समझौते की टीम में मुख्य वार्ताकार थे, जिसने अरब दुनिया में इजराइल की व्यापक मान्यता हासिल करने का प्रयास किया। हमास के एक अधिकारी के अनुसार, जो सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के लिए अधिकृत नहीं था और नाम न बताने की शर्त पर बोला, पिछले महीने हुई वार्ता मुख्य रूप से अमेरिकी बंधकों की रिहाई और गाजा में हमास के सत्ता में आए बिना युद्ध के संभावित अंत पर केंद्रित थी। अधिकारी ने कहा कि कोई प्रगति नहीं हुई लेकिन यह कदम अपने आप में आशाजनक है और आगे और बातचीत की उम्मीद है। मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने वार्ता की व्यवस्था करने में मदद की। यह सीधा जुड़ाव ऐसे समय में हुआ है जब इजराइल-हमास युद्धविराम जारी रहना अनिश्चित है। ट्रंप ने संकेत दिया है कि अगर हमास नए युद्धविराम प्रस्ताव की शर्तों पर सहमत नहीं होता है, तो उनका नेतन्याहू को युद्ध में वापस जाने से रोकने का कोई इरादा नहीं है, जिसे इजराइलियों ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा तैयार किया गया बताया है। नई योजना के तहत हमास को युद्धविराम विस्तार और स्थायी युद्धविराम पर बातचीत करने के वादे के बदले में अपने आधे शेष बंधकों उग्रवादी समूह की मुख्य सौदेबाजी चिप को रिहा करना होगा।

समीर वानखेड़े...

दिशानिर्देश, 2018 के अनुरूप नहीं है। वानखेडे वर्तमान में 30 मई, 2022 को अपने स्थानांतरण के बाद चेन्नई में राजस्व विभाग में अतिरिक्त आयुक्त के रूप में काम कर रहे हैं। अपने स्थानांतरण से पहले वह मुंबई एनसीबी में जोनल निदेशक का पद संभाल रहे थे।

रोजा...

10 ओवर के स्पेल में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। टूर्नामेंट के दौरान सामने आया यह पहला विवाद नहीं है। इससे पहले, कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की आलोचना की थी और उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के मैच के बाद एक खिलाड़ी के लिए बहुत मोटा और एक अप्रभावी कप्तान कहा था।

विवाद...

और वापस आने की चुनौती दी। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा, सिर्फ़ इसलिए कि मराठी मानुष शिकायत नहीं करता, इसका मतलब यह नहीं है कि आप कुछ भी कह सकते हैं और बच सकते हैं। भैयाजी जोशी पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए। भैयाजी जोशी ऐसा बयान कैसे दे सकते हैं। मैं इसे परपीड़क मानसिकता कहता हूं। यह मुंबई को तोड़ने की एक चाल है। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी राज्य विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान इस तरह की विभाजनकारी रणनीति अपनाई थी, जब उन्होंने 'बटेंगे तो कटेंगे' की बात कही थी।शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा, मराठी हमारी राज्य भाषा है और इस तरह का बयान देशद्रोह के बराबर है। यह बयान देशद्रोह है। एनसीपी (एसपी) के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा, भैयाजी जोशी भाषा के मुद्दे पर मुंबई को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। केम छो, केम छो, ऐसा लगता है कि अब मुंबई में यही एकमात्र बात सुनाई देगी। महाराष्ट्र कांग्रेस के महासचिव अतुल लोंधे ने कहा, महाराष्ट्र के साथ-साथ मुंबई की भी प्राथमिक भाषा मराठी है। हालांकि, आरएसएस नेताओं ने ऐतिहासिक रूप से मुंबई की मराठी भाषी आबादी के खिलाफ पक्षपात दिखाया है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने भी जोशी पर निशाना साधते हुए कहा, इस भूमि की भाषा मराठी है, जैसे तमिलनाडु में तमिल और कर्नाटक में कन्नड़ है। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करना है। कल सुरेश भैयाजी ने कहा कि घाटकोपर की भाषा गुजराती हो सकती है, लेकिन यह बिल्कुल संभव नहीं है। मुंबई की भाषा मराठी है। इस सरकार ने तो यहां तक रोक लगा दी है। आदित्य ने कहा, मुंबई में मराठी भाषा भवन में घुसने की कोशिश की जा रही है क्योंकि वे महाराष्ट्र और मराठी भाषा का अपमान करना चाहते हैं। भैयाजी जोशी को एहसास हुआ कि उनके बयान से महाराष्ट्र के राजनीतिक वर्ग को ठेस पहुंची है, जिसके बाद उन्होंने गुरुवार को स्पष्टीकरण जारी किया और कहा, मेरी मातृभाषा मराठी है। लेकिन मैं सभी भाषाओं के अस्तित्व का भी सम्मान करता हूं, मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे इसे उसी नजरिए से देखें महाराष्ट्र की भाषा मराठी है। मुंबई महाराष्ट्र में है और स्वाभाविक रूप से, मुंबई की भाषा मराठी है। भारत में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। मुंबई में रहते हुए भी लोग अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। इसलिए, यह स्वाभाविक उम्मीद है कि वे यहां भी आएं और मराठी सीखें, मराठी समझें और मराठी पढ़ें, वास्तव में, यह सह-अस्तित्व का एक बड़ा उदाहरण है कि भारत में इतनी सारी अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग एक साथ रहते हैं।

पहली...

संयोग से, तीन महिला पायलटों अवनी चतुर्वेदी, भावना कंठ और मोहना सिंह के पहले बैच को वर्ष 2016 में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह ने बाद में देश की पहली महिला फाइटर पायलट के रूप में इतिहास रच दिया, जिन्हें पिछले साल स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस फाइटर जेट उड़ाने की मंजूरी मिली थी। अवनी चतुर्वेदी और भावना कंठ के साथ मोहना सिंह, वायु सेना की लड़ाकू विमानों में महिला पायलटों की तिकड़ी का हिस्सा थीं। शुरुआती दिनों में, तीनों पायलटों ने वायु सेना के लड़ाकू बेड़े से विभिन्न विमान उड़ाए। वर्तमान में, वे एसयू 30एमकेआई और एलसी तेजस के नियमित बेड़े उड़ा रही हैं। विश्व की चौथी सबसे बड़ी वायु सेना, भारतीय वायु सेना में वर्तमान में लगभग 20 महिला फाइटर पायलट हैं। वर्ष 2016 में सेना ने अपनी लड़ाकू बेड़े को महिलाओं के लिए खोल दिया, जो भारत के सैन्य इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी। इसने महिलाओं के लिए सभी सीमाएं खोल दी हैं और उन्हें उनके पुरुष समकक्षों के समान अवसर प्रदान कर रहा है।

भाषाई समानता की मांग करना अंधराष्ट्रवादी होना नहीं : एमके स्टालिन

चेन्नई(भाषा)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाषाई समानता की मांग करना अंधराष्ट्रवादी होना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि असली अंधराष्ट्रवादी और राष्ट्रविरोधी, हिंदी कट्टरपंथी हैं जो मानते हैं कि उनका अधिकार स्वाभाविक है लेकिन विरोध देशद्रोह है। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, जब आप विशेषाधिकार के आदी हो जाते हैं तो समानता उत्पीड़न जैसी लगती है। मुझे याद है जब कुछ कट्टरपंथियों ने हमें तमिलनाडु में तमिलों के उचित स्थान की मांग करने के अपराध के लिए अंधराष्ट्रवादी और राष्ट्रविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा, गोडसे की विचारधारा का महिमामंडन करने वाले लोग उस द्रमुक और उसकी सरकार की देशभक्ति पर सवाल उठाने का दुस्साहस करते हैं, जिसने चीनी आक्रमण, बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और करगिल युद्ध के दौरान सबसे अधिक धनराशि का योगदान दिया, जबकि उनके वैचारिक पूर्वज वही हैं जिन्होंने बापू गांधी की हत्या की थी। साथ ही उन्होंने कहा, भाषाई समानता की मांग करना अंधराष्ट्रवाद नहीं है। क्या आप जानना चाहते हैं कि अंधराष्ट्रवाद क्या होता है? अंधराष्ट्रवाद 140 करोड़ नागरिकों पर लागू होने वाले तीन आपराधिक कानूनों को एक ऐसी भाषा देना है जिसे तमिल लोग न बोल सकते हैं और न ही पढ़कर समझ सकते हैं। अंधराष्ट्रवाद उस राज्य के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करना है जो देश में सबसे अधिक योगदान देता है और एनईपी नामक जहर को निगलने से इनकार करने पर उसे उचित हिस्सा देने से मना किया जाता है। उन्होंने कहा, किसी भी चीज को थोपने से दुश्मनी पैदा होती है, दुश्मनी एकता को खतरे में डालती है। इसलिए, असली अंधराष्ट्रवादी और राष्ट्रविरोधी, हिंदी के कट्टरपंथी हैं जो मानते हैं कि उनका हक स्वाभाविक है लेकिन हमारा विरोध देशद्रोह है। इसके अलावा, हिंदी थोपे जाने की आलोचना करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को पत्र लिखते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के लोग धर्म से तो एकजुट हैं, लेकिन भाषा से अलग हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान द्वारा बांग्लादेश के लोगों पर भाषा थोपना नए देश के निर्माण का मूल कारण था। भाषा का प्रभुत्व तत्कालीन सोवियत संघ के विघटन के कारणों में से एक था।

उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन हो : मोदी

भाषा। हरसिल (उत्तराखंड)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन की पुरजोर वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस खूबसूरत पहाड़ी राज्य में कोई ऑफ़ सीजन नहीं होना चाहिए और हर सीजन ऑन सीज़न रहे जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर मजबूती मिलेगी।मुखबा में देवी गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल में पूजा-अर्चना करने के बाद हरसिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पर्यटक सर्दियों में प्रदेश में आएंगे तो उन्हें उत्तराखंड की वास्तविक आभा देखने को मिलेगी। मोदी ने राज्य में शीतकालीन पर्यटन के लिए गढ़वाली भाषा में एक नया शब्द घाम तापो पर्यटन (धूप सेंको पर्यटन) गढ़ते हुए कहा, सर्दियों में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा छाया होता है, तो पहाड़ों पर धूप का आनंद होता है। बारहमासी या 365 दिनों के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साल भर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से पर्यटन के 360-डिग्री दृष्टिकोण की जरूरत है।प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी पहाड़ों में मार्च, अप्रैल और जून में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं लेकिन उसके बाद इनकी संख्या कम हो जाती है। उन्होंने कहा, सर्दियों में होमस्टे और होटल खाली पड़े रहते हैं। यह असंतुलन उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक सुस्ती ला देता है। मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि उत्तराखंड में पर्यटन के लिहाज से कोई भी सीजन ऑफ़ सीजन न हो और हर सीजन ऑन सीज़न रहे। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड को अपना आर्थिक सामर्थ्य बढ़ाने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा, अपने पर्यटन क्षेत्र को विविधतापूर्ण बनाना और उसे बारहमासी बनाना उत्तराखंड के लिए बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दवी गंगा के शीतकालीन गद्दीस्थल मुखबा में आकर अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, मुझे मां गंगा ने बुलाया है। उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और सांसद के रूप में वहां लोगों की सेवा करने का मौका मिला। कुछ महीने पहले मुझे अनुभूति हुई जैसे मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है। मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत भी गंगा मैया की जय के जयकारे के साथ की।उन्होंने हाल ही में चमोली जिले के माणा गांव में हुए हिमस्खलन में सीमा सड़क संगठन के शिविर में आठ श्रमिकों की मौत पर भी दुख व्यक्त किया।प्रधानमंत्री ने हरसिल में आदिवासी गांव जादूंग के लिए एक ट्रेक और बाइक यात्रा को भी झंडी दिखाई और कहा कि यह उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों को पर्यटन का लाभ दिलाने में मदद करेगा।उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया था तो सीमांत जादूंग गांव को खाली करा लिया गया था। उन्होंने कहा, अब उसे नए सिरे से बसाने और विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अपनी अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा राज्य में केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए मंजूर की गईं दो प्रमुख रोपवे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि केदारनाथ मंदिर पहुंचने के लिए आठ-नौ घंटे की यात्रा को रोपवे घटाकर केवल 30 मिनट कर देगा।प्रधानमंत्री के दौरे से एक दिन पहले उनकी अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए 6,000 करोड़ रुपए से अधिक की दो प्रमुख रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी थी।प्रधानमंत्री ने कहा कि नए बजट में 50 नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने लोगों से शादियों के लिए उत्तराखंड को अपना गंतव्य बनाने का आग्रह किया।

पुलिस ने पूर्व पत्रकार को मिली राहत के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया

शिवाजी पर टिप्पणी

कोल्हापुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व पत्रकार प्रशांत कोरटकर के खिलाफ प्रदर्शन कर विपक्ष महज राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्वाई की। कोल्हापुर पुलिस ने हाल ही में इतिहासकार इंद्रजीत सावंत को धमकाने और छत्रपति शिवाजी महाराज तथा उनके पुत्र संभाजी महाराज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में कोरटकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महाराष्ट्र का गृह विभाग भी संभाल रहे फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने त्वरित कार्वाई करते हुए कोरटकर के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन वह कोल्हापुर की एक अदालत से गिरफ्तारी से संरक्षण पाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि कोरटकर को मिली अंतरिम राहत को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इसके बाद भी अगर कुछ लोग राजनीति करने पर तुले हैं तो उन्हें ऐसा करने दीजिए। एमवीए ने पूर्व पत्रकार के खिलाफ कार्वाई की मांग की है और राज्य विधानमंडल के जारी बजट सत्र में इस मुद्दे को उठाया है। फडणवीस ने कहा, पुलिस ने तुरंत कोरटकर के खिलाफ मामला दर्ज किया। सत्र न्यायालय द्वारा उन्हें गिरफ्तारी से राहत दिए जाने के बाद, पुलिस ने उन्हें दी गई अंतरिम सुरक्षा को रद्द करने का अनुरोध करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया है। इसने (पुलिस) उच्च न्यायालय से कहा कि उसे कोरटकर की हिरासत की आवश्यकता है और सत्र न्यायालय के फैसले को पलटने का आग्रह किया है। उन्होंने कोल्हापुर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, लेकिन कुछ लोग इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति करना चाहते हैं। उन्हें राजनीति करने दीजिए। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी कोल्हापुर पुलिस द्वारा उनके शहर दौरे से पहले एमवीए कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिए जाने और नोटिस जारी किए जाने के बीच आई है। इन कार्यकर्ताओं ने 17वीं सदी के मराठा राजा और उनके पुत्र के खिलाफ कोरटकर की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ प्रदर्शन की योजना बनाई थी।

एलएंडटी महिला कर्मचारियों को देगी एक दिन का मासिक धर्म अवकाश

मुंबई। इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने अपनी महिला कर्मचारियों को मासिक धर्म के दौरान एक दिन का वैतनिक अवकाश देने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। एलएंडटी के इस कदम से कंपनी की करीब 5,000 महिला कर्मचारियों को फायदा होगा। एलएंडटी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रमण्यन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कंपनी के एक कार्यक्रम में इस कदम की घोषणा की। कंपनी सूत्रों ने बताया कि सुब्रमण्यन ने कहा कि इस घोषणा को लागू किए जाने के तौर-तरीके का सटीक विवरण जल्द ही संबंधित अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह घोषणा केवल मूल कंपनी एलएंडटी की महिला कर्मचारियों पर ही लागू होगी और वित्तीय सेवाओं या प्रौद्योगिकी में लगी इसकी अनुषंगी कंपनियों पर यह लागू नहीं होगी। एलएंडटी के 60,000 कर्मचारियों में करीब नौ प्रतिशत यानी लगभग 5,000 महिलाएं हैं। यह घोषणा सुब्रमण्यन द्वारा कुछ सप्ताह पहले कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम करने और अपनी पत्नियों को घूरते न रहने के लिए कहने वाली टिप्पणियों के लिए आलोचना का सामना करने के बीच की गई है। एलएंडटी ने बाद में एक आंतरिक वर्चुअल बैठक के दौरान इन टिप्पणियों का बचाव करते हुए कहा कि यह राष्ट्र निर्माण की पहल के अनुरूप है। इसके पहले स्विगी और जोमैटो जैसी कुछ कंपनियों ने भी पहले मासिक धर्म पर महिलाओं को अवकाश देने की घोषणाएं की हैं। हालांकि, प्रमुख कारोबारी घरानों ने अभी तक इसी तरह की पहल नहीं की है।

नए लोगों की भर्तियां बढ़ने से फरवरी में देश के रोजगार बाजार में 41 प्रतिशत का उछाल

मुंबई। मुख्य रूप से नए लोगों (फ्रेशर्स) की भर्ती के कारण देश के रोजगार बाजार में फरवरी माह में भी तेजी जारी रही और इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एशिया के रोजगार एवं प्रतिभा मंच, फाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में नए लोगों की नियुक्तियों में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह अपना करियर शुरू करने वाले प्रतिभाशाली कर्मियों के लिए नियोक्ताओं की निरंतर मांग को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी, 2025 में नियुक्तियों में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी नए लोगों की भर्तियों में उछाल के कारण हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों में आईटी - हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रेशर भर्ती मामले में अग्रणी बना रहा। वर्ष 2024 में इसका हिस्सा 17 प्रतिशत से लगभग दोगुना होकर वर्ष 2025 में 34 प्रतिशत हो गया। फाउंडिट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी सुरेश ने कहा, कौशल आधारित नियुक्ति की ओर बदलते रुख से इनकार नहीं किया जा सकता।

सैमको का लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा

मुंबई। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर एनएफओ लॉन्च किया है जो एक ओपन.एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज.कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च 2025 से 19 मार्च 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सीएआरइ का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज.कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ताए विकास.संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज.कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार.चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है लार्ज.कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। सैमको लार्ज कैप फंड को प्रोपराइटरी ब्र।एत्यम् का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया ह जो बाजार प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर गतिशील रूप से शेयरों का चयन करता है। लॉन्च पर सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा कि मौजूदा बाजार माहौल में भारत में लार्ज.कैप शेयरों की कीमत मिड और स्मॉल कैप की तुलना में आकर्षक हो गई है जो एक आकर्षक निवेश अवसर पेश करता है।

मंदिरों के पैसे योजनाओं में : हिमाचल प्रदेश के मंत्री ने भाजपा पर सांप्रदाईकरण करने का लगाया आरोप

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंत्री राजेश धर्माणी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य द्वारा संचालित मंदिरों से प्राप्त धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में डाली जाती है तथा सामाजिक कार्यों और लोक कल्याण योजनाओं में उसका उपयोग किया जाता है, लेकिन भाजपा इस मुद्दे का सांप्रदाईकरण कर रही है और लोगों को गुमराह कर रही है। धर्माणी बचत भवन में मासिक बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश हिंदू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1984 के तहत कार्यरत विभिन्न मंदिर न्यास परमार्थ गतिविधियों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए योगदान देते है।विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस सरकार के फैसले को हिंदू विरोधी करार देते हुए कहा कि यह सरकार का वित्तीय कुप्रबंधन छिपाने का प्रयास है।

ऐसी खदानें तय की जाएंगी, जिनमें केवल महिला कमचारी कार्य करेंगी : केंद्रीय मंत्री

हैदराबाद। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि केंद्र अगले साल से ऐसी खदानें तय करेगा, जिनमें केवल महिला कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। आठ मार्च को महिला दिवस से पहले खनन क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का जश्न मनाने के लिए कोयला एवं खनन मंत्रालयों द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा कि वह खनन क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ाने के मद्देनजर महिलाओं के लिए कुछ खदानों को आरक्षित करने की संभावना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने कोयला क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति का उल्लेख किया और रात की पाली में उनके शामिल होने को एक सकारात्मक बदलाव बताया। रेड्डी ने कहा, मैंने कोयला और खनन मंत्रालयों दोनों को निर्देश दिया है कि विशेष खनन गतिविधियों को पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित किया जाए, जिसके तहत अधिकारियों से लेकर श्रमिकों तक केवल महिला कर्मचारियों की तैनाती हो। उन्होंने कहा, मैंने आदेश दिया है कि अगले साल के भीतर

सुभद्रा योजना के तहत एक करोड़ से अधिक लाभार्थी शामिलः ओडिशा की उपमुख्यमंत्री

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने बृहस्पतिवार को सुभद्रा योजना के तहत 2.30 लाख नई महिला लाभार्थियों को 115 करोड़ रुपए वितरित किए। महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से 2.30 लाख महिलाओं को पांच-पांच हजार रुपए हस्तांतरित किए। परीदा ने कहा कि पिछले साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसकी शुरुआत किए जाने के बाद से राज्य सरकार ने पांच चरणों में इस योजना के तहत वित्तीय सहायता वितरित की है, जिससे एक करोड़ से अधिक महिलाएं लाभान्वित हुई है। सुभद्रा योजना का उद्देश्य 21 से 60 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को पांच वर्षों (2024-25 से 2028-29) में 50,000 रुपए प्रदान करना है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2024 के अपने चुनावी घोषणापत्र में राज्य की एक करोड़ गरीब महिलाओं को 50,000 रुपए देने का वादा किया था। परिदा ने कहा,ैअब वह वादा पूरा हो गया है।

पेनियरबाय महिला कारोबारियों को देगा बढ़ावा

आजमगढ। पेनियरबाय भारत का प्रमुख ब्रांचलेस बैंकिंग एवं डिजिटल नेटवर्क हैए ने आजमगढ़ में ग्रामीण फाउंडेशन फा ैर सोशल इम्पैक्ट के साथ मिलकर ष्सखी मिलनष् कार्यक्रम में अपनी डिजिटल नारी पहल का विस्तार किया। इस कार्यक्रम मेंए पूरे भारत की बीसी सखियों और महिला कारोबारियों को सशक्त बनाने के लिए नई सेवाएं शुरू की गईं। इन सेवाओं से उनकी कमाई के मौके बढ़ेंगे और उन्हें ज़रूरी वित्तीय और डिजिटल सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इन नई सेवाओं में बचत खाते, स्वास्थ्य सेवाएं और साफसफाई के समाधान शामिल हैं। इससे उन महिलाओं को बहुत फायदा होगा जिन्हें आम तौर पर ये सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। इस लॉन्च के बारे में पेनियरबाय के संस्थापक एमडी और सीईओए आनंद कुमार बजाज ने कहा कि हमारा मानना है कि सिर्फबैंक खाते खोलना काफी नहीं है। हमें महिलाओं को ऐसे काम देने होंगे जिससे उनकी कमाई हमेशा होती रहे। पेनियरबाय की सीएमओ और डिजिटल नारी की कार्यक्रम निदेशकए जयत्री दासगुप्ता ने कहा कि महिलाएं हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरूरी हैं।

श्रमिक कल्याण को सुदृढ़ करने के लिए साझेदारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य भर के निर्माण और असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभों की पहुंच सुधारने के लिए इंडस एक्शन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। तीन साल की यह साझेदारी डिजिटल शासन और बेहतर सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस साझेदारी के तहत इंडस एक्शन उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य की श्रमिक कल्याण प्रणाली को आधुनिक बनाने में मदद करेगा जिसमें उन्नत डिजिटल समाधानों और सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं को लागू किया जाएगा। यह पहल मुख्य रूप से भवन और अन्य निर्माण श्रमिक बोर्ड और असंगठित श्रमिकसामाजिक सुरक्षा बोर्ड द्वारा प्रदान किए जाने वाले लाभों पर ध्यान केंद्रित करेगी। श्रम और रोजगार मंत्री श्री अनिल राजभर ने कहा कि यह परिवर्तनकारी पहल माननीय प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह सुनिश्चित करेगी कि तकनीकी उन्नयनों का उपयोग हमारे श्रमिक भाइयों और बहनों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को अधिक सुलभ बनाने के लिए किया जाए जिससे उनके परिवारों को एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क मिल पाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सक्षम नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश में श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के सुगम और कुशल वितरण का एक आदर्श राज्य बनेगा।

परिसीमन के लिए नया फॉर्मूला तैयार करना होगाः मनीष तिवारी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि परिसीमन प्रक्रिया एक वोट, एक मूल्य के सिद्धांत पर होती है तो केवल मध्य भारत के राज्यों को फायदा होगा, जबकि वे जनसंख्या नियंत्रण के मामले में पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि परिसीमन के लिए नया फॉर्मूला तैयार करने की जरूरत है। लोकसभा सदस्य ने यह मांग उस वक्त की है जब तमिलनाडु में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के जनसंख्या-आधारित परिसीमन का विरोध किया गया है। तिवारी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यदि परिसीमन एक वोट, एक मूल्य के मौजूदा सिद्धांत पर किया जाता है, तो दक्षिणी और उत्तरी राज्यों में लोकसभा सीट तुलनात्मक रूप से हो जाएंगी तथा केवल मध्य भारत के राज्यों को फायदा होगा।

विवाह के बंधन में बंधे भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या और शिवश्री स्कंदप्रसाद

बेगलुरु। बेगलुरु दक्षिण सीट से सांसद व भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद बृहस्पतिवार को विवाह के बंधन में बंध गए।विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक तरीके से सम्पन्न हुआ। पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना और अर्जुन राम मेघवाल सहित भाजपा के कई शीर्ष नेताओं के साथ-साथ पार्टी के कई सांसद और विधायक भी समारोह में शामिल हुए।आला नेताओं ने तेजस्वी और शिवश्री को आशीर्वाद भी दिया। इस साल की शुरुआत में कई खबरों में यह जानकारी दी गई थी कि सूर्या, शिवश्री से विवाह करेंगे।शिवश्री ने बायोइंजीनियरिंग में स्नातक और चेन्नई संस्कृत कॉलेज से परास्नातक की उपाधि प्राप्त की है। वह एक भरतनाट्यम नृत्यांगना भी है।

आकाश का विस्तार छात्रों को देगा मौका

बलिया। नीट और जेईई के लिए परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने बलिया लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी व्यक्त की है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए, शिवनाथ कुमार असिस्टेंट डायरेक्टर ने कहा हमें बलिया में अपने नए केंद्र के उद्घाटन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे मिशन का एक महत्वपूर्ण कदम है छात्रों के करीब गुणवत्तापूर्ण कोचिंग लाना। हमारा मुख्य ध्यान छात्रों को एक मजबूत शैक्षिक नींव, वैचारिक स्पष्टता और नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए आत्मविश्वास से सशक्त बनाना है। यह केंद्र अनुभवी शिक्षकों, व्यापक अध्ययन सामग्री और छात्रों की क्षमता को अधिकतम करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक आदर्श सीखने के माहौल से लैस होगा। हमें विश्वास है कि हर छात्र, चाहे वह कहीं भी हो, सर्वोत्तम शिक्षा और संसाधनों का हकदार है, और यह विस्तार हमारी उसी प्रतिबद्धता को साकार करता है। इस विस्तार के साथ, एईएसएल का लक्ष्य क्षेत्र के अधिक छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड मेडिकल (नीट) और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा (जेईई) के साथ-साथ एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता हासिल करने के इच्छुक छात्रों के लिए गहन और प्रभावी तैयारी कार्यक्रम प्रदान करने के लिए जाना जाता है। संस्थान उच्च गुणवत्ता वाली परीक्षा तैयारी सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो छात्रों को अपनी पूरी क्षमता पहचानने और उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सशक्त बनाती हैं।

कोविड के दौरान रणनीतिक नेतृत्व के लिए मोदी को बारबाडोस का प्रतिष्ठित पुरस्कार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोविड-19 महामारी के दौरान उनके रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए प्रतिष्ठित ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि विदेश और कपड़ा राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित एक समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से यह पुरस्कार प्राप्त किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह पुरस्कार दोनों देशों के बीच स्थाई मित्रता का प्रतीक है।उसने कहा, पुरस्कार की घोषणा बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटले ने 20 नवंबर, 2024 को गुयाना के जॉर्जटाउन में दूसरे भारत-कैरिकॉम नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक में की थी। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी को यह पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान उनके रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए दिया गया है। इसमें कहा गया कि मोटले ने महामारी के कारण उत्पन्न अभूतपर्व स्थिति के दौरान अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समर्थन को मजबूत करने में मोदी द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।प्रधानमंत्री की ओर से पुरस्कार प्राप्त करते हुए मार्गेरिटा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रतिनिधित्व करना और उनकी ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना मेरे लिए अत्यंत सम्मान की बात है।

भारत में अल्पसंख्यक सबसे भाग्यशाली : किरेन रीजीजू

भाषा। तिरुवनंतपुरम

केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में अल्पसंख्यक सबसे भाग्यशाली लोग हैं, क्योंकि देश उनके लिए विशेष योजनाएं और कल्याण कार्यक्रम प्रदान करता है, जो दुनिया में कहीं और नहीं है। रीजीजू ने यहां दक्षिणी क्षेत्र के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) पर क्षेत्रीय समीक्षा बैठक और प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कुछ लोग यह गलत बयान दे रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग यह झूठा विमर्श गढ़ रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। कुछ लोग यह संदेश फैलाते रहते हैं कि अल्पसंख्यक समुदायों के साथ भेदभाव होता है, लेकिन यह पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने कहा, इसके विपरीत, भारत में अल्पसंख्यक सबसे भाग्यशाली लोग हैं क्योंकि अल्पसंख्यक समुदायों के लिए अन्य योजनाएं उपलब्ध हैं और उनके लिए अलग से योजनाएं और विशेष कार्यक्रम हैं। दुनिया में कहीं भी अल्पसंख्यकों के लिए अलग से कोई योजना नहीं है।

तेलंगाना में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने विधान परिषद के चुनाव में तीन में से दो सीट पर जीत दर्ज की

भाषा। हैदराबाद

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित उम्मीदवारों ने 27 फरवरी को हुए विधान परिषद (एमएलसी) के चुनाव में तीन में से दो सीट पर जीत दर्ज की है। राज्य विधान परिषद के मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा समर्थित चौधरी अंजी रेड्डी ने कांग्रेस के नरेंद्र रेड्डी को 5,000 से अधिक मतों से हराया। इस सीट का परिणाम बृहस्पतिवार को तड़के घोषित किया गया। मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों तथा वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए वरीयता मतदान प्रणाली के तहत चुनाव हुए। चुनाव मतपत्रों के जरिए हुए। मतों की गिनती पिछले सोमवार को शुरू हुई। भाजपा समर्थित मलका कोमारैया ने मेडक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की तथा निर्दलीय उम्मीदवार श्रीपाल रेड्डी पिंगिली (शिक्षक संघ द्वारा समर्थित) वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजई रहे। दोनों शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम सोमवार देर रात घोषित किए गए। मतगणना एक समय लेने वाली प्रक्रिया है, क्योंकि इसमें वैध और अवैध मतों को अलग करना और उसके बाद वरीयता की गणना करना शामिल था। तीन एमएलसी सीट में से दो पर जीत राज्य में भाजपा के लिए एक नैतिक बढ़त के रूप में सामने आई है। पार्टी ने तीनों सीट के लिए उम्मीदवार उतारे थे, जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस ने केवल स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुनाव लड़ा। बीआरएस चुनाव से दूर रही। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी, बंदी संजय कुमार और अन्य भाजपा नेताओं ने चुनाव में जोर शोर से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष बी. महेश कुमार गौड़ और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की जीत की सराहना करते हुए केंद्रीय कोयला मंत्री और भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने कहा कि यह जीत युवाओं और शिक्षकों की जीत है, जिन्होंने कांग्रेस को उसके विफल शासन और उनकी चिंताओं को दूर करने में नाकाम रहने के कारण निर्णायक रूप से खारिज कर दिया है।

बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स का सम्मानित

नई दिल्ली। बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सांविधिक निकाय, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के सहयोग से नई दिल्ली में लाइनमैन दिवस के 5वें संस्करण का आज सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह खास दिवस भारत के बिजली क्षेत्र की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर देश भर के 45 से अधिक सरकारी और प्राइवेट पावर डिस्?ट्रीब्?यूशन, जेनरेशन और ट्रांसमिशन कंपनियों के 180 से अधिक लाइनमैन निर्बाध बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के अपने अनुभव, चुनौतियों और महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करने के लिए एक साथ आए। इसके अलावायह कार्यक्रम विचारों के आदान-प्रदान, सर्वोत्तम सुरक्षा कार्यप्रणालियों पर चर्चा करने तथा प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीख को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच भी बना। इस अवसर पर माननीय बिजली मंत्री तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने अपने वीडियो संदेश में इस बात पर जोर दिया कि बिजली की विश्वसनीय पहुंचउद्योगों की संपन्नता, समृद्ध व्यवसायों और जीवंत समुदाय की जीवनरेखा है। लाइनमैनहमारे मूक नायक हैं, जो मौसम, आपदा या प्रतिकूल स्थिति जैसी किसी भी चुनौती का समाना करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। 4 मार्च को लाइनमैन दिवस उनके अटूट समर्पण का जश्न मनाता है और ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा, सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देता है। उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने के लिए समर्पित एक दिन, विशेष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान, उनकी सुरक्षा और कल्याण के महत्व को रेखांकित करता है। लाइनमैन दिवस समारोह के 5वें संस्करण का थीम %सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान था, जो पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों के समर्पण, सेवा और बलिदान को दर्शाता है।

राजद सत्ता में आई तो ताड़ी निकालने वालों को शराबबंदी कानून से छूट दी जाएगीः तेजस्वी

चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद कश्मीर विवाद सुलझ जाएगा: जयशंकर

● पाकिस्तान ने बेबुनियाद बताया

भाषा। लंदन-इस्लामाबाद

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि कश्मीर विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इस बीच पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में जयशंकर की टिप्पणी को बेबुनियाद बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। जयशंकर ने कश्मीर मुद्दे के समाधान के बारे में एक श्रोता के सवाल का जवाब देते हुए कहा था, कश्मीर के संबंध में, मुझे लगता है, वास्तव में हमने इसके ज्यादातर मुद्दों को हल करने की दिशा में अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-370 को हटाना पहला कदम था, कश्मीर में विकास, आर्थिक गतिविधियों और सामाजिक न्याय को बहाल करना दूसरा कदम था तथा बहुत अधिक मतदान के साथ चुनाव कराना तीसरा कदम था। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है। जब ऐसा हो जाएगा, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर मुद्दे का समाधान हो जाएगा। इस्लामाबाद में, पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की टिप्पणी को खारिज कर दिया। खान ने कहा, आजाद जम्मू-कश्मीर के बारे में बेबुनियाद दावे करने के बजाय भारत को पिछले 77 वर्षों से अपने कब्जे में रखे गए जम्मू-कश्मीर के एक बड़े क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए। भारत द्वारा पांच अगस्त, 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त कर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद भारत-पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध निचले स्तर पर चले गए थे और दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां बंद हो गई थीं। खान ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों में यह प्रावधान है कि जम्मू-कश्मीर की अंतिम स्थिति संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जनमत संग्रह के माध्यम से निर्धारित की जाएगी।

डोनाल्ड ट्रंप का बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर कदम भारत के अनुकूल

लंदन। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है जो भारत के हितों के अनुकूल है और दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते की आवश्यकता पर सहमत हुए हैं।चैथम हाउस थिंक टैंक में बुधवार शाम भारत का उदय और विश्व में भूमिका शीर्षक से आयोजित सत्र में विदेश नीति के अन्य प्रमुख मुद्दों में रूस-यूक्रेन संघर्ष में भारत की भूमिका, ब्रिक्स समूह के देशों की प्रगति और चीन के साथ संबंध आदि पर चर्चा की गई।जयशंकर ने कहा, हम उन कुछ देशों में से हैं जो रूस और यूक्रेन दोनों के साथ विभिन्न स्तरों पर नियमित रूप से बातचीत करते रहे हैं... जहां भी यह महसूस हुआ है कि भारत कुछ कर सकता है, हम हमेशा इसके बारे में खुले दिमाग से सोचते रहे हैं। हमारा लगातार यह रुख रहा है कि उन्हें सीधी बातचीत करने की जरूरत है।

दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान ने गलती से बम गिराए, आठ लोग घायल

भाषा। सियोल

दक्षिण कोरिया के दो लड़ाकू विमानों ने अमेरिकी सेना के साथ बृहस्पतिवार को संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान एक असैन्य क्षेत्र पर गलती से आठ बम गिरा दिए जिससे आठ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायु सेना ने एक बयान में बताया कि केएफ-16 लड़ाकू विमानों द्वारा गिराए गए एमके-82 बम फायरिंग रेंज (बमबारी के लिए निर्धारित क्षेत्र) के बाहर गिरे, जिससे असैन्य क्षति हुई। वायुसेना ने माफी मांगी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा व्यक्त की तथा कहा कि वह मुआवजा देगी तथा अन्य आवश्यक कदम उठाएगी। वायुसेना ने कहा कि वह दुर्घटना के कारणों की जांच करने और आम नागरिकों को हुए नुकसान का पता लगाने के लिए एक समिति गठित करेगी। उसने कहा कि लड़ाकू विमान अमेरिकी सेना के साथ एक दिवसीय गोलाबारी अभ्यास में हिस्सा ले रहे थे। एक वायुसेना अधिकारी ने स्थानीय पत्रकारों को बताया कि एक केएफ-16 के पायलट ने बमबारी स्थल के लिए गलत जानकारी डाल दी। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने भी पत्रकारों को बताया कि यह पता लगाने के लिए गहन जांच की आवश्यकता है कि दूसरे केएफ-16 विमान ने भी असैन्य क्षेत्र पर बम क्यों गिराए। यह दुर्घटना पोचियन शहर में हुई, जो उत्तर कोरिया की सीमा के करीब है। यह दुर्घटना दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाओं द्वारा अगले सोमवार को बड़े पैमाने पर वार्षिक सैन्य अभ्यास शुरू करने की घोषणा के ठीक पहले हुई। पोचियन के मेयर पेक यंग-ह्यून ने टेलीविजन पर प्रसारित संवाददाता सम्मेलन के दौरान इन बम विस्फोटों को भयानक बताया और सेना से शहर में तब तक सैन्य अभ्यास रोकने का आग्रह किया, जब तक कि वह इन प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विश्वसनीय कदम नहीं उठा लेती।

कश्मीर पर जयशंकर की टिप्पणी बेबुनियाद : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को बेबुनियाद बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि कश्मीर विवाद का समाधान कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है।खान ने कहा, हम पांच मार्च को लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के विदेश मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी को खारिज करते हैं।

अमेरिका और कनाडा के बीच निकट भविष्य में व्यापार युद्ध की आशंका : ट्रूडो

टोरंटो। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें आशंका है कि कनाडा और अमेरिका के बीच निकट भविष्य में व्यापार युद्ध होगा। उन्होंने इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत को जीवंत और रचनात्मक करार दिया। ट्रूडो ने कहा कि दोनों पक्षों ने शुल्क पर चर्चा की, और वे जारी वार्ता में सक्रिय रूप से जुड़े हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन शुल्क से कुछ क्षेत्रों और श्रमिकों को अत्यधिक नुकसान न पहुंचे।

अमेरिकी प्रयास क्षेत्रीय सुरक्षा में सुधार करेगा : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अफगानिस्तान से बचे हुए हथियार वापस ले जाने का अमेरिका का कोई भी प्रयास क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेगा। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका ने अपने कुछ हथियार अफगानिस्तान में छोड़ दिए थे और पाकिस्तान इस विचार का समर्थन करता है कि अमेरिका इन हथियारों को वापस ले जाने का प्रयास कर सकता है।

पोकेमॉन गो का फेस्टिवल ऑफ़ कलर्स मनाएगा

मुंबई। पोकेमॉन गो फ़ेस्टिवल ऑफ़कलर्स एक और संस्करण के साथ वापस आ रहा है जो भारत और दुनिया भर में गुरुवार 13 माच 2025 को सुबह 10 बजे स्थानीय समय से सोमवार 17 मार्च को रात 8 बजे स्थानीय समय तक मनाया जाएगा । फ़ेस्टिवल ऑफ़ कल र्स के साथ भारत की सड़कें जीवंत रंगों और आनंदमय उत्सवों से भर जाएंगी जहा पिकाचू को कुर्ता पेहने इस मस्ती में शामिल होते देखा जाएगा । इस साल दुनिया भर के ट्रेनरों को मज़ेदार और आकर्षक इन.गेम सुविधाओं का अनुभव करने का मौका मिलेगा। जिसमें अनोखे पोकेमॉन रेड रोमांचक इवेंट बोनस और उत्सव के जश्न शामिल हैं। घोषणा पर नियांटिक के इमर्जिंग मार्केट्स के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ ने कहा कि फेस्टिवल ऑफ कलर्स का मतलब है मिलना जुलना, यादगार लम्हे संजोना और जीवन के रंगों का जश्न मनाना . और इस साल के संस्करण के साथ हम् भारत भर के ट्रेनरों तक पहुँचाना चाहते हैं।

पॉवर और परफॉरमेंस का नया आयाम

नई दिल्ली। ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने अपनी नई टी 4 सीरीज़ का पहला स्मार्टफ ोन वीवो 4एक्स 5जी लॉन्च किया है। इसे खासतौर पर मल्टीटास्किंग और हाई.परफ ॉर्मेंस यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है। लॉन्च के मौके पर वीवो इंडियाके ऑनलाइन बिज़नेस हेड पंकज गांधी ने कहा कि हम भारत में नया वीवो 4एक्स 5जी लॉन्च करते हुए बेहद उत्साहित हैं। वीवो 4एक्स 5जी दो शानदार कलर्स. प्रोंटो पर्पल और मरीन ब्लू में उपलब्ध होगा। एचडीएफसी, एसबीआई और एक्सिस बैंक के कार्ड का उपयोग करके 1000 तक का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं।

यूक्रेन को खुफिया सैन्य जानकारी मुहैया करा रहा फ्रांस

पेरिस। अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ खुफिया सूचना साझा करने पर रोक लगाने की घोषणा किए जाने के बाद फ्रांस इस युद्धग्रस्त यूरोपीय देश को खुफिया सैन्य जानकारी उपलब्ध करा रहा है। फ्रांस के रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू ने कहा, हमारी खुफिया जानकारी संप्रभु है। हमारे पास ऐसी खुफिया जानकारी है जिसका लाभ हम यूक्रेन को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को सभी सैन्य सहायता निलंबित करने के अमेरिकी फैसले के बाद, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उनसे अमेरिकी सहायता की कमी की भरपाई के लिए विभिन्न फ्रांसीसी सहायता पैकेज में तेजी लाने के लिए कहा।

दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम 108 साल की जापानी महिला

तोक्यो। दुनिया की सबसे बुजुर्ग हज्जाम भले ही 108 साल की है लेकिन दुबली-पतली एवं सफेद बालों वाली इस जापानी महिला की तत्काल अपने काम से सेवानिवृत होने की कोई योजना नहीं है। शित्सुई हाकोइशी नामक इस बुजुर्ग महिला ने कहा कि इस सप्ताह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स द्वारा औपचारिक मान्यता मिलने से उन्हें बहुत खुशी मिली है। बुधवार को उन्हें इस अंतरराष्ट्रीय फ्रैंचाइज़ की ओर से आधिकारिक प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में पुरुष हज्जामों के लिए एक अलग श्रेणी है, लेकिन 2018 में 107 वर्ष की आयु में प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले अमेरिका के एंथनी मैनसिनेली की इस बीच मृत्यु हो गई, जिससे हाकोइशी इस रिकॉर्ड की एकमात्र धारक रह गईं। हाकोइशी नौ दशक से इस पेशे में हैं तथा उनका कहना है कि इसका श्रेय उनके ग्राहकों को जाता है। तोक्यो के उत्तर-पूर्व में तोचिगी प्रांत में अपने गृहनगर नाकागावा में एक व्यायामशाला में हाकोइशी ने कहा, मैं केवल अपने ग्राहकों की वजह से ही इस स्तर पर पहुंच पाई हूँ।

यूरोपीय संघ के नेताओं ने रक्षा और यूक्रेन सहायता पर आपातकालीन बैठक की

भाषा। ब्रसेल्स

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तहत अमेरिका के यूक्रेन का साथ रूस के साथ युद्ध में छोड़ने की आशंका के बीच, यूरोपीय संघ के नेताओं ने बृहस्पतिवार को एक आपातकालीन वार्ता की। इस वार्ता का उद्देश्य यूरोपीय देशों की सुरक्षा को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना है कि यूक्रेन अब भी उचित रूप से संरक्षित रहे।जर्मनी के संभावित अगले चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने ब्रसेल्स में नाश्ते पर कम समय सीमा में यूरोप की सुरक्षा को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। मर्ज ने इस सप्ताह रक्षा व्यय बढ़ाने के लिए ऋण लेने के देश के नियमों को ढीला करने की योजना पर जोर दिया।इस बीच, 27 देशों के इस समूह को यह खबर मिली कि फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ महाद्वीप को रूसी खतरों से बचाने के लिए फ्रांस के परमाणु निवारक का उपयोग करने की संभावना पर विचार-विमर्श करेंगे। यह सब ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से दो महीनों में हुए बड़े परिवर्तन को रेखांकित करता है, तथा इसने अमेरिका और यूरोप के बीच सहयोग की आधारशिला को तुरंत नष्ट करना शुरू कर दिया है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से पश्चिमी सुरक्षा का आधार रही थी। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा, रक्षा और निवारण पर खर्च करें, खर्च करें, खर्च करें। यही सबसे महत्वपूर्ण संदेश है। यह निर्णय यूरोप में सैन्य खर्च में दशकों से जारी गिरावट से एकदम अलग है, जहां रक्षा को अक्सर बजटीय दृष्टि से अंतिम स्थान दिया जाता था। मैक्रों ने बुधवार शाम फ्रांसीसी राष्ट्र से कहा कि समूह निर्णायक कदम आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, सदस्य देश अपने सैन्य खर्च को बढ़ाने में सक्षम होंगे और यूरोप में कुछ सबसे नवीन युद्ध सामग्री, टैंक, हथियार और उपकरण खरीदने और उत्पादन करने के लिए बड़े पैमाने पर संयुक्त वित्त पोषण प्रदान किया जाएगा। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यूरोप का भविष्य वाशिंगटन या मॉस्को में तय नहीं किया जाना चाहिए। शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को अधिकांश नेताओं से गर्मजोशी भरा स्वागत मिला।

जेलेंस्की ने कहा, मैं अपने सभी यूरोपीय नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं। युद्ध की शुरुआत से ही आपका समर्थन बहुत बढ़िया रहा। इस पूरी अवधि के दौरान और पिछले हफ्ते भी आप हमारे साथ रहे।

पोप की सेहत में सुधार, रात में अच्छी तरह सोए

रोम। पिछले तीन सप्ताह से अस्पताल में भर्ती डबल निमोनिया (गंभीर श्वसन संक्रमण) से पीड़ित पोप फ्रांसिस ने बृहस्पतिवार को आराम किया और बीती रात को उन्होंने अच्छी नींद ली। वेटिकन ने यह जानकारी दी। पोप रात में नॉन-इनवेसिव मैकेनिकल मास्क पहनकर सो रहे हैं ताकि उन्हें श्वसन संबंधी परेशानी न हो। उन्हें दिन में नाक की नली से ऑक्सीजन दी जा रही है। पोप (88) को फेफड़ों की गंभीर बीमारी है और युवावस्था में उनके एक फेफड़े का कुछ हिस्सा निकाल दिया गया था। सोमवार को दो बार उन्हें सांस संबंधी समस्या हुई थी जिसके बाद दो दिनों से उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। चिकित्कों का कहना है कि उनके स्वास्थ्य में सुधार है लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। वेटिकन ने कहा कि पोप ने बुधवार को अपने माथे पर राख लगाकर और गाजा में पैरिश पादरी को बुलाकर लेंट की शुरुआत की। श्वसन चिकित्सा में उनके अस्पताल की दिनचर्या में फिजियोथेरेपी को भी शामिल किया गया है। ईस्टर की तैयारी में धार्मिक वर्ष में लेंट एक पवित्र ईसाई धार्मिक अनुष्ठान होता है।

रोमानिया ने तख्तापलट की साजिश रचने के संदेह में छह लोगों को हिरासत में लिया

बुखारेस्ट (रोमानिया)। रोमानिया सरकार ने तख्तापलट की साजिश रचने के लिए रूस के साथ मिलीभगत करने के संदेह में छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। रोमानिया यूरोपीय संघ और नाटो का सदस्य है। इस देश की संगठित अपराध रोधी एजेंसी डीआईआईसीओटी ने बुधवार को सभी छह लोगों को एक आपराधिक समूह बनाने के आरोप में हिरासत में लिया, जिसकी स्थापना 2023 में की गई थी और उसका रूस से संबंध बताया जाता है। पुलिस ने कहा कि रोमानिया की रक्षा क्षमता को राजनीतिक तौर पर दुर्बल बनाकर उसकी संप्रभुता और स्वतंत्रता को कमजोर करने के लिए इस समूह का गठन किया गया था। इसने बताया कि रोमानियाई खुफिया सेवाओं के सहयोग से की गई जांच से पता चला है कि यह समूह कथित तौर पर वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था को हटाने, राजनीतिक दलों को भंग करने और अपने सदस्यों द्वारा गठित नई सरकार को सत्ता में लाना चाह रहा था। रोमानिया की घरेलू खुफिया एजेंसी एसआरआई ने कहा, अपने अस्थिरकारी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए इस समूह के प्रतिनिधियों ने रूसी संघ के दूतावास के अधिकारियों से सक्रिय रूप से समर्थन का अनुरोध किया। पुलिस ने बताया कि इस समूह के पास एक सैन्य-प्रकार की संरचना थी जिसका उद्देश्य नाटो से वापसी के लिए बातचीत करना तथा एक नया संविधान, देश का नया नाम, नया ध्वज और नया गान अपनाना था। रोमानिया 2004 में नाटो का सदस्य बना था।

स्वीडन के दूतावास में वॉल्वो ने बिखेरा जलवा

नई दिल्ली। वॉल्वो कार इंडिया ने लग्जरी एसयूवीएस के लिए एक नई मिसाल कायम करने वाली अपनी एक्ससी90 को लॉन्च किया। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन एलिमेंट्स वाली नई एक्ससी90 की कीमत 1,02,89,900 रुपये (एक्स-शोरूम) है, जो कई अवॉर्ड जीतने वाली और सबसे ज्यादा बिकने वाली फ्लैगशिप एसयूवी को और भी बेहतर बना देते हैं। नई दिल्ली में स्थित स्वीडन के दूतावास में लॉन्च कार्यक्रम आयोजित किया गया था, और इस अवसर पर महामहिम जॅन थेरलेफ़ तथा वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, ज्योति मल्होत्रा ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इस मौके पर वॉल्वो कार इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, ज्योति मल्होत्रा ने कहा, इस आईकॉनिक एसयूवी ने लंबे समय से हमारी कामयाबी में अहम भूमिका निभाई है और हमें नई एक्ससी90 को भारतीय बाजार में पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।卐 उन्होंने आगे कहा, 卐यह स्वीडिश लक्जरी और डिजाइन के लिहाज से सबसे उम्दा एसयूवी है, जो वॉल्वो ब्रांड की पहचान, यानी इनोवेशन और सुरक्षा को बड़े सहज तरीके से एकजुट करती है। यह वाहन बहुत अधिक आरामदेह, ज्यादा जगह वाला, बहु-उपयोगी और बेहद कुशल है। इसके बाहरी डिजाइन में नयापन है, जो आज के जमाने के अनुरूप है और सड़क पर इसकी मौजूदगी को बेहद प्रभावशाली बना देता है।

हिस्ट्री टीवी रॉकी सिंह का रोड ट्रिप करवाएगा

वाराणसी। जब वसंत विदाई ले रहा हो और गर्मी की दस्तक सुनाई दे रही हो, हिस्ट्री टीवी 18 और रॉकी सिंह रोड ट्रिप इन विथ रॉकी के नए सीज़न के साथ बिहार और उत्तर प्रदेश की एक शानदार रोड ट्रिप के लिए तैयार हैं। स्वादिष्ट व्यंजनो, खूबसूरत दृश्यों और अनोखे अनुभवों से भरपूर इस सीज़न में दर्शकों को 6 दिन का नॉन.स्टॉप मनोरंजन मिलेगा। पटना में एक दिन बिताने के बादए रॉकी पवित्र शहर वाराणसी पहुंचेंगे। जो गंगा नदी के तट पर स्थित है। यह यात्रा आध्यात्मिक होने के साथ.साथ पाक.संस्कृति का भी अद्भुत अनुभव होगी। रॉकी यहां स्वादिष्ट कचौड़ियों से लेकर चटपटी चाट और प्रसिद्ध बनारसी पान तक हर चीज़ का लुत्फउठाएंगे। रोड ट्रिप इन सीरीज़ ने सोशल मीडिया पर बड़ी सफलता हासिल की है और यह डिजिटल फर्स्ट दृष्टिकोण आधुनिक दर्शकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। अपनी अनूठी शैली हास्य और विविध अनुभवों के साथए इस सीरीज़ ने सफलता की एक अलग पहचान बनाई है। अपनी शुरुआत से अब तक रोड ट्रिप इन ने 1.5 बिलियन से अधिक इंप्रेशन लगभग 500 मिलियन वीडियो व्यूज़ और 23 राज्यों में 22,000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की है।

नादानियां का एल्बम पूरी दुनिया को झूमाएगा

मुंबई। नादानियां् का जादू सभी के सर चढ़ कर बोल रहा है। इश्क में और ग़लतफहमी [से श्रोताओं को दीवाना बनाने के बादए इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की शानदार फिल्म श्नादानियांश् अपने अगले मनमोहक साउंडट्रैक के साथ दिलों को जीत रही है जो संगीत की गहराइयों को छू रहा है। इस एल्बम को मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन.जिगर ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है जिसमें अमिताभ भट्टाचार्य के बेहतरीन गीतों का जादू शामिल है। यह साउंडट्रैक प्रेमए तड़पए उलझन और खुशी जैसे एहसासों को धुनों के तार में बड़ी खूबसूरती से पिरोता है। नादानियां का संगीत आपको अनेकों भावनाओं की गहराइयों तक ले जाएगा। जहां हर एक पल जादुई और यादगार बन जाएगा। तो तैयार हो जाइए इस सुनहरे संगीतमय सफर के लिए। 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर श्नादानियांश् की रिलीज़ का इंतजार लोगों को जितना बेकरार कर रहा ह उतना ही दर्शकों को इसके गीत मंत्रमुग्ध कर रहे है। इस फिल्म का निर्देशन शौना गौतम ने किया है जो उनकी पहली फिल्म है और इसे करण जौहरए अपूर्व मेहता और सोमें मिश्रा ने धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस किया है। भावनाओं को और गहराई देने के लिएए ग़लतफ हमी ् का एक बेहद खूबसूरत फीमेल वर्जन भी एल्बम में शामिल है। मधुबंती बागची और सचिन.जिगर की दिल छू लेने वाली आवाज़ इस गाने को और खास बनाती है जो सुनने के बाद भी दिलों दिमाग में गूंजता रहता है। इस एल्बम के लॉन्च पर बात करते हुए इब्राहिम अली खान ने कहा कि नादानियांष् एक शानदार एल्बम ह जो प्यारए उम्मीदए उलझन और दिल टूटने जैसी भावनाओं को बड़ी खूबसूरती से बयां करती है। खुशी कपूर ने कहा कि नादानियां एल्बम का हर गाना मेरे दिल के बहुत करीब है। ये गाने शूटिंग के दौरान की खूबसूरत यादों को ताजा कर देते हैं। मुझे यकीन है कि जैसे ये गाने हमारी प्लेलिस्ट में बार.बार बजते रहेए वैसे ही सबके लिए भी फेवरेट बन जाएंगे।

रूस ने जेलेंस्की के गृहनगर में दागी बैलिस्टिक मिसाइल, चार लोगों की मौत

कीव। रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में रात के समय एक होटल पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई।जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे।उन्होंने हालांकि नहीं बताया कि ए लोग उन 31 घायलों में शामिल थे या नहीं।यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्केंदर मिसाइले दागी।

यूरोग्रिप ने किया विस्तार

नोएडा। .भारत के अग्रणी टू.व्हिलर और थ्री.व्हिलर टायर ब्रांड यूरोग्रिप टायर्स ने उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अपनी पाचवे ब्रांडेड रिटेल स्टोर का अनावरण किया। भव्य समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं फ़तेहपुर के सांसद नरेश उत्तम पटेल द्वारा इस नए स्टोर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शमशाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष नदीम अहमद फ़ारूकी फर्रुखाबाद के पूर्व जिला पंचायत सदस्य रवेंद्र सिंह गंगवार उर्फ़ दद्दाऔर अन्य विशेष अतिथि मौजूद थे। स्टोर के अनावरण पर टीवीएस श्री चक्र लिमिटेड के विपणन और बिक्री विभाग के कार्यकारी उपाध्यक्षए पी माधवन ने कहा कि उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक प्रमुख और संभावनाओं से भरा हुआ बाजार है।

दुबई में रमजान के दौरान बेहतरीन इफ्तार स्पॉट

मुंबई। जैसे ही रमजान का महीना दुबई में शुरू होता हैए पूरा शहर आध्यात्मिकता और उत्सव के माहौल में डूब जाता है। यह समय एकताए आत्मचिंतन और स्वादिष्ट व्यंजनों का होता है। सूर्योदय से सूर्यास्त तक उपवास रखने की परंपरा इस पवित्र महीने को और खास बना देती हैए जिससे आभार और भाईचारे की भावना और गहरी होती है।दुबई में इफ्तार का अनुभव बेहद खास होता हैए जहां पारंपरिक संस्कृति और आधुनिकता का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। 30 मार्च तक दुबई अपने मेहमानों को रमजान के जीवंत माहौल का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है। खासतौर पर भारतीय यात्रियों के लिएए यहां पांच बेहतरीन स्पॉट ह जहां वे इस महीने शानदार इफ्तार का आनंद ले सकते हैं। दमजलिसए दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर,बाब अल शम्स का अलहदीरा,अटलांटिसए द पाम का ऐसा तीर टेंट,अरमानी रमजान नाइट्सए बुर्ज खलीफ ा,इफ्तार अंडर द डोमए एक्सपो सिटी दुबई। रमजान के इस खास महीने मेंए दुबई अपनी अतुलनीय मेहमाननवाजी और पाक.कला का बेहतरीन प्रदर्शन करता है। चाहे आप किसी विश्व.स्तरीय जगह पर शानदार इफ्तार करें या किसी पारंपरिक स्थान पर रमजान के व्यंजनों का स्वाद लेंए हर अनुभव आपको संस्कृति और परंपरा की एक खूबसूरत यात्रा पर ले जाएगा। अगर आप इस रमजान दुबई में हैं तो इनमें से किसी भी स्पॉट पर इफ्तार का आनंद लेना न भूलें! वाराणसी के घाट आपको बुला रहे हैं और हिस्ट्री टीवी 18 और रॉकी सिंह इस नए सीज़न में आपको इस पवित्र शहर की यात्रा पर ले जा रहे हैं।

बैगलाइन ने दिया उंचाई

नोएडा। रिटेल इंडस्ट्री में एक प्रतिष्ठित नाम ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लि ने लखनऊ में पहले से मौजूद 2 बैगलाइन स्टोर्स के अलावा अब 2 नए स्टोर्स खोल दिए हैं! बैगलाइनए जो कि ट्रैवल गियर हैंडबैग्स और लाइफस्टाइल एसेसरीज़ की प्रीमियम कलेक्शन का हब हैए जल्द ही लुलु मॉलए फ न रिपब्लिक फीनिक्स मार्केट सिटी और हजरतगंज में अपने अत्याधुनिक स्टोर्स लॉन्च करेगा। ये स्टोर्स लखनऊ में हाई.क्वालिटी ट्रैवल गियर की बढ़ती डिमांड को पूरा करेंगे। ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लि के को.फफाउंडर अभिनव कुमार ने कहा कि हमें बैगलाइन का एक्सपीरियंस अपने ग्राहकों के करीब लाने की खुशी है। इस शहर की समृद्ध विरासत और आधुनिक आकांक्षाएं हमारे ब्रांड की क्वालिटीए स्टाइल और इनोवेशन की प्रतिबद्धता से पूरी तरह मेल खाती हैं। इन नए स्टोर्स के साथए हमारा उद्देश्य यात्रियों और प्रोफेशनल्स को ऐसे प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराना है जो फंक्शनलिटी और एस्थेटिक्स का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत करें।

रमजान के दौरान वेस्ट बैंक में फलस्तीनियों के लिए उम्मीद की किरण बना चैरिटी किचन

तुलकारेम (वेस्ट बैंक)। युद्ध के कारण विस्थापित हुए फलस्तीनियों के लिए रमजान के दौरान यासिर अराफात चैरिटी किचन उम्मीद की किरण साबित हो रहा है, जहां तैयार किया गया खाना उन्हें इफ्तार के लिए उपलब्ध कराया जाता है। तुलकारेम शहर में स्थापित यासिर अराफात चैरिटी किचन में स्वयंसेवक खाना तैयार करते हैं और इसे प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर विस्थापित फलस्तीनियों तक पहुंचाया जाता है। यासिर अराफात चैरिटी किचन में मुफ्त में कार्य कर रहे रसोइयों को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रमजान के महीने में विस्थापित फलस्तीनियों के चेहरे पर थोड़ी खुशी लाएगी। वेस्ट बैंक पर कई सप्ताह पहले शुरू हुए इजराइली सैन्य हमले में 40,000 से अधिक लोग बेघर हो गए हैं। इजराइल का कहना है कि यह अभियान कब्जे वाले क्षेत्र में उग्रवाद को खत्म करने के लिए था, जहां अक्टूबर 2023 में गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिंसा में वृद्धि देखी गई है। इस बीच, बेघर हुए हजारों लोगों को रमजान के दौरान आवश्यक खाद्य पदार्थों के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजा रखने वालों को इफ्तार (व्रत खोलना) के वक्त अच्छा खाना मिल सके, इसके लिए यासिर अराफात चैरिटी किचन काम कर रहा है। तुलकारेम क्षेत्र के गवर्नर अब्दुल्ला कामिल ने कहा, हालात कठिन हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को यासिर अराफात चैरिटी किचन के कारण राहत महसूस हो रही है, जिसने रमजान के महीने में अपने सामान्य संचालन का विस्तार करके 700 शरणार्थियों को प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराया है।

अपने दर्द को 10 में से अंक देना क्यों मुश्किल है?

यह कितना दर्दनाक है? क्या यह बदतर हो रहा है? क्या उपचार से यह ठीक हो रहा है? रेटिंग स्केल समय के साथ दर्द की तीव्रता का पता लगाने के लिए उपयोगी हो सकते है। अगर दर्द के अंक आठ से चार हो जाते है, तो इसका मतलब है कि आप बेहतर महसूस कर रहे है - यह भी हो सकता है कि आपका चार अंक किसी अन्य व्यक्ति के चार अंक से अलग हो। शोध से पता चलता है कि क्रोनिक (पुराने) दर्द की गंभीरता में दो अंक (या 30) की कमी आमतौर पर एक ऐसे परिवर्तन को दर्शाती है जो दैनिक जीवन में अंतर लाता है।

भाषा। सिडनी

मेरी पांच वर्ष की बेटी (जोश) के हाथ की हड्डी टूट गई और वह कराहते हुए अस्पताल

भारतीय टीम के खेवनहार बने अक्षर पटेल

● सीमित ओवरों के प्रारूप में बिखेरा जलवा

भाषा। दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बीच में जब केन विलियमसन खड़े थे तब अक्षर पटेल ने इस स्टार बल्लेबाज का विकेट लेकर फिर से साबित किया कि वह भारतीय टीम के नए खेवनहार हैं। न्यूजीलैंड के सामने तब 250 रन का लक्ष्य था और विलियमसन 81 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर आगे बढ़कर लंबा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद ने उन्हें गच्चा दिया और बाकी काम विकेटकीपर केएल राहुल ने पूरा कर दिया।अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था। इस पर हालांकि किसी का बहुत ध्यान नहीं गया क्योंकि इसी मैच में उनके साथी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर सबका ध्यान खींच दिया था।एक समय माना जाता था कि रविंद्र जडेजा जैसी समानता रखने के कारण अक्षर को अधिक मौके नहीं मिलेंगे। यह भी सच है कि उन्हें अपने इस सीनियर साथी की छाया से बाहर निकालने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाने के लिए 2022 से अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और टीम प्रबंधन ने जब उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा तो वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरे। इससे पहले अक्षर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में नाबाद 64 रन की पारी खेल कर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का संकेत दिया था।अक्षर ने कहा, वेस्टइंडीज के खिलाफ उस मैच के बाद मुझे लगने लगा कि मैं मैच का अच्छी तरह से समापन कर सकता हूं। मुझे जब वह आत्मविश्वास मिला तो फिर मैंने इस बारे में ज्यादा सोचना बंद कर दिया कि मुझे अपनी बल्लेबाजी को लेकर किसी के सामने कुछ साबित करना है। अनुभवी राहुल की जगह अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का टीम प्रबंधन का फैसला जोखिम भरा था लेकिन उन्हें इस ऑलराउंडर पर पूरा भरोसा था। अक्षर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले गए दूसरे वनडे मैच से नियमित रूप से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ही 44 रन बनाकर जतला दिया था कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं।अक्षर ने इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन बनाए हैं। यह आंकड़े भले ही आकर्षक नहीं हों लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में यह जिम्मेदारी संभाली। इससे भारत को मध्यक्रम में दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाज का संयोजन तैयार करने में भी मदद मिली। राहुल के पहली पसंद का विकेटकीपर होने के कारण ऋषभ पंत के नहीं खेलने से भारत के लिए यह संयोजन बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ।भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस बात से खुश है कि उन्होंने अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का जो जुआ खेला था वह सही साबित हुआ।

दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा: रविंद्र

लाहौर। न्यूजीलैंड के आक्रमक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी मे दुबई मे केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान मे खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर मे खेले थे।दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई मे खेले और वह वहां की परिस्थितियो से अच्छी तरह वाकिफ है।रविंद्र ने कहा, हम दुबई की पिच के बारे मे बहुत अधिक नही जानते। हमने भारत के खिलाफ वहां एक मैच खेला और तब गेद काफी टर्न ले रही जबकि एक अन्य मैच मे हमने देखा कि गेद बहुत अधिक टर्न नही कर रही थी। हमने परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर उसी की तरह अपना खेल खेला और रविवार को हमे फिर से ऐसा करना होगा। उन्होने बुधवार को न्यूजीलैंड की दूसरे सेमीफाइनल मे दक्षिण अफ्रीका पर 50 रन की जीत के बाद कहा, हम अगले दो दिन इस पर गौर करेंगे और उम्मीद है कि वहां क्रिकेट के लिए अच्छा विकेट होगा। रविंद्र भले ही टूर्नामेंट मे अब तक दो शतक लगा चुके है लेकिन भारत के खिलाफ दुबई मे खेले गए लीग चरण के मैच मे वह केवल छह रन बनाकर हार्दिक पंड्या की गेद पर अपर कट लगाने के प्रयास मे आउट हो गए थे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को हालांकि फाइनल मे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

भारत के पास दुबई की परिस्थितियों को लेकर वास्तविक स्पष्टता: विलियमसन

लाहौर। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन का मानना है कि भारत के पास चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी मैच दुबई मे खेलने के कारण वहां की परिस्थितियो को लेकर वास्तविक स्पष्टता है लेकिन साथ ही कहा कि उनकी टीम रविवार को होने वाले फाइनल के लिए पूरी तरह से तैयार है।विलियमसन ने सीधे तौर पर यह नही कहा कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा मिल रहा है। इसके बजाय उन्होने इसकी तुलना और न्यूजीलैंड की लाहौर की परिस्थितियो की अच्छी समझ से की। न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल मे दक्षिण अफ्रीका को हराकर फाइनल मे प्रवेश किया।विलियमसन से जब पूछा गया कि क्या भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा मिलेगा, उन्होने कहा, मुझे लगता है कि जब आप कई मैच एक ही स्थान पर खेलते है तो चीजो को कैसे आगे बढ़ाना है इसको लेकर आपके पास वास्तविक स्पष्टता होती है। उन्होने कहा, जिस तरह से हमे यहां मौका मिला। हमने भी इस स्थान पर कई मैच खेले और मुझे लगता है कि यह क्रिकेट का हिस्सा है। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर मे खेले थे।दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल मे शतक लगाने के बाद विलियमसन आत्मविश्वास से भरे हुए है और उनकी निगाहे अब फाइनल पर टिक गई है।

केर की गेंदबाजी व बल्लेबाजों के दम से मुंबई की जीत

● वॉल का अर्धशतक बेकार, यूपी वारियर्स को छह विकेट से हराया

लखनऊ। मुंबई इंडियस ने अमेलिया केर (38 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम व बल्लेबाजों के बेहतरीन रनों कमी मदद से यूपी वारियर्स को 6 विकेट से हरा दिया। यूपी के 150 रन का पीछा करते उतरी मुंबई की टीम ने मात्र विकट खोकर 18.3 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल (55 रन) के अर्धशतक की बदौलत शानदार शुरूआत करने वाली यूपी वारियर्स के सामने बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 150 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद यूपी वारियर्स ने जॉर्जिया (33 गेंद,12 चौके) और सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस (28 रन, तीन चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट के लिए 7.5 ओवर में 74 रन की भागीदारी से अच्छी शुरूआत की। पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने से उसके लिए फिर कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। अपना दूसरा ही डब्ल्यूपीएल मैच खेल रही जॉर्जिया ने केर पर लगातार तीन चौके जड़ डाले। हेली मैथ्यूज ने हैरिस को आउट करके नियमित अंतराल पर विकेट लेने की शुरूआत की। फिर मुंबई इंडियंस ने 14 गेंद के अंदर तीन विकेट झटक लिए। केर मुंबई इंडियंस की सबसे सफल गेंदबाज रही, उन्होंने अपनी रॉंग उन गेंद पर किरण नवगिरे के रूप में पहला विकेट झटका। यूपी वारियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा एक छोर पर डटी रहीं लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे। उन्होंने 25 गेंद में दो चौके से नाबाद 27 रन का योगदान दिया। सोफी एक्लेस्टोन ने निचले क्रम में 11 गेंद में तीन चौके से 16 रन बनाए। केर ने अंतिम ओवर में दो विकेट चटकाए और अपने चार ओवर में 38 रन देकर पांच खिलाड़ियों को पवेलियन भेजकर करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। यह उनका डब्ल्यूपीएल में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मैथ्यूज ने 25 रन देकर दो विकेट हासिल किए। नैट साइवर ब्रंट ने जॉजिया को अपना शिकार बनाया और परूणिका सिसोदिया को एक एक विकेट मिला। यूपी वारियर्स ने अंतिम 12.1 ओवर में महज 76 रन पर नौ विकेट गंवाए।

जील ने अंकिता को हराकर उलटफेर किया

गुरुग्राम। जील देसाई ने बृहस्पतिवार को यहां आईटीएफ डब्ल्यू35 अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट मे हमवतन और भारत की नंबर एक खिलाड़ी अंकिता रैना को तीन सेट चले कड़े मुकाबले मे हराकर उलटफेर किया जबकि वैदेही चौधरी भी क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाने मे सफल रही।जील ने एशियाई खेल 2018 की कांस्य पदक विजेता अंकिता को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया जबकि वैदेही ने हमवतन सहजा यमलापल्ली को 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर अंतिम आठ मे प्रवेश किया।युगल मे श्रीवल्ली रश्मिका और वैदेही की जोड़ी ने जर्मनी की एंटोनिया स्मिट और बेल्जियम की क्लारा क्लासेलायर की जोड़ी को सीधे सेट मे 6-3, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल मे जगह बनाई।

इशप्रीत, फैजल सीसीआई स्नूकर के क्वार्टर फाइनल में

मुंबई। पूर्व राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियन इशप्रीत सिंह चड्ढा और फैजल खान ने बृहस्पतिवार को यहां अपने मुकाबले जीतकर सीसीआई स्नूकर क्लासिक अखिल भारतीय टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मे जगह बनाई। चड्ढा ने राउंड ऑफ 16 मुकाबले मे रयान रज्जी पर 4-1 (72-26, 91-11, 7-66, 58-17, 67-42) से जीत दर्ज की। रेलवे के फैजल ने पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के तीसरे नंबर के खिलाड़ी पीएसपीबी के आदित्य मेहता को 4-1 (89-32, (84-35, 67-39, 48-62, 66-53) से हराया। रेलवे के कमल चावला ने लगातार तीन फ्रेम जीतकर पीएसपीबी के लक्ष्मण रावत को 32वे राउंड के मुकाबले मे 4-2 (57-61, 82-13, 24-64, 77-25, 71-37, 101-0) से मात दी।

झारखंड, तेलंगाना व बंगाल राष्ट्रीय महिला हॉकी में जीते

पंचकूला। झारखंड, तेलंगाना और बंगाल ने बृहस्पतिवार को यहां महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप मे अपने मुकाबले जीते। दन के पहले मैच मे तेलंगाना ने कोमल गुर्जर (12वे, 50वे और 55वे मिनट) की हैट्रिक की बदौलत बिहार को 5-2 से हराया। दिन के दूसरे मैच मे बंगाल ने मध्य प्रदेश को 2-1 से हराया।डिवीजन ए मैच मे झारखंड ने मिजोरम को 3-1 से शिकस्त दी। डिवीजन ए के दिन के अन्य मुकाबलो मे महाराष्ट्र की भिड़ंत मणिपुर से होगी जबकि हरियाणा का सामना ओडिशा से होगा।

भारत श्रीलंका में वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगा

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमे मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत मे भारत मे होने वाले 50 ओवरो के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम : 27 अप्रैल: भारत बनाम श्रीलंका, 29 अप्रैल: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका, एक मई: श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीकाचार मई: भारत बनाम श्रीलंका,छह मई: भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका,आठ मई: श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका,11 मई: फाइनल।

ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी स्टोल का निधन

मेलबर्न। दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल विजेता और ऑस्ट्रेलिया की तीन बार डेविस कप जीतने वाली टीमो का हिस्सा रहे फ्रेड स्टोल का निधन हो गया है। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

मिलर का चैंपियन्स ट्रॉफी कार्यक्रम पर सवाल

● फाइनल में न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद जताई

भाषा। लाहौर

पाकिस्तान और दुबई के बीच दो बार यात्रा करने के कारण चैंपियन्स ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के कार्यक्रम से निराश दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर अब भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड की जीत की उम्मीद कर रहे हैं। मिलर ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के दौरान शानदार शतक जड़ा था। ईएसपीएनक्रिकइंफो ने मिलर के हवाले से कहा, मैं आपके साथ ईमानदारी बरतूंगा। मुझे लगता है कि मैं न्यूजीलैंड का समर्थन करूंगा। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक दुबई में डेरा डालना पड़ा।दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रहा था और भारत के ग्रुप ए में चोटी पर रहने के कारण उसे सेमीफाइनल खेलने के लिए वापस पाकिस्तान लौटना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की 50 रन की हार के दौरान शतक जड़ने वाले मिलर ने कहा कि कार्यक्रम आदर्श नहीं है।मिलर ने कहा, यह भले ही एक घंटे और 40 मिनट की उड़ान है लेकिन कहने का मतलब यह है कि हमें ऐसा करना पड़ा। मैच के तुरंत बाद अगली सुबह हमें तड़के विमान पकड़ना पड़ा ताकि हम सही समय पर दुबई पहुंच सके। उन्होंने कहा, और सुबह 7.30 बजे हमें वापस आना पड़ा।

पहलवानों का चयन करने वाली कोई संस्था नही, इससे ज्यादा दुख की बात नही हो सकती: दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए पहलवानों का चयन करने वाली सक्षम संस्था के अभाव में स्थिति इससे ज्यादा दुखदाई नहीं हो सकती।मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि विश्व कुश्ती संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए केवल स्वयं से मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) जैसी राष्ट्रीय संस्था द्वारा चुने गए खिलाड़ियों को ही स्वीकार करती है। हालांकि पीठ ने पाया कि ना तो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने महासंघ के मामलों के संचालन के लिए तदर्थ समिति को बहाल किया और ना ही केंद्र ने पिछले साल के उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश के अनुसार महासंघ के निलंबन को जारी रखने को लेकर कोई निर्णय लिया।अदालत पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर पारित एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ डब्ल्यूएफआई की अपील पर सुनवाई कर रही है।पीठ ने कहा, तदर्थ समिति की बहाली ना होने तथा आज की तारीख में निलंबन आदेश के अस्तित्व में होने के कारण कोई सक्षम संस्था नहीं है जिसे टीम के चयन का कार्य सौंपा जा सके जिससे कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पहलवानों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जहां तक खेल और खिलाड़ियों के हित का सवाल है,।

क्विक न्यूज

प्राग मास्टर्स: गिरी को हराकर अरविंद की एक्ल बढ़त

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने यहां चल रहे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवे दौर मे काले मोहरो से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को हराकर एक्ल बढ़त हासिल कर ली। अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई ई के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात मे से अपने अंको की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञाननंदा से आधे अंक की बढ़त पर है। अब जबकि केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनो ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। एक अन्य मुकाबले मे तुर्किए के 16 वर्षीय गुरेल एडिज़ ने चेक गणराज्य के गुएन थाई दाई वान को पराजित किया जबकि चेक गणराज्य के ही डेविड नवारा ने जर्मनी के विसेट वीमर के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है जबकि प्रज्ञाननंदा 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। उनके बाद वेई ई, एडिज़, वीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक है। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर है।अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वी चाल मे अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर मे 39वी चाल मे जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक मे अपना नाम लिखवाया।अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग मे 14वे स्थान पर पहुंच गए है। इस तरह से लाइव रेटिंग मे शीर्ष 15 मे अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए है।

पोको में गेम्स देखना लोगों को लुभा रहा

नई दिल्ली। भारत का प्रमुख परफॉर्मेंस के दम पर चलने वाला स्मार्टफोन ब्रांड, पोको अपने नए पोको एम7 5जी के लॉन्च के साथ एक बार फिर बजट सेगमेंट में हलचल मचा रहा है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कम कीमत में ज्यादा खूबियां चाहते हैं। टीयूवी रेनलैंड ट्रिपल आई प्रोटेक्शन के साथ कैटेगरी में 6.88 इंच का सबसे बड़ा डिस्प्ले है, जिससे फिल्में, रील्स और गेम्स देखने का अनुभव बहुत अच्छा हो जाता है। पोको एम7 5जी सिर्फ 9999 की अविश्वसनीय कीमत पर मिलेगा और यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा 6.88 इंच का डिस्प्ले और 120एचजेड5 का अल्ट्रा-स्मूथ एडाप्टिव रिफ्रेश रेट देने वाला एकमात्र स्मार्टफोन है। चाहे आप लगातार बिंज वॉच करें, गेम खेलें या स्क्रॉल करते रहें, पोको एम7 5जी एक शानदार और आंखों को आराम देने वाला अनुभव प्रदान करेगा। इस लॉन्च के अवसर पर, पोको इंडिया के कंट्री हेड, हिमांशु टंडन ने कहा, ‘भारत का स्मार्टफोन बाजार तेजी से बदल रहा है, और आज के जमाने के यूजर्स बिना समझौता किए अधिक मूल्य की अपेक्षा करते हैं। हम नए जमाने के भारतीय उपभोक्ता के लिए बजट स्मार्टफोन के अनुभव को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

टोयोटा देगा रफ्तार को रोमांच

बरेली। शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4गुणा4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिज़ाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। लेजेंडर 4गुणा4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं।6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन सुस्पष्टता बढ़ाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उत्साही लोग चुनौतीपूर्ण इलाकों में आसानी से नेविगेट कर सकते हैं और सहज गियर शिफ्ट के रोमांच का आनंद ले सकते हैं।सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष, वरिंदर वाधवा ने कहा, ‘हम टोयोटा लेजेंडर के नए ग्रेड का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। इसे हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती मांगों और प्राथमिकताओं के जवाब में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। एमटी वैरिएंट में इसे नया शामिल किया जाना न सिर्फ लेजेंडर की अपील को और बढ़ाएगा, बल्कि आज के ग्राहक की गतिशील जरूरतों को पूरा करने वाले बहुमुखी समाधान प्रदान करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा।

पाक के बल्लेबाज सऊद शकील को टाइम आउट दिया गया

रावलपिंडी। भारत के खिलाफ हाल मे चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले मे अर्धशतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील को यहां प्रेजीडेंट्स कप प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान अपनी बल्लेबाजी का इंतजार करते हुए कथित तौर पर सोने के कारण टाइम आउट करार दिया गया। शकील टाइम आउट करार दिए जाने वाले कुल सातवे और पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के पहले बल्लेबाज है। यह मैच मंगलवार रात स्टेट बैंक और पीटीवी के बीच खेला गया।रमजान के कारण पूरा मैच दूधिया रोशनी मे खेला गया। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से रात ढाई बजे तक खेला जाना था। पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेट मे पहली बार कोई मैच इस समय पर खेला गया।शकील फाइनल मे स्टेट बैंक की ओर से खेल रहे थे और अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे जब तेज गेदबाज मुहम्मद शहजाद ने उमर अमीन और फवाद आलम को लगातार गेदो पर आउट कर दिया।

देवांश भटनागर शीर्ष पर रहते हुए नाकआउट में, लखनऊ के सुमिते प्रियांशु व विक्की भी क्वालीफाई

लखनऊ। नोएडा के देवांश भटनागर ने उत्तर प्रदेश राज्य रैंकिंग टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट.2025 में शीर्ष पर काबिज रहते हुए नाकआउट के लिए क्वालीफाई कर लिया। इसी के साथ दूसरे दिन दूसरे राउंड के मुकाबलों के बाद नाकआउट में जगह बनाने वाले शीर्ष आठ खिलाड़ियों में लखनऊ के सुमित वैश्य, प्रियांशु यादव व विक्की वर्मा भी रहे। उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन-यूपीटीबीए के तत्वावधान में लखनऊ के लुलू मॉल स्थित फंटुरा बॉलिंग सेंटर में आयोजित टूर्नामेंट के दूसरे दिन नोएडा के देवांश भटनागर ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए कुल 2173 पिनफॉल के चलते 181ण्08 स्कोर के औसत के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी। वहीं कानपुर के पदम वर्धन ने शानदार खेल दिखाया और कुल 2142 पिनफॉल के साथ औसत 178ण्5 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले राउंड में पहुंचे। इसी के साथ लखनऊ के सुमित वैश्य तीसरे स्थान पर खिसक गएए जिन्होंने 2082 पिनफॉल के चलते औसत 173ण्5 स्कोर अर्जित किया। लखनऊ के ही प्रियांशु यादव ने 1943 पिनफॉल के चलते औसत 161ण्91 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया।

गुजरात जायंट्स की निगाहें दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ पर

लखनऊ । लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट से और यूपी वॉरियर्स के खिलाफ 81 रन से) ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। गुजरात जायंट्स के छह मैच में छह अंक हैं और उसके पास दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत से आगे बढ़ने का बेहतरीन मौका होगा जो 10 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर काबिज है। दिल्ली कैपिटल्स पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। वह जीत दर्ज कर अपने अंक 12 तक ले जाने के अलावा फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अपने नेट रन रेट को भी बेहतर करना चाहेगी। गुजरात जायंट्स के लिए आखिरकार चीजें सही हो रही हैं जिसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सभी मुश्किलों के बावजूद कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में जीत दर्ज

खिलाड़ियों के लिए एक समान चयन नीति और शिकायत निवारण प्रणाली हो : खेल मंत्रालय

नई दिल्ली। जवाबदेही और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के लिए अपनी चयन नीतियों का मानकीकरण करना, खिलाड़ियों को ट्रायल्स के बारे में कम से कम 15 दिन पहले सूचित करना और अन्याय की भावना के कारण होने वाले मुकदमों में कमी लाने के लिए शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करना अनिवार्य कर दिया है। चयन मामलों पर निर्देश तब आए हैं जब खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राष्ट्रीय महासंघों को स्पष्ट कर दिया था कि वह चाहते हैं कि एनएसएफ खिलाड़ियों के साथ कानूनी टकराव से बचें जैसा कि हाल के दिनों में कुश्ती, निशानेबाजी और कुछ शीतकालीन खेलों की प्रतियोगिताओं में देखा गया है। पीटीआई के पास मौजूद यह सर्कुलर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए),भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) को भेजा गया है।नए निर्देशों के अनुसार एनएसएफ को अपनी वेबसाइट पर चयन नीतियों की जानकारी देना अनिवार्य है और इसमें संशोधन तभी संभव है जबकि प्रतियोगिता के आयोजन में कम से कम तीन महीने का समय हो।

भारत की ओलंपिक तैयारियों की अध्यक्षता करेंगे खेल मंत्री

हैदराबाद। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भारत की ओलंपिक तैयारियो के लिए विचारो का आदान-प्रदान करने और एक खाका तैयार करने लिए यहां विभिन्न राज्यो के खेल मंत्रियो, वरिष्ठ प्रशासको और प्रमुख सरकारी अधिकारियो के साथ दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।इस बैठक का आयोजन सात और आठ मार्च को शहर के कान्हा शांति वनम मे किया जाएगा। भारत 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक मे दोहरे अंक मे पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी बोली लगा रहा है।

तेंदुलकर का अर्धशतक बेकार गया, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

वडोदरा। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया। तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम के कप्तान तेंदुलकर ने अपनी टीम के लिए अकेले संघर्ष किया और विकेट के दोनों ओर शानदार शॉट लगाए लेकिन उनका ही प्रयास काफी नहीं था।

यूपी वॉरियर्स की सीनियर खिलाड़ियों विशेष प्रशिक्षण लेंगी यूपी की बेटियां

● आशीर्वाद और यूपी वॉरियर्स ने लखनऊ में चार कदम आगे क्रिकेट कैंप के ग्रैंड फिनाले का उत्सव मनाया

लखनऊ। आईटीसी आशीर्वाद ने यूपी वॉरियर्स के सहयोग से लखनऊ में चार कदम आगे क्रिकेट कैंप् का सफलतापूर्वक आयोजन किया। उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली युवा महिला क्रिकेटरों के नाम की घोषणा के साथ हुआ। ये चयनित लड़कियां अब यूपी वॉरियर्स की सीनियर खिलाड़ियों के साथ विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। पिछले एक महीने मेंए आशीर्वाद और यूपी वॉरियर्स की टीम ने 10 से 16 वर्ष आयु की युवा महिला क्रिकेटरों को पेशेवर कोचिंग दी। इस पहल ने न केवल युवा लड़कियों के भितर छिपी क्रिकेट प्रतिभा को निखारा, बल्कि खेल के प्रति दिलचस्पी रखने वाली लड़कियों में आत्मविश्वास भी पैदा किया। यह अनूठी पहल महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास के प्रति आशीर्वाद की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लखनऊ में आयोजित ग्रैंड फिनाले समारोह में 11 जिलों लखनऊ,कानपुर, आगरा, वाराणसी, नोएडा, मेरठ, बरेली, फिरोजाबाद, गोरखपुर, झांसी और सहारनपुरद्ध में से दो-दो स